3 राजधानी
फैक्ट्री से 18 नाबालिग बच्चों को बचाया गया

6 अभिमत
जापान की नई रक्षा रणनीति

11 विदेश
मुर्मू को फिजी का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार

12 स्पोर्ट्स
स्पिनरों पर हावी होना होगा भारत को

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 269
नई दिल्ली, बुधवार, 7 अगस्त, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दुनिया को हिंदुओं की ताकत दिखाने के लिए एकजुट रहना होगा

राष्ट्रीय-10

# हिंसाग्रस्त पड़ोसी बांग्लादेश पर भारत की करीबी नजर



संसद में बोलते विदेश मंत्री एस. जयशंकर



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रधानमंत्री आवास के आसपास भारी संख्या में जुटे लोग।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**बांग्लादेश** के हालात बेहद खराब हैं। शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर वतन बदर हो चुकी हैं और अब भारत में शरणा ली हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत की बांग्लादेश के हालात पर पैनी नजर है। वहां हुए राजनीतिक उठापटक के एक दिन बाद सरकार ने संसद को बताया कि वह पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के संबंध में स्थिति पर नजर रख रही है और भारतीय उच्चायोग के माध्यम से वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में है। सरकार ने सांसदों को हसीना बहुत कम समय के नोटिस पर फिलहाल भारत आने के अनुरोध के बारे में भी अवगत कराया। बांग्लादेश में उथल-पुथल के भारत पर संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी ताजा हालात सर्वदलीय बैठक की। उन्होंने वहां अशांति में विदेशी सरकार की भूमिका से भी इनकार नहीं किया। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बांग्लादेश में तेजी से बदल रही स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बलों की तैयारियों का भी जायजा लिया। डोभाल ने सोमवार को हिंडन एयरबेस पर हसीना से मुलाकात की थी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में दिए गए अपने बयान में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बहुत कम समय में भारत आने के अनुरोध के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत ने पड़ोसी देश में इस जटिल और अभी भी लगातार बदल रहे हालात को देखते हुए अपने सीमा सुरक्षा बलों को विशेष रूप से सतर्क रहने का निर्देश दिया है। जयशंकर ने कहा, अनुमान है कि वहां 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से लगभग 10,000 छात्र हैं। हालांकि, अधिकांश छात्र जुलाई में ही भारत लौट आए हैं। घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, 5 अगस्त को कर्फ्यू के बावजूद प्रदर्शनकारी ढाका में एकत्र हुए। मंत्री ने कहा कि उनकी समझ यह है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान के नेताओं के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्पष्ट रूप से इस्तीफा देने का फैसला किया। बहुत कम समय में उन्होंने भारत आने के लिए मंजूरी मांगी। बांग्लादेश के अधिकारियों से उड़ान की मंजूरी के लिए एक अनुरोध भी मिला। वह कल शाम दिल्ली पहुंचीं। जयशंकर ने कहा, सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने 5 अगस्त को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने जिम्मेदारी संभालने और अंतरिम सरकार के गठन के बारे में बात की। वह अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क में हैं। भारत अल्पसंख्यकों की स्थिति के संबंध में स्थिति की निगरानी भी कर रहा है। ( शेष पृष्ठ 9 )

## अभी लंदन नहीं जाएंगी शेख हसीना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के लंदन जाने की योजना कुछ अनिश्चितताओं के कारण अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब ब्रिटेन सरकार ने संकेत दिया है कि उन्हें उनके देश में हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर किसी भी संभावित जांच के खिलाफ ब्रिटेन में कानूनी सुरक्षा नहीं मिल सकती है। ऐसे में हसीना की लंदन यात्रा की योजना कुछ अनिश्चितताओं ( शेष पृष्ठ 9 )

## अंतरिम सरकार के गठन की तैयारी में पड़ोसी देश

**एजेंसी।** ढाका



**बांग्लादेश** के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बीच, प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफा देने और देश छोड़ने के एक दिन बाद मंगलवार को संसद भंग कर दी। बंगभवन (राष्ट्रपति भवन) के एक प्रवक्ता ने बताया, राष्ट्रपति ने एक शासकीय आदेश के तहत मौजूदा संसद को भंग कर दिया है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान में कहा गया, संसद को भंग करने का निर्णय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और आंदोलन कर रहे छात्रों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति की चर्चा के बाद लिया गया।

अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को बाद में एक पूर्ण अंतरिम सरकार की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसद को भंग करने के राष्ट्रपति के कदम ने नए सिरे से आम चुनाव कराने का रास्ता साफ कर दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया (79) को नजरबंदी से रिहा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से अबतक गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और कई लोगों को पहले ही रिहा किया जा चुका है। स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के नेताओं ने मंगलवार को कहा कि वे नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस को देश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाना चाहते हैं। आंदोलन के प्रमुख समन्वयकों में से एक नाहिद इस्लाम ने मंगलवार सुबह सोशल मीडिया पर साझा ( शेष पृष्ठ 9 )



## भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी अस्पताल में भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को मंगलवार को दिल्ली के एक प्रमुख निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आडवाणी की हालत स्थिर है। अस्पताल के एक सूत्र बताया कि आडवाणी (96) को आज यहां अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया।जुलाई के पहले हफ्ते में भी, आडवाणी को इस अस्पताल में भर्ती किया गया था और दो दिन चिकित्सकीय देखरेख में रखने के बाद (अस्पताल से) छुट्टी दे दी गई थी। उन्हें न्यूरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में रखा गया था। इससे पहले, आडवाणी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती किया गया था और वहां रातभर रखने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।


# नीरज भाला फेंक के फाइनल में



भारत के नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पुरुष भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेते हुए

**भाषा।** पेरिस

**गत चैंपियन** भारत के नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर के थ्रो के साथ पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई लेकिन किशोर जेना बाहर हो गए। ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में सबसे पहले थ्रो करने उतरे नीरज ने 89.34 मीटर से सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में भी अपने पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया था। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया और इस तरह एडक्टर की चोट से जुड़ी चिंताओं को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। यह नीरज के करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। इस गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ तोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था जबकि उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में स्टॉकहोम डाइमंड लीग में रजत पदक जीतने के दौरान किया था। यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। ग्रुप बी से ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (88.63 मीटर), राष्ट्रमंडल खेलों ( शेष पृष्ठ 9 )



## ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनी विनेश फोगाट

**पेरिस ( भाषा )।** विनेश फोगाट ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बन गई जिन्होंने क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5 - 0 से हराकर पेरिस ओलंपिक में महिला कुश्ती स्पर्धा के 50 किलोवर्ग में स्वर्ण पदक जीतने की ओर कदम रख दिया। इससे पहले उन्होंने बड़ा उलटफेर करते हुए अब तक अपराजेय मौजूदा चैम्पियन युई सुसाकी को शिकस्त देने के बाद ( शेष पृष्ठ 9 )


# अवैध प्रवासी मणिपुर की जनता के लिए बड़ा खतरा : मुख्यमंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** इंफाल

**मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने मंगलवार को अवैध आव्रजन को राज्य के मूल निवासियों के लिए गंभीर खतरा बताते हुए जोर देकर कहा कि वर्ष 1961 के बाद राज्य में प्रवेश करने वाले लोगों को केंद्र सरकार की मदद से निर्वासित किया जाना चाहिए। विधानसभा में नागा पीपुल्स फ्रंट के विधायक लीशियो कीशिंग के प्रश्न के उत्तर में सिंह ने स्थिति को चिंताजनक बताया तथा अवैध आव्रजन से निपटने में एकजुटता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, यह एक चिंताजनक स्थिति है। अवैध आव्रजन के कारण जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुए हैं, लेकिन कुछ वर्ग इस पर विश्वास नहीं करते। एकजुटता के बिना इस मुद्दे से निपटना संभव नहीं है। सिंह ने कहा कि राज्य की म्यांमार के साथ 398 किलोमीटर लंबी असुरक्षित अंतरराष्ट्रीय सीमा है, जिससे अवैध प्रवासियों का पता लगाना मुश्किल हो जाता है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अवैध प्रवासियों ने नए गांव बसाए हैं तथा म्यांमार स्थित पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) के साथ स्थानीय संघर्ष के कारण कुछ क्षेत्र पहुंच से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि अवैध प्रवासियों को शरण देने वाले किसी भी व्यक्ति को नए आदेशों के तहत दंड का सामना करना पड़ेगा। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि वर्ष 1961 से पहले आए लोगों को स्वदेशी माना जाता है, लेकिन राज्य के भविष्य की रक्षा के लिए इसके बाद आए लोगों को निर्वासित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जो लोग 1961 से पहले राज्य में आए वे स्थायी नागरिक हैं, लेकिन जो लोग बाद में आए उन्हें केंद्र सरकार की सहायता से निर्वासित किया जाना चाहिए। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बांग्लादेश में हिंदुओं और मंदिरों पर कथित हमलों का मुद्दा उठाया और कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति सीएए की आवश्यकता के महत्व को उजागर करती है।



## मथुरा विवाद में हिंदुओं ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की कैविएट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मथुरा कृष्ण** जन्मभूमि-ईदगाह विवाद मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर किया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कैविएट दायर करने के बाद कहा है कि अगर मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट में आ तो हिन्दू पक्ष को सुने बिना सुप्रीम कोर्ट एकतरफ़ा आदेश ना दें। बता दें कि श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़ी सभी 18 याचिकाओं को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई योग्य नही माना था। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल 18 याचिकाओं में मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को श्री कृष्ण जन्म स्थान बताकर उसे हिंदुओ को सौंपे जाने की मांग की गई है। विवादित परिसर में हिंदुओं को पूजा अर्चना की अनुमति दिए जाने की मांग की गई थी। विवादित परिसर का अयोध्या के राम मंदिर और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर सर्वेक्षण कराये जाने की मांग की गई है। बता दें कि इस विवाद की शुरुआत हिंदू पक्ष की ओर से दायर मूल मुकदमे से हुई, जिसमें दावा किया गया कि मथुरा शाही ईदगाह मस्जिद कृष्ण जन्मभूमि पर बनाई गई थी। सभी 18 मुकदमों में एक ही प्रार्थना है जिसमें मथुरा में कटरा केशव देव मंदिर के साथ 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई। दावा किया गया कि इस दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए कई संकेत थे कि शाही-ईदगाह मस्जिद वास्तव में एक हिंदू मंदिर है। पिछले साल 14 दिसंबर को हाइकोर्ट ने हिंदू देवता भगवान श्री कृष्ण विराजमान और 7 अन्य हिंदू पक्षों की ओर से शाही ईदगाह मस्जिद के निरीक्षण के लिए कोर्ट कमिश्नर बाकी नियुक्ति के लिए दायर अर्जी को स्वीकार कर लिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्देश पर रोक लगा दी थी। इस मामले की कार्यवाही 2023 में ट्रायल कोर्ट से हाई कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई। अदालत ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया था कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और उससे सटी मस्जिद के विवाद से संबंधित हिंदू पक्षकारों द्वारा दायर मुकदमे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं, और इसलिए ए सुनवाई योग्य नहीं हैं।

# राजधानी में बिजली हादसों के पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली विद्युत** विनियामक आयोग ने पहली बार विद्युत दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजा विनियम, 2024 जारी किया है, जिसके तहत शहर में बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं के कारण मौत होने पर 7.5 लाख रुपये और 60 प्रतिशत से अधिक विकलांगता पर पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता का रास्ता साफ हो गया है। इस नियम के तहत मौत होने, लोगों के घायल होने के साथ-साथ दुधारू और भारवाहक पशुओं, पक्षियों और मुर्गियों के नुकसान के लिए मुआवजे की एक सीमा निर्धारित की गई है। यदि बिजली से संबंधित दुर्घटना में किसी व्यक्ति को 40-60 प्रतिशत चोट लगती है, तो उसे मुआवजे के रूप में एक लाख रुपये, एक सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने पर 25,000 रुपये और एक सप्ताह से कम समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की स्थिति में 10,000 रुपये मिलेंगे, ऐसा नियम के तह निर्धारित किया गया है। किसी भी बिजली से संबंधित दुर्घटना में किसी पशु के नुकसान के मामले में मुआवजे की मात्रा प्रत्येक दुधारू पशु-भैंस, गाय, ऊंट ( शेष पृष्ठ 9 )

# आम आदमी के लिए दिल्ली में आएंगी आवासीय योजनाएं

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली



**दिल्ली विकास** प्राधिकरण (डीडीए) जल्द ही तीन आवासीय योजनाएं लॉन्च करेगी, जिसके अंतर्गत शहर भर में अलग-अलग जगहों पर सभी आय वर्ग के लोगों के लिए फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे। इस आवसीय परियोजनाओं को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंजूरी दे दी है। इसके अलावा सामुदायिक हॉल के प्रबंधन और उपयोग के लिए नई नीति और आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और संस्थागत भूखंडों पर निर्माण पूरा करने के लिए समय बढ़ाने को भी मंजूरी दी गई है। राज निवास में मंगलवार को प्राधिकरण की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

प्रस्तावों के अनुसार, डीडीए सस्ता घर आवास योजना 2024 में रामगढ़ कॉलोनी, सिरसपुर, लोकनायकपुरम, रोहिणी और नरेला में पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के तहत रियायती दरों पर निम्न आय वर्ग (एलआईजी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे आवास अधिक सुलभ हो जाएगा और आम आदमी को दिल्ली में निम्न आय वर्ग के लिए घर मिल सकेगा। इस योजना के तहत करीब 34,000 फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी शुरुआती कीमत करीब 11.5 लाख रुपये होगी।

सामान्य आवास योजना के तहत, जसोला, लोकनायकपुरम और नरेला जैसे विभिन्न इलाकों में उच्च आय वर्ग (एचआईजी), मध्यम आय वर्ग (एमआईजी), एलआईजी और ईडब्ल्यूएस सहित सभी श्रेणियों के फ्लैट बिना किसी मूल्य वृद्धि के 2023 की कीमतों पर पेश किए जाएंगे। फ्लैटों की शुरुआती कीमत लगभग 29 लाख रुपये है और इस योजना के तहत लगभग 5,400 फ्लैट पेश किए जाएंगे। डीडीए की द्वारका आवास योजना ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से द्वारका के सेक्टर 14, 16बी और 19बी में एमआईजी, एचआईजी और उच्च श्रेणी के फ्लैटों की पेशकश करेगी। इससे लोगों को द्वारका के पॉश इलाके में अपना घर बनाने का मौका मिलेगा। योजना के तहत लगभग 173 फ्लैट पेश किए जा रहे हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 128 लाख रुपये है। दिल्ली के निवासियों को जीवनयापन में आसानी प्रदान करने के लिए, प्राधिकरण ने सामुदायिक हॉल के प्रबंधन और उपयोग के लिए एक नई नीति को भी मंजूरी दी है, जिसमें बहुउद्देश्यीय सामुदायिक हॉल में किफायती किराया संरचना और सहायक सुविधाओं का संचालन शामिल है। प्राधिकरण ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया जिसके तहत 23 नजूल संपदाओं में समाप्त अवधि के पट्टों (90 वर्ष) के नवीकरण-सह-फ्रीहोल्ड रूपांतरण के लिए एमनेस्टी योजना को स्वीकृति दी गई है। इस योजना को शुरू होने की तारीख से छह महीने की अवधि के लिए शुरू करने का प्रस्ताव है। आवासीय और मिश्रित भूमि उपयोग संपत्तियों के मामले में नवीकरण शुल्क अलग-अलग प्रस्तावित हैं और भूखंड के आकार के अनुसार इसमें और भी बदलाव होंगे। यदि योजना को छह महीने की प्रारंभिक अवधि से आगे बढ़ाया जाता है, तो शुल्क में क्रमिक रूप से वृद्धि होगी। इसके अलावा, इस योजना के तहत नवीकरण-सह-फ्रीहोल्ड रूपांतरण आवेदनों का निपटान प्रचलित रूपांतरण शुल्क, भू-किराया और अन्य लंबित बकाया राशि का भुगतान करने पर किया जाएगा। इसके अलावा क्षति शुल्क पर ब्याज में छूट की योजना को भी मंजूरी दी गई। शहर की स्वच्छता और स्वच्छता रखरखाव के लिए बहुत प्रासंगिक निर्णय में, प्राधिकरण ने गाजीपुर में बायो मिथेनाइजेशन प्लांट के निर्माण के लिए डीडीए द्वारा एमसीडी को प्रदान की गई भूमि के लिए भूमि उपयोग में परिवर्तन को मंजूरी दी। ( शेष पृष्ठ 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 अगस्त, 2024



# ग्रेनो को सबसे सुंदर शहर बनाने के लिए मांगा सुझाव

## कूड़े को शत-प्रतिशत प्रोसेस कर उससे जरूरी उत्पाद बनाकर उपयोग में लाया जाए: सीईओ एनजी रवि

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले कूड़े को शत-प्रतिशत प्रोसेस कर जरूरी उत्पाद बनाने के लिए प्राधिकरण प्रयास कर रहा है। घरेलू कूड़े को प्रोसेस कर क्या-क्या उत्पाद बनाए जा सकते हैं, प्राधिकरण ने ईओआई निकालकर इस पर कंपनियों से 'आइडिया' मांगा था। 8 कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया। अब प्राधिकरण इन आइडियाज का अध्ययन कर आरएफपी निकालेगा और कंपनियों का चयन कर काम शुरू कराएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि ग्रेटर नोएडा से निकलने वाले कूड़े को शत-प्रतिशत प्रोसेस किया जाए और उससे जरूरी उत्पाद बनाकर उपयोग में लाया जाए। इसके लिए उपलब्ध सभी पद्धतियों का अध्ययन कर अपनाने की सीख दी है, ताकि ग्रेटर नोएडा को सबसे स्वच्छ शहर बनाया जा सके। यहां भविष्य में भी कू? के ढेर की समस्या न झेलना पड़े। सीईओ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने ईओआई निकाले थे, जिसमें आठ कंपनियों ने हिस्सा लिया है। इन कंपनियों ने सोमवार और मंगलवार को अपने प्रस्तुतिकरण के जरिए सुझावों को साझा किया। एक कंपनी ने 'आइडिया' दिया कि गोबर को प्रोसेस कर ब्रिकेट्स बनाएगी। इसका इस्तेमाल कोयले के विकल्प के लिए किया जा सकता है। एक कंपनी का सुझाव है कि कूड़े को प्रोसेस कर बायोगैस बनाया जाएगा। एक कंपनी ने ब्लैक सोल्जर फ्लाई लार्वा (एक विशेष प्रकार की मक्खी) के जरिए गीले कूड़े से प्रोटीन निकालने और अवशेष को प्रोसेस करने की बात कही। एक कंपनी ने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी प्लांट लगाकर प्रोसेस करने की बात कही। एक कंपनी ने ई-वेस्ट को प्रोसेस करने पर अपनी जानकारी साझा की। बल्क वेस्ट जनरेट करने वाले संस्थानों के कूड़े को प्रोसेस करने के लिए भी एक कंपनी तैयार है। एक कंपनी ने ग्रेटर नोएडा की किसी एक कालोनी को जीरो वेस्ट कालोनी बनाने का सुझाव दिये।

ऐसे तमाम सुझावों के साथ कंपनियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह व ईवाई की टीम के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिए। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि इन सुझावों का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार कर सीईओ को सौपा जाएगा।

उसके बाद इन पद्धतियों को एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अपनाकर उससे नफा-नुकसान का अध्ययन करते हुए वेस्ट को प्रोसेस कराने का निर्णय लिया जाएगा। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने इन आइडिया पर शीघ्र काम शुरू कराने की बात कही है। उन्होंने ग्रेटर नोएडावासियों से भी शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की है।

### गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के गेट पर 5 दिन से कूड़ा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के गेट पर लगे कूड़े के ढेर की समस्या सुलझने का नाम ही नहीं ले रही है। नगर निगम की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण यहां रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कई बार सोसायटी की ओर से कूड़ा हटाने की मांग उठ चुकी है, लेकिन हर बार नतीजा ढाक के तीन पात है। दो वार्डों की सीमा से लगी यह सोसायटी अपने द्वार पर जमा गदंगी पर आंसू बहा रही है। कूड़े पर हर समय जमा रहने वाले आवारा पशुओं से भी सोसायटी के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब लोगों ने यहां से कूड़ाघर हटाकर सुंदर पार्क बनाने की अपील नगर निगम से की है। वहीं नगर निगम द्वारा इस ओर कोई विशेष ध्यान न देने से स्थानीय निवासियों में रोष व्याप्त है।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक

● इस वर्ष काकोरी ट्रेन एक्शन की सौंवी वर्षगांठ मनाई जा रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इस वर्ष काकोरी ट्रेन एक्शन की सौंवी वर्षगांठ मनाई जा रही है। इसको लेकर नौ अगस्त से पूरे प्रदेश के हर जिले में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसके अलावा 13 अगस्त से हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया जाएगा। इन अभियानों की तैयारियों को लेकर सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

नौ अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ में जिले के सभी शहीद स्मारको, अमृत सरोवरों के तट पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलवा शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों, पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल कॉलेजों में इस एक्शन पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला, पेटिंग, सुलेख एवं निबंध और भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

वहीं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बड़े स्तर पर झंडों का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत हर घर, प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहराया जाएगा। नियमानुसार झंडा लहराया जाएगा। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है जो अभियान के क्रियान्वयन को देखेगी।

सीडीओ ने समय से झंडे की पूर्ति किए जाने के निर्देश दिए है। बैठक में एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्वत, डीपीआरओ प्रवीन द्विवेदी, डीडी रामजनता मिश्र आदि मौजूद रहे।

# बेसमेंट में चल रहा कोचिंग सेंटर सील

● दिल्ली के न्यू राजेंद्र नगर हादसे के बाद प्रशासन सख्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली हादसे के बाद नोएडा में लगातार बेसमैंट में चल रही कोचिंग सेंटर के खिलाफ जिला प्रशासन एक्शन ले रहा है। मंगलवार को जिला प्रशासन, अग्निशमन विभाग और प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-18 में चल रहे कोचिंग सेंटर संकल्प पहुंची। यहां बच्चों को क्लास दी जा रही थी।

टीम ने कोचिंग प्रबंधन से दस्तावेज मांगे। जोकि उनके पास नहीं थे। प्रबंधन को सेंटर खाली करने के लिए 15-20 मिनट का समय दिया गया। इसके बाद सेंटर को बंद करवा दिया गया। संकल्प कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में क्लास चल रही थी। बच्चों को जाने के लिए कहा गया। इसके बाद प्रबंधन ने कापी किताबें निकाली। बेसमैंट को आला अधिकारियों के सामने सील किया गया। ये कोचिंग सेंटर 11 महीने से बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। इसी इमारत के तीसरे फ्लोर पर भी एक कोचिंग चल रही थी।

मानकों के तहत कोचिंग सेंटर चलाने के लिए उसे तीन दिन का अल्टीमेटम दिया। इस मौके पर डीआईओएस धर्मवीर सिंह ने बताया कि शहर में कोई भी कोचिंग बेसमेंट में नहीं चल सकती है। हम ये नहीं चाहते कि कोचिंग सेंटर बंद हो। लेकिन वो सभी मानकों का पालन करते हुए रजिस्ट्रेशन कराए इसके बाद बच्चों को पढ़ाए। बता दे इससे पहले भी नोएडा में दो और कोचिंग सेंटर को सील किया जा चुका है। वहीं ग्रेटरनोएडा में कोचिंग सेंटर सील किए जा चुके है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। हम बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ होने नहीं दे सकते है। सभी कोचिंग सेंटर अग्निशमन से लेकर सभी मानकों को पूरा करे। ज्ञात हो कि दिल्ली के राजेंद्र नगर में हादसे के बाद बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर पर प्रशासन सख्त है और लगातार कार्रवाई कर रहा है।

### पीजी से लैपटॉप व फोन चोरी, शिकायत पर एफआईआर

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-70 के एक पीजी से चोरों ने दो युवकों के लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

दरअसल इस मामले में जितेश दीक्षित ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने साथी अनमोल गुप्ता के साथ सेक्टर-70 के एक पीजी में रह रहा है। दो अगस्त को उनके कमरे से चोरों ने दो लैपटॉप, चार्जिंग केबल, आईडी कार्ड, मोबाइल फोन व अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिया। उन्होंने इसकी जानकारी पीजी संचालक व पुलिस को दी। ज्ञात हो कि नोएडा में लगातार अपराध बढ़ रहे है। आए दिन चोरी की घटना हो रही है।

# अब क्यूआर कोड से होगी यूनिपोल की पहचान

● प्राधिकरण को लगभग 97 करोड़ रुपये तक की कमाई बढ़ने की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा प्राधिकरण को 7 साल में लगभग 97 करोड़ रुपये तक की कमाई बढ़ाने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने शहर में लगे अवैध यूनिपोल को हटाने और नए यूनिपोल का टेंडर कर नए सिरे से आवंटित करने के

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक बड़ा फैसला लिया है। दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 76 नए यूनिपोल के लिए टेंडर निकाल दिए हैं।

पहली बार ऐसा हो रहा है जब इन यूनिपोल पर क्यूआर कोड भी लगाए जा रहे है। बताया जा रहा है इन यूनीपोल का आवंटन 7 साल तक के लिए किया जाएगा। इससे ग्रेटर

निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देश पर अमल करते हुए प्राधिकरण के अर्बन सर्विसेज विभाग ने नए यूनिपोल की लोकेशन के टेंडर निकाल दिए हैं।

पांच साल बाद यूनिपोल के टेंडर हुए हैं। एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि 76 नए यूनिपोल के लोकेशन चिंहित किए गए। इनके लिए टेंडर निकाल दिए गए हैं। सर्वाधिक कीमत की बिड लगाने वाले को ये यूनिपोल आवंटित किए जाएंगे। यूनिपोल के टेंडर की डिटेल और यूनिपोल की लोकेशन को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई है। उन्होंने बताया कि लोकेशन के आधार पर इन 76 यूनिपोल के लिए कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। इन सभी यूनिपोल का आवंटन हो जाने से प्राधिकरण को सात साल में लगभग 97 करोड़ रुपये की आमदनी होने की उम्मीद है। चयनित कंपनियां सात साल के लिए इन यूनिपोल पर विज्ञापन लगा सकेंगी।

प्राधिकरण ने यूनिपोल की डिजाइन को और आकर्षक बनाने के प्रयास किए हैं। हालांकि यूनिपोल के आकार व डिजाइन प्राधिकरण के मानकों के हिसाब से ही होंगे। ये यूनिपोल एक जैसे रंग के होंगे। डिजाइनर फ्रेम लगाए जाएंगे। क्यूआर कोड से हर यूनिपोल के लोकेशन का रिकॉर्ड होगा, जिससे किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो सकेगी। यूनिपोल के टेंडर की प्रक्रिया अगस्त माह में पूरी कर ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



ठगी के आरोप में पांच लोग पुलिस की गिरफ्त में।

### महिलाओं से ठगी करने वाले पांच गिरफ्तार

**नोएडा।** काली माता और हनुमान भक्त बताकर महिलाओं को झांसे में लेने वाले 5 टप्पेबाजों को थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने गिरफ्तार किया। ये लोग महिलाओं को उनकी समस्याओं को दूर करने और बुरा साया उतारने का झांसा देते थे। विश्वास में लेने के लिए पेड़ के पत्ते पर सोडियम रखकर पानी डालकर उसमे आग लगा देते थे। जिसे ये लोग बाबा का चिराग बताते थे। यही नहीं आस के खड़े लोग इनके गैंग के होते थे। जो अपना समाधान टारगेट के सामने कराते थे। एक बार पूर्ण विश्वास में लेने के बाद महिलाओं से गहने पैसा लूटकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने वाजिदपुर पुस्ता कट के पास सर्विस रोड सेक्टर 135 से इनको गिरफ्तार किया। इनकी पहचान विजय कुमार, मिथुन, निराज खान, अरबाज, माहिर हुई है। इनके कब्जे से 2 लॉकेट ओम पीली धातु , 4 जोडी बाली (कुंडल) पीली धातु , 2 चैन पीली धातु, 4 अंगूठी पीली धातु, 1 मंगलसूत्र काली माला सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

### भाजपा पार्षद ने समाधान दिवस में दिया ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भाजपा के वार्ड-17 से पार्षद जयकिशन पाल ने नगर निगम में आयोजित होने वाले समाधान दिवस में नगरायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा है। पार्षद में अपने ज्ञापन में मांग की है कि वार्ड-17 सेवानगर की गली नम्बर सात, आठ, नौ में पानी नहीं पहुंच पाता है। पानी न मिलने के कारण स्थानीय लोग पानी के लिए भटकते रहते हैं। पार्षद ने नगरायुक्त से पांच एचपी के दो पम्प वार्ड में लगाए जाने की मांग की है। ताकि पानी की समस्या दूर हो सके। ज्ञापन देने वालों में पार्षद के साथ राजू, सौरव, राजेश, सचिन, नरेन्द्र, प्रवीन, बालेश्वर, पिन्टू, दीपक आदि मौजूद रहे।

### लकड़ी काटने से रोकने पर मारपीट

**नोएडा।** नोएडा के छोलस गांव में घर के बाहर आधी रात में फर्नीचर के लिए लकड़ी काट रहे लोगों को टोकना एक व्यक्ति को महंगा पड़ा। कारीगर व उसके साथियों ने एकराय होकर पीड़ित के घर पर हमला बोल दिया और परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। बताया जा रहा है इस मारपीट में कई लोग घायल हो गए है। आपको बता दें कि नोएडा के थाना जारचा में दर्ज कराई रिपोर्ट में छोलस गांव निवासी मोहम्मद याया ने बताया कि उनके घर के सामने रहने वाला सज्जाद अली फर्नीचर बनाने का काम करता है। यह लोग घर के बाहर गली में ही फर्नीचर बनाते हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। 5 अगस्त की रात करीब 12 बजे उनके घर के बाहर सज्जाद अली व उसका भाई हैदर अली कटर मशीन से लकड़ी काट रहे थे। इस दौरान हो रही तेज आवाज की वजह से उनकी बुजुर्ग मां को घबराहट हो रही थी। उनके भाई मोहम्मद यूसुफ ने घर के बाहर लकड़ी काट रहे सज्जाद अली व हैदर अली को काम बंद करने से मना किया। जिस पर उन्होंने गाली गलौज शुरू कर दी।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले पैसे

**नोएडा।** नोएडा के बहलोलपुर गांव में एटीएम से पैसे निकालने गई युवती का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने साढ़े आठ हजार रुपए निकाल लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर-63 में अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार नोएडा के बहलोलपुर गांव में रहने वाली नेहा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 जुलाई को अपने घर से पास के ही एटीएम बूथ से पैसे निकालने के लिए गई थी। कई बार प्रयास के बावजूद भी पैसे नहीं निकले तो लाइन में खड़े एक युवक ने उसकी मदद करने के बहाने धोखे से एटीएम कार्ड बदल दिया। इस दौरान उक्त युवक ने उसका पिन नंबर भी देख लिया। कुछ समय बाद उसके मोबाइल फोन पर खाते से 8500 रुपये निकालने का मैसेज आया।

# मोदीनगर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य से लूट

● बाइक सवार 3 बदमाशों ने ओवरटेक करके रोका, नकदी और सोने के कुंडल छीने

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के मोदीनगर में बाइक सवार 3 बदमाशों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य और उनकी पत्नी से लूट की वारदात को अंजाम दिया। लूट के बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। वारदात खिदौड़ा-धौलड़ी रजवाहा पटरी मार्ग पर छत्ते पुल के पास हुआ।

पुलिस के अनुसार पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप जिनवाल और पत्नी प्रीति अपने 2 बच्चों के साथ खिदौड़ा जा रहे थे।



अभी छत्ते के पुल के पास पहुंचे ही थे कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक करके रोक लिया। तमंचा लहराते हुए जेब से 6 हजार रुपए और पत्नी के सोने के कुंडल लूट लिए। भागते समय बाइक की चाबी भी साथ ले गए। दंपती ने किसी तक खिदौड़ा गांव पहुंचकर लोगों को सूचना दी।

ग्रामीणों ने बदमाशों की तलाश की ,लेकिन वह हाथ नहीं आए। थोड़ी देर बाद निवाड़ी थाने में तहरीर दी। एसीपी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। दूसरी लूट की वारदात मेरठ के दंपती के साथ हुई। परतापुर गांव कॉसी सोलना निवासी गुफरान अपनी पत्नी हासमीन के साथ एक अगस्त को बाइक से ससुराल जिला गौतमबुद्धनगर के गांव कलौदा जा रहे थे। जब वह भोजपुर थानाक्षेत्र में पलोता भदौला मार्ग पर पहुंचे तो बाइक सवार 2 बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। इसके बाद तमंचे के बल पर दस हजार रुपए की नकदी व सोने के कुंडल व अन्य जेवरात लूट लिए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने दंपती को मारपीट कर घायल कर दिया। सुहाना-असदपुर नागल मार्ग पर दवा लेने जा रही महिला से बाइक सवार 3 बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की। सरिता देवी दवाई लेने के लिए मोदीनगर गई थी। पैदल ही गांव सुहाना असदपुर नागल मार्ग से जा रही थी। जब वह रजवाहे की पटरी पर पहुंचे तो बाइक सवार तीन बदमाश आए।

# हूटर बजाते हुए गार्ड के ऊपर स्कॉर्पियो चढ़ाने की कोशिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक युवक ने हूटर बजाकर जमकर भौकाल मचाया। गार्ड ने जब एक सेक्टर में जाने से रोका तो युवक ने उसके हूटर बजाते हुए स्कॉर्पियो चढ़ाने की कोशिश की।

मामले का वीडियो सामने आया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। दरसअल यह पूरी घटना दादरी थाना क्षेत्र के म्यू 2 सेक्टर की है। जहां पर सोमवार की रात के समय एक स्कॉर्पियो गाड़ी हूटर बजाते हुए घूम रही थी। इस दौरान सेक्टर के बाहर खड़े गार्ड ने रोकने की कोशिश की तो युवक ने हूटर बजाते हुए गाड़ी उसके ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मी को हल्की टक्कर भी लगती है, लेकिन उसके बाद कार सवार अपनी गाड़ी को रोक लेता है। इसके बाद स्कॉर्पियो सवार युवक भौकाल दिखाते हुए हूटर बजाकर गाड़ी को सेक्टर के अंदर ले जाता है। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। दादरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गाड़ी चालक दीपांशु चंदेला को हिरासत में ले लिया है।

# चोरों का कहर जारी, पांच बाइक पर किया हाथ साफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरों ने पांच बाइक पर हाथ साफ कर दिया। वहीं वाहन मालिकों की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

इस मामले में न्यू पंचवटी कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार गौड ने थाना सेक्टर-58 में अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनके कार्यालय आइटम टॉवर में है। वह अपने घर से अपने ऑफिस आए थे उन्होंने अपनी बाइक ऑफिस के बाहर खड़ी कर दी। शाम के समय जब वह बाइक लेने आए तो वह गायब थी। थाना फेस-3 में सेक्टर-49 निवासी अक्षय कुमार सिंह ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है उन्होंने बताया कि उनकी टीवीएस अपाचे बाइक सेक्टर-68 के ए ब्लॉक से चोरी हो गई। थाना सेक्टर-49 में छतरपुर महरौली दिल्ली निवासी विवेक बैरागी ने अपनी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवेक बैरागी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने 25 जुलाई को सेक्टर-50 स्थित मेघदूत पार्क के बाहर अपनी बाइक खड़ी की थी यहां से उनकी बाइक चोरी हो गई। सेक्टर-50 स्थित महागुन मेस्ट्रो सोसायटी के बाहर से आयुष जिंदल की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

### गोशाला में घायल हुए युवक ने दम तोड़ा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर की संजयपुरी कॉलोनी में कान्हा गोशाला में काम करने को लेकर हुए विवाद हुआ था।

इस विवाद में सिर में फावड़ा मारकर घायल किए गए आबिद उर्फ रिहान ने देर रात दिल्ली के अस्पताल में दम तोड़ दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गांव सारा निवासी आबिद उर्फ रिहान मोदीनगर की संजय नगर कॉलोनी स्थित गोशाला में मजदूरी करता था। शनिवार शाम को काम करने को लेकर आबिद उर्फ रिहान के साथ काम करने वाले बिल्ला से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि बिल्ला ने आबिद के सिर पर फावड़ा मार दिया।



अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के निर्देश पर जवानों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए ड्रिल करायी गई

### मानसिक तनाव के चलते राजमिस्त्री ने की आत्महत्या

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के होशियापुर गांव में रहने वाले एक राजमिस्त्री ने आज सुबह को मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सेक्टर-49 के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि आज सुबह को थाना पुलिस को सूचना मिली कि होशियापुर गांव में रहने वाले दुष्यंत (35 वर्ष) जो की राजमिस्त्री का कार्य करते थे, उन्होंने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक के परिजनों से बातचीत करके आत्महत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है।

# प्रेमी संग मिलकर पति की गला दबाकर की थी हत्या, गिरफ्तार

● लाश को बोरे में भरकर नाले में फेंक दिया था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। इसके बाद लाश को बोरे में भरकर नाले में फेंक दिया। वो प्रेमी से शादी करना चाहती थी। ये बात पति को पता चल गई। इसके बाद दोनों में अक्सर झगड़ा होने लगा। पत्नी मनीषा ने फोन कर पति को बुलाया। फिर प्रेमी संग पंकज संग मिलकर तीनों ने शराब पी। फिर पप्पू को मार डाला। इसके बाद रात में लाश को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने मंगलवार को घटना का खुलासा किया।

आरोपियों को सीसीटीवी के जरिए पकड़ा। मृतक का नाम पप्पू है। ये घटना सर्फाबाद की है। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि पप्पू अपनी पत्नी मनीषा के साथ इंदिरापुरम में रहता था। दंपती से 13 साल का



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला, उसका प्रेमी और अन्य

एक बेटा है। करीब दो साल पहले मनीषा के मुलाकात पंकज सक्सेना से हुई। महिला के पति ने मई में दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिसके बाद से घर में क्लेश होने लगा। मनीषा का पति पप्पू आए दिन उसके साथ मारपीट करने लगा। मनीषा तंग हत्या की योजना पंकज और उसके छोटे भाई अतुल के साथ बनाई। तीनों ने घर में रखे आलू के दो खाली बोरे, बांधने के लिए प्लास्टिक की रस्सी व बोरे को सिलने वाली प्लास्टिक की सुतली और सूजा की व्यवस्था की। योजना के तहत पंकज ने पप्पू को शराब पीने व झगड़ा को खत्म करने की बात कहकर किराए के कमरे पर 24 जून को बुलाया।

पंकज और अतुल ने पप्पू को जमकर शराब पिलाई। ये दोनों उसके साथ शराब पीने का नाटक करते रहे। जब पप्पू नशे में धुत्त हो गया। उसके बाद मनीषा कमरे पर पहुंची। उसके बाद अतुल ने पप्पू के पैर पकड़े , मनीषा ने पप्पू (अपने पति) के दोनों हाथ पकड़े और पंकज ने पप्पू का प्लास्टिक की रस्सी से गलाघोट कर मार दिया। तीनों ने मिलकर शव को स्कूटी पर स्कूटी के बीच में रखा।

स्कूटी को अतुल चला रहा था। पंकज पकड़ कर पीछे बैठा था। इसके बाद पंकज व अतुल शव को दूर फेंकने चले गये थे।अतुल को उसके कमरे सर्फाबाद में छोड़ दिया है ,शव को सर्फाबाद में नाले में फेक दिया है। यही शव 26 जून को सर्फाबाद से पुलिस को मिला था।

# 'मुख्य सचिव ने दाखिल किया झूठा हलफनामा'

## मंत्री सौरभ ने किया दावा- अस्पतालों की कमियों को हाई कोर्ट से छुपाया गया ताकि मरीज रहें परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि मरीजों को दवाएं नहीं मिलें। इसके लिए एलजी और स्वास्थ्य सचिव साजिश रच रहे हैं। इतना ही नहीं उच्चतम न्यायालय में झूठा हलफनामा दायर कर कोर्ट को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना मंत्री की स्वीकृति के झूठा हलफनामा हाईकोर्ट में पेश किया गया है।

भारद्वाज ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर, विशेषज्ञ व पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। इसपर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसके बाद डॉ. सरीन की एक समिति बनाई, जिसे जांच करने के लिए कहा गया। हाईकोर्ट के सरकार को दिए आदेश में कहा गया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्या-क्या काम किया गया है। इसक आंकड़ा मुहैया कराया जाए।

सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कई सालों (वर्ष 2017) से उच्च न्यायालय में स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में एक याचिका पर सुनवाई चल रही है, जिसमें हाई कोर्ट ने कहा था, कि जितने भी अलग-अलग अस्पताल हैं। उन सभी में आईसीयू बेड की उपलब्धता होनी चाहिए, मरीज के इलाज के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस संबंध में हाईकोर्ट में कई बार स्वास्थ्य विभाग की ओर से कुछ हलफनामे दिए जा रहे थे। भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते उन्होंने हाईकोर्ट में एक हलफनामा दायर किया। हलफनामे के जरिए से बताया, कि अस्पतालों में आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर से संबंधित जो बड़ी समस्याएं हैं, उनका सबसे बड़ा कारण है अस्पतालों में विशेषज्ञों, डॉक्टरों की, स्पेशलिस्ट की और पैरामेडिकल स्टाफ और टेक्निशियन की भारी कमी का होना।


सौरभ भारद्वाज ने कहा, एलजी की तरफ से यह हलफनामा एक झूठा हलफनामा है। इस हलफनामे में इतनी बातें झूठ लिखी गई है, कि कोई भी व्यक्ति पढ़कर शर्मिंदा हो जाए, कि कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने वाले हलफनामे में कोई इतना झूठ कैसे लिख सकता है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश में जो रिकमेंडेशन कोर्ट की ओर से दी गई वह बेहद ही जरूरी रिकमेंडेशन है।

हाई कोर्ट के आदेश में लिखी कुछ सिफारिश को मीडिया के साथ साझा करते हुए भारद्वाज ने कहा, कि इस आदेश में लिखा है, कि अस्पतालों में मरीजों के लिए सभी दवाई उपलब्ध हो, कम से कम 2 महीने की दवाइयों का स्टॉक अस्पताल में उपलब्ध हो आईसीपीए एजेंसी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह सभी दवाइयां अस्पतालों में उपलब्ध हो तथा साथ ही साथ प्राइमरी और सेकेंडरी हेल्थ केयर सेंटर में भी यह दवाइयां उपलब्ध हो अर्थात दिल्ली सरकार की डिस्पेंसर्ययों और मोहल्ला क्लिनिको में भी उपलब्ध हो।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि उपराज्यपा के सर्विसेज विभाग की वकील और स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य सचिव मिलकर स्वास्थ्य मंत्री को फसाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। अपनी बात को सत्यापित करते हुए उन्होंने कहा, कि इस हलफनामे में उन्होंने दो अलग-अलग मामलों से संबंधित फाइलों का जिक्र करते हुए कहा है, कि यह दोनों फाइलें स्वास्थ्य मंत्री के पास लंबित हैं ।


प्रेस वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज

### एलजी कार्यालय ने बयान को बताया भ्रामक



**उपराज्यपाल कार्यालय की तरफ से जारी बयान में प्रेस कांफ्रेंस में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा लगाए गए आरोपों को भ्रामक और झूठा बयान बताया है। जारी बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य मंत्री ने अपने झूठे बयानों से इस बार न केवल दिल्ली के लोगों को बल्कि न्यायपालिका को भी गुमराह करने का भी काम किया है। एलजी कार्यालय ने कहा कि वह स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए बयानों पर ठोस जवाब देगा।**

# अनियंत्रित क्रेन दीवार तोड़कर घर में घुसी, एक की मौत, चार घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पुल प्रलाह्दपुर इलाके में मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार क्रेन दीवार तोड़ते हुए घर के घुस गई। क्रेन की टक्कर से गिरी दीवार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस केस दर्ज कर क्रेन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 35 वर्षीय गरीबा लोक निर्माण विभाग के लिए काम करता था और उनके बनाए कमरे में रहता था। हादसे में घायल खेमचन्द, हरकौर, रामेश्वर, घनश्याम भी पीडब्लूडी के लिए ही मजदूरी करते और सभी एक ही कमरे में रहते थे। मृतक और घायलों के परिजन अपने पैतृक ग्राम ठगारी, थाना पाली, ललितपुर, झांसी, उत्तर प्रदेश के रहते हैं। उन्हें हादसे की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने दीवार के मलबे के नीचे फंसे घायलों को निकाल कर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां गंभीर रूप से घायल गरीबा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाकि घायलों का उपचार चल रहा है। सभी घायलों के हाथ, पैर और सिर में चोट आई है।



### सोते ही अचानक आई तेज आवाज

**पुलिस को दिए बयान में घायल घनश्याम ने बताया कि वह सभी सोमवार देर रात अपना काम कर सोने के लिए कमरे में चले गए थे। देर रात एक तेज आवाज आई और घर की दीवार गिर गई। घायल ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि क्रेन घर में घुस गई। दीवार उनके उपर गिरी तो सभी मलबे में फंस गए। दीवार गिरने के बाद छत का कुछ हिस्सा भी टूट कर गिर गया। ज्ञात हो पहले भी मेट्रो की तरफ से इस तरह की लापरवाही देखने को मिलती रहती है।**

### मेट्रो साइट पर काम कर रही थी क्रेन

क्रेन बीआर क्रेन कंपनी की है और ओखला टी पॉइंट पर चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट में काम के लिए रखा गया है। मेट्रो साइट पर तैनात सुरक्षाकर्मी दीपक ने पुलिस को बयान में बताया कि क्रेन चालक ने तुगलकाबाद ले जाने के लिए मेट्रो साइट से अपनी क्रेन निकाली और जब उसने एमबी रोड पर अपनी क्रेन को तुगलकाबाद की ओर मोड़ने की कोशिश की, तो क्रेन चालक ने क्रेन पर नियंत्रण खो दिया। क्रेन की रफ्तार तेज थी, जिसके चलते क्रेन विपरीत कैरिजवे स्थित इस घर में जा घुसी।

# एएसआई ने गोली मारकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइन थाने में तैनात एक एएसआई ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली, अभी खुदकुशी के कारण का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार मृतक एएसआई विजय कुमार मूल रूप से हिमाचल के रहने वाले थे। मृतक एएसआई मालखाने में सरकारी सम्पति के प्रभारी थे । पुलिस के अनुसार मंगलवार को एएसआई विजय कुमार ने सिविल लाइन थाने के बैरक क्वार्टर में अपनी सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली, वह हिमाचल का रहने वाला था ओर 1994 के बेच में भर्ती हुए थे। उनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरूआती तौर पर माना जा रहा है खुदकुशी का कारण कोई घरेलू कारण हो सकता है। ज्ञात हो कि पूर्व दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने मालखाने को दो भाग में बांट दिया गया है जिसमे एक भाग सरकारी सम्पति ओर दूसरा केस प्रॉपर्टी बना दिया गया है।


विजय कुमार की फाइल फोटो

# भाजपा ने सीएम का मांगा इस्तीफा, तिहाड़ के बाहर प्रदर्शन

- पार्टी कार्यकर्ता तख्तियां लिए जेल के बाहर करते रहे प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आबकारी नीति मामले पर सीबीआई द्वारा की गई मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखे जाने के बाद उनके (केजरीवाल के) इस्तीफे की मांग करते हुए यहां तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान हाथों में तख्तियां लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिहाड़ जेल के बाहर नारेबाजी की। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

शासन-प्रशासन के पंगु हो जाने का दावा करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि इस आदेश के बाद केजरीवाल को जेल से सरकार चलाने की हठ करने के बजाय तत्काल अपने पद से हट जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया, आप सरकार का कोई भी मंत्री किसी भी मुद्दे की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है और वे अधिकारियों पर दोष मढ़ने में व्यस्त हैं।

भ्रष्टाचार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और दिल्ली के लोग इस अप्रिय स्थिति में पिस रहे हैं। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी रूप से वैध बताये जाने के बाद अरविंद केजरीवाल को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है। इसलिए अब दिल्ली की जनता भी मांग कर रही है कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि सुप्रीम कोर्ट भी इससे पहले उन्हें इशारा दे चुका है। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में 20 मिनट की बारिश पूरी दिल्ली को जलमग्न कर देती है और भयंकर जाम का लोगों को सामना करना पड़ता है लेकिन दिल्ली के मंत्री सिर्फ झूठ बोलते हैं। प्रदर्शन में दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह, उपनेता जयभगवान यादव, प्रदेश पदाधिकारी दिनेश प्रताप सिंह, गजेंद्र यादव, विनय रावत, योगिता सिंह, प्रवीण शंकर कपूर, राजकुमार भाटिया, अशोक गोयल, वीरेन्द्र बब्बर, योगेश आत्रे, सत्यनारायण गौतम, रोहताश विधूड़ी, चंद्रपाल बख्शी, श्याम शर्मा, मनोज शौकीन, अदितय झा, विक्रम मित्तल आदि मौजूद रहे।



आबकारी नीति मामले पर तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन करते प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य।

### जूट फैक्ट्री से 18 बाल मजदूरों को बचाया

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस ने राजस्व विभाग और एक गैर सरकारी संगठन के साथ मिलकर उत्तर-पूर्वी दिल्ली में जूट बैग बनाने वाली एक फैक्टरी में काम कर रहे 18 बाल मजदूरों को सुरक्षित बचा लिया है।

अधिकारियों के मुताबिक पुलिस ने इस सिलसिले में किशोर न्याय अधिनियम और बाल श्रम अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार अधिकांश बच्चे 11 से 17 वर्ष की आयु के हैं तथा उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के हैं। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि एक बड़े बचाव अभियान में 18 बच्चों को बचाया गया है।


भाजपा विधायकों ने स्पीकर को मिलकर विजेन्द्र गुप्ता को नेता प्रतिपक्ष घोषित किये जाने का पत्र सौंपा ।

# मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की उन याचिकाओं पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिनमें उन्होंने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में जमानत का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सिसोदिया की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनीं। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण एवं कार्यान्वयन में अनियमितताओं में कथित संलिप्तता को लेकर सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने उन्हें नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने जमानत का अनुरोध करते हुए तर्क दिया है कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई अभी तक शुरू नहीं हुई है।

### वारदात कर भाग रहे तीन लुटेरों को दबोचा

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साऊथ थाना पुलिस ने लूट की वारदात कर भाग रहे तीन बदमाशों को शनिवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों रेहान, तल्हा उर्फ सुफियान और अरशद के पास से लूटे गए दो मोबाइल फोन, एक स्कूटी और ब्लेड बरामद की है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि शनिवार को कुलविंदर सिंह दोस्त के साथ कार में घर लौट रहे थे। इसी दौरान आईएलबीएस लाल बत्ती के पास तीन स्कूटी सवार बदमाशों ने तेल रिसाव की बात कही। वे लोग जब गाड़ी से बाहर आए तो बदमाशों ने उनके फोन लूट लिए और ब्लेड से हमला कर घायल कर भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों का पीछा कर दबोच लिया।

# चार विंटेज कार समेत करोड़ों का सामान खाक

- जौनापुर में मंगलवार तड़के चार टेंट गोदामों में लगी थी भीषण आग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के जौनापुर इलाके में मंगलवार तड़के चार टेंट गोदामों में भीषण आग लग गई।

इस आग में वहां खड़ी चार विंटेज कार और करोड़ों रुपए का सजावटी सामान जलकर खाक हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विंटेज (पुरानी) कारों का इस्तेमाल शादियों और अन्य समारोहों में किया जाता था।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया, मंगलवार तड़के करीब दो बजे चार टेंट गोदामों में आग लगने की सूचना मिली और 10 दमकल वाहनों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटना में गोदाम के पास खड़ी चार पुरानी कार और सजावट का सामान जलकर खाक हो गया।

अधिकारी ने कहा, शीतलन प्रक्रिया चल रही है। दो गोदामों के मालिक अमृत पाल सिंह ने कहा, मुझे रात करीब दो बजे आग लगने की सूचना मिली। मैं तुरंत मौके पर पहुंचा। यहां मेरे दो गोदाम हैं, जिनमें शादी समारोहों में इस्तेमाल होने वाले सजावट के सामान रखे हुए थे। उन्होंने कहा कि उनके कर्मचारियों ने गोदाम से जाने से पहले सभी बिजली उपकरण बंद कर दिए थे। उन्होंने कहा, मेरे अब तक के आकलन के अनुसार, आग में ढाई करोड़ रुपए मूल्य का सामान खाक हो गया। सटीक राशि की जानकारी के लिए रिकॉर्ड की जांच करूंगा।

गोदाम के कर्मचारी राम तीरथ ने बताया कि जैसे ही उसे आग लगने की जानकारी मिली, वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और अग्निशमन विभाग तथा पुलिस को सूचना दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने जल मंत्री आतिशी का मांगा इस्तीफा



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, डीडीए, बाढ़ एवं सिंचाई विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्लूडी आदि भाजपा और आम आदमी पार्टी की एजेंसियों ने मिलकर दिल्ली को जल भराव के दलदल में धकेला है। लगातार बिगड़ते हालात और लोगों की मौतों के लिए जिम्मेदार मंत्री आतिशी तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण यह अच्छी तरह समझते है कि 45 वर्ष पुराना दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम वर्तमान जनसंख्या का भार सहने में पूरी तरह असमर्थ है। फिर भी इसमें सुधार करने की जगह हर वर्ष हजारों करोड़ रुपये गाद निकालने के नाम दस्तावेजों में खर्च करके भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते है और जल भराव की भयावह स्थिति के लिए सरकारों के निकम्मेपन का हर्जाना हर वर्ष लोग पानी डूबने या पानी में करंट उतरने के कारण अपनी जान गंवा कर भुगत रहे है।

### अवैध रूप से रह रहे तीन विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिला पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अवैध रूप से रह रहे तीन विदेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों नाइजीरियाई मूल के आरोपियों नदुबुसी नवाचुकु गॉडविन, तोचुकु माइकल ओकोयी और गुडनेस ओकोंकोव को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। सभी को पहले एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने उनके निर्वासन का आदेश दिया। पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका जिले में विदेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने की सूचना मिली थी। जिसे बाद सभी थाना क्षेत्रों में विदेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान उत्तम नगर इलाके में तीन विदेशी नागरिक अवैध रूप से भारत में रहते हुए पाए गए। उनके पास भारत में रहने के वैध दस्तावेज नहीं थे। तीनों नाइजीरियाई मूल के नागरिक है। उनके दूतावास को इसकी सूचना दे दी गई है।

### मैकेनिक को हथियार दिखाकर बाइक लूटी

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में एसी मैकेनिक को हथियार दिखाकर तीन बदमाशों ने बाइक लूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक, परमजीत एक्सटेंशन 2 सी, नांगलोई में रहते हैं। नारायण धर्म कांटा के सामने एसी रिपेयर की दुकान है। रात को घर लौटते समय लाल मोहम्मद गोदाम के सामने रूकने पर तीन लड़के पास आए और पूछा कि क्या बाइक का तेल खत्म हो गया है। परमजीत ने अभी कुछ बता पाते तभी पीछे से एक युवक ने परमजीत को दबोच लिया और बाइक स्टार्ट करके सभी फरार हो गए। इससे पहले चाकू दिखाकर मोबाइल, पर्स भी छीन लिया। तीनों बाइक लूटकर नांगलोई की तरफ भाग गए। वारदात की सूचना मिलने पर निहाल विहार थाने की पुलिस पहुंची। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# सुंदर नगरी में दिल्ली सरकार का एक और स्कूल तैयार

- बिल्डिंग किसी भी अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी की इमारत से कम नहीं: आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सुन्दर नगरी की जनता को केजरीवाल सरकार की नई सौगात मिली है। आधुनिक सुविधाओं से लैस 120 कमरों वाले 5 मंजिला स्कूल लगभग बनकर तैयार है। मंगलवार को शिक्षा मंत्री ने निरीक्षण कर अंतिम चरण में चल रहे काम का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय विधायक राजेंद्र पाल गौतम भी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, इस शानदार नए स्कूल की बिल्डिंग किसी भी अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि, उत्तरी-पूर्वी दिल्ली की घनी आबादी के बीच ये स्कूल 8000 बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास एजुकेशन का हब बनेगा। दिल्ली के गरीब से ग़रीब परिवार के बच्चे को सबसे शानदार शिक्षा दिलाना अरविंद केजरीवाल का विजन है। ये नया स्कूल इस सपने को पूरा करने का एक प्रयास है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, सुंदर नगरी के इस स्कूल में आसपास के बच्चों को शानदार शिक्षा मिलेगी। और इसके ज़रिए हम अमीर-गरीब हर तबके के बच्चों के लिए वर्ल्ड-क्लास शिक्षा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दिशा में वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस ये स्कूल इलाक़े में क्वॉलिटी एजुकेशन का हब बनेगा और पढ़ाई के मामले में प्राइवेट स्कूलों को भी पीछे छोड़ेगा। बता दे कि, स्कूल की ज़मीन केजरीवाल सरकार के प्रयासों की बदौलत भूमाफ़ियाओं के चंगुल से छुटवाई गई थी। जनवरी 2023 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी नींव रखी थी और अब यहाँ 5 मंज़िला शानदार स्कूल लगभग बनकर तैयार है। इस नए स्कूल से मंडोली, सबोली, सुंदर नगरी, बैंक कॉलोनी, हर्ष विहार, नंद नगरी इलाक़ों के स्कूलों पर स्टूडेंट्स का दबाव कम होगा। 120 कमरों वाला नया स्कूल स्मार्ट क्लासरूम्स, लाइब्रेरीज, शानदार लैब्स, एक्टिविटी रूम, लिफ्ट सहित तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।



### विद्यालय की विशेषताएं

- 5 मंजिला स्कूल
- स्कूल में कुल 120 कमरे
- 87 शानदार क्लासरूम
- आधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस 8 लैब
- एक्टिविटी रूम
- 2 अत्याधुनिक एमपी हॉल
- 5 लाइब्रेरी
- प्रशासनिक कार्यों के लिए कमरे
- बच्चों के लिए लिफ्ट

### कोचिंग हादसा : जमानत के लिए बेसमेंट के चार सह-मालिक कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में उस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट के चार सह-मालिकों ने जमानत के लिए दिल्ली की एक अदालत का रुख किया है जहां हाल में पानी भरने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबकर मौत हो गई थी। चारों फिलहाल जेल में हैं और उनकी याचिका पर बुधवार को सुनवाई होने की संभावना है।

जेल में बंद जिन चार लोगों ने मंगलवार को अर्जी दाखिल की उनमें परविंदर सिंह, तेजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल हैं। उच्च न्यायालय ने हाल ही में ओल्ड राजेंद्र नगर में एक इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से हुई मौतों की जांच पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके।

# एनएचएम कर्मियों ने सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए बजाई थाली

- साझा मोर्चा के बैनर तले कर्मचारी 12 दिन से कर रहे हैं प्रदर्शन
- नियमित करने समेत कई मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



मंगलवार को गुरुग्राम की सड़कों पर अपनी मांगों को लेकर थाली बजाकर प्रदर्शन करते एनएचएम कर्मचारी।

एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल के 12वें दिन हड़ताल में शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। एमएचएम के महिला पुरुष कर्मचारियों ने थाली बजाकर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया। शहर के कई क्षेत्रों में प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी लघु सचिवालय पहुंचे व ज्ञापन दिया।

खुद को नियमित करने, नियमित किए जाने तक एलटीसी,अर्जित अवकाश, शिशु देखभाल अवकाश, अनुकंपा सहायता, सेवा सुरक्षा तथा हरियाणा सिविल सर्विस रूल 2016 लागू करने की मांग कर्मचारी कर रहे हैं। कर्मचारियों ने कहा कि 7वें वेतन आयोग का लाभ प्रदान करने की सैद्धांतिक मंजूरी 2 नवम्बर 2021 सरकार द्वारा प्रदान की गई है, परंतु वित्त विभाग की ओर से समेकित किए जाने का तुगलकी फरमान जारी किया गया है। मांग है कि इस आदेश को निरस्त करते हुए सरकार जल्द से जल्द कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग का लाभ दे। वर्ष 2017 से 2022 तक एनएचएम कर्मचारियों द्वारा किये गये आंदोलन, हड़ताल की अवधि का वेतन ड्यूटी अवधि मानते हुए स्वास्थ्य विभाग के अन्य संगठनों की तरह वेतन जारी किया जाए। कर्मचारियों को कैश लैस मेडिकल सुविधा का लाभ दिया जाए। एनएचएम कर्मचरियों के सेवा नियमों में अनेक श्रेणियों के वेतनमान में विसंगति हैं। इसलिए वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए।

## बच्ची को जलाकर मारने के केस की निशुल्क पैरवी करेगा फरिश्ते ग्रुप

**गुरुग्राम।** सेक्टर-107 स्थित सिग्नेचर ग्लोबल सोलेरा सोसाइटी में एक जुलाई 2024 को पड़ोसी द्वारा 9 साल की बच्ची को घर में घुस गला घोंटकर व जलाकर हत्या के केस में फरिश्ते ग्रुप पीड़ित परिजनों से मिला।

बच्ची के परिजनों ने को फरिश्ते ग्रुप से संपर्क किया। फरिश्ते ग्रुप के पदाधिकारी मुख्य सचिव एडवोकेट अंजू रावत नेगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल एडवोकेट कुलभूषण भारद्वाज व चेयरमैन एडवोकेट पंकज वर्मा ने परिजनों से मिलकर केस की जानकारी ली। उनका केस निशुल्क लड़ने की बात कही। जिस पर परिजनों से अपनी सहमति दे दी है। डॉ. अंजू रावत नेगी ने बताया कि बच्ची को बहुत बुरी तरह से जला दिया था। घर का सोना चोरी करने का एंगल भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि इस केस की गहन जांच होनी चाहिए। वह अपनी तरफ से कोर्ट में पूरा प्रयास करेंगी कि दोषी को कड़ी से कड़ी सजा हो। इस बारे में फरिश्ते ग्रुप ने पुलिस से भी मुलाकात की है। मांग रखी है कि आरोपी को माइनर इन कन्फलिकट विद लॉ माना जाना चाहिए।

# सीवरेज ओवरफ्लो पर नपे दो ठेकेदार

- दोनों ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज करने की निगम ने की सिफारिश
- सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का निगम ने किया समाधान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



नगर निगम गुरुग्राम बादशाहपुर के त्यागीवाड़ा मोहल्ला में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या का समाधान किया गया है। इसके साथ ही सीवरेज प्रणाली के संचालन और रख-रखाव करने वाली तथा सीवरेज मोटर का संचालन व रखरखाव करने वाली एजेंसियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस आयुक्त को शिकायत भेजी गई है।

नगर निगम के कार्यकारी अभियंता-4 संजीव कुमार द्वारा पुलिस आयुक्त को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि नगर निगम द्वारा वार्ड-25 क्षेत्र में सीवरेज प्रणाली के संचालन और रख-रखाव के लिए मैसर्स सुरेश कुमार को कार्य सौंपा हुआ है। इसके अतिरिक्त सीवरेज मोटर के संचालन व रख-रखाव का कार्य मैसर्स मैक्सवर्थ इंफ्राटेक को सौंपा हुआ है। रविवार को बादशाहपुर के त्यागीवाड़ा में काफी मात्रा में पानी जमा हो गया था। इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाना दोनों एजेंसियों की जिम्मेदारी है। निगम अधिकारियों ने साइट पर आवश्यक उपकरण भेजने के लिए कई बार दोनों ठेकेदारों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों में से किसी ने भी जनता की इस मांग का जवाब नहीं दिया। स्थानीय निवासियों के अनुसार इन ठेकेदारों की लापरवाही के कारण क्षेत्र में कई दुर्घटनाएं हुई तथा नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इससे नगर निगम की छवि भी धूमिल हुई है। इन तथ्यों के मद्देनजर दोनों ठेकेदारों के खिलाफ सार्वजनिक उपद्रव पैदा करने, दुर्घटनाओं का कारण बनने और नगर निगम की छवि धूमिल करने संबंधी मामला दर्ज करने की शिकायत कार्यकारी अभियंता द्वारा भेजी गई है।

कार्यकारी अभियंता ने बताया कि संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता आशीष हुड्डा व कनिष्ठ अभियंता आरिफ खान ने रविवार को ही मौके पर पहुंचकर अन्य किसी स्थान से आवश्यक उपकरण व मशीनरी की व्यवस्था की तथा मौके पर खड़े रहकर पानी निकासी के प्रबंध किए। अब इस समस्या का समाधान हो गया है, जिससे वहां के नागरिकों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति ना बने इसके लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे।

# यातायात संबंधी खामियों को जल्द दूर किया जाएगा, डीसीपी ट्रैफिक ने चिन्हित किए स्थान

- गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड टोल के सभी बेरिअर पॉइंट्स पर उपलब्ध होगी फास्ट टैग की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



डीसीपी ट्रैफिक उषा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर का सर्वे किया जा रहा है और सर्वे के आधार पर यातायात से संबंधित खामियों की पहचान करके उनको दूर करने के लिए संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। यातायात पुलिस द्वारा एक कदम आगे बढ़ते हुए डीसीपी ट्रैफिक के नेतृत्व में शहर का सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान स्थानों को चिन्हित करके खामियों को दूर किया जाएगा। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर व् अन्य कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग का सर्वे किया। यातायात पुलिस द्वारा एनआईटी जोन के मार्गों का सर्वे किया जा चुका है और बिन्दुओं का चयन करके नगर निगम फरीदाबाद, एफएमडीए को स्ट्रीट लाइट, रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, रेड लाइट, ड्रेनेज सिस्टम, रोड डिवाइडर, जेबरा क्रासिंग इत्यादि को दुरुस्त करने के लिए प्रत्राचार किया जा चुका है। इसके साथ ही फरीदाबाद गुरुग्राम टोल रोड का भी निरिक्षण करके खामी को दूर करने के लिए पत्राचार किया गया है तथा टोल औथोरटी को सभी टोल पॉइंट्स पर फास्ट टैग सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है।

# धौलपुर के पत्थर से चमकेंगी पार्क की दीवारें

- विधायक ने किया सेक्टर 10 के ब्लॉक डी टू में ट्रैक का उद्घाटन

**दयाराम वशिष्ठ।** फरीदाबाद



जिले के सेक्टर 10 का ब्लॉक डी टू धौलपुर के पत्थर से चमचमाता नजर आएगा। यही नहीं, फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने इस ब्लॉक की सुंदरता को चार चांद लगाने के साथ साथ सेक्टरवासियों के घूमने के लिए ट्रैक का उद्घाटन किया।

सेक्टरवासियों ने प्रसन्नता जताते हुए विधायक का आभार जताया है। ट्रैक के उद्घाटन से पूर्व ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन व महासचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट ने फूलों का गुलदस्ता देकर विधायक नरेन्द्र गुप्ता का स्वागत किया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा अगले हफ्ते कम्यूनिटी सेंटर में टाइल लगाने का कार्य भी जल्दी शुरू करा दिया जाएगा। पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला ने कहा कि प्रदेश हो या देश में डबल इंजन की सरकार चल रही हैं कहीं भी विकास की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# आईटीआई में दाखिले के लिए 23 अगस्त तक करें आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, अन्तर्गत सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले हेतू जिन उम्मीदवारों द्वारा पहले ऑनलाइन दाखिला फार्म जमा नहीं कराए गए है। ऐसे उम्मीदवारों के आईटीआई में दाखिले हेतू ऑनलाइन दाखिला फार्म भरने के लिए पोर्टल लिंक 23 अगस्त तक खुला रहेगा। जो उम्मीदवार दाखिले के लिए पूर्व में फार्म भर चुके हैं। उन्हें फिर से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। आईटीआई सोहना की प्राचार्या सोनिया तक्षक ने बताया कि ऑन दा स्पॉट दाखिले के लिए इस दाखिला सत्र 2024-25 के लिए पहले ही दाखिला आवेदन फार्म भरे जा चुके हैं। संस्थान द्वारा 12 से 23 अगस्त तक मैरिट के आधार पर ऑन दा स्पॉट दाखिले किए जाएंगें। प्रार्थी को दाखिला पोर्टल से जारी अपना रैंक अथवा मैरिट कार्ड सम्बन्धित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिसमें वह दाखिला लेना चाहता है में जमा कराना होगा।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोहना में सभी व्यवसायों में दाखिले के लिए 314 सीटें अभी रिक्त हैं। दाखिले के लिए संस्थान में किये जाने वाले डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय सभी प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों की मूल प्रतियां भी दिखानी होगी। योग्य प्रार्थियों द्वारा दाखिला फीस का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराएं सभी पात्र मतदाता: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जो पात्र मतदाता किसी कारणवश अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करवा पाए हैं, उनके लिए अभी भी इसका अवसर है कि वह वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवाएं। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से वोटर लिस्ट में अपना नाम पंजीकरण सुनिश्चित बनाने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर रहे सभी युवा मतदाता अपना वोट अवश्य बनवाएं। सभी लोग अपना वोट चेक कर ले और किसी को अगर कुछ चेंज कराना है या मतदाता सूचि में नाम दूसरी जगह शिफ्ट कराना है तो ऐसे व्यक्ति अब आवेदन कर सकते है। फॉर्म - 06, 07 और 08 अभी स्वीकार किए जा रहे है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 2 से 16 अगस्त 2024 तक दर्ज करवाई जा सकती हैं। दावे एवं आपत्तियों का निपटान 26 अगस्त तक किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा पोलिंग स्टेशन पर बीएलओ को उपस्थित रहने के लिए 3, 4, 10 व 11 अगस्त विशेष तिथियां जारी की गई थी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 अगस्त 2024 को किया जाएगा।

### एचएसएससी ने ग्रुप सी के 350 पदों के लिए मांगे आवेदन

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने विभिन्न विभागों से संबंधित ग्रुप सी के साढ़े तीन सौ पदों के लिए आवेदन मांग लिए हैं। मंगलवार को जारी जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा पोस्ट ग्रु-7 में निकाली गई हैं। यहां 133 पोस्ट के लिए एचएसएससी की ओर से आवेदन मांगे गए हैं। इसमें एग्रीकल्चर इंस्पेक्टर, फॉरेस्ट रेंजर, मार्केटिंग ऑफिसर के पद शामिल हैं। ग्रुप-3 में विभिन्न विभागों में 93 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। ग्रुप-4 में 10 पदों पर, ग्रुप-5 में 19, हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 27 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा ग्रुप-9 में 25 पोस्ट पर आवेदन मांगे गए हैं। ग्रुप-49 ए और 54 में 40 पोस्ट भरी जाएंगी। एचएसएससी की ओर से निकाली गई पोस्ट के लिए कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट जरूरी किया गया है। अभ्यार्थी 15 अगस्त तक रात 11.59 बजे आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद, वेबसाइट लिंक बंद कर दिया जाएगा। सबसे अहम बात यह है कि जो पहले इन भर्तियों के लिए आवेदन कर चुके हैं उन्हें अपने सीईटी रजिस्ट्रेशन के आधार पर इन पदों के लिए नए सिरे से आवेदन करना होगा। आयोग की ओर से इन पोस्ट के लिए योग्यता और उम्र का मापदंड जारी किया गया है। पोस्ट के आधार पर अभ्यर्थी का मैट्रिक या उच्च शिक्षा में हिंदी या संस्कृत एक विषय के रूप में पास होना अनिवार्य है। इसके अलावा 18-42 वर्ष के अभ्यर्थी ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

### शाहबाद मिल स्थापित करेगा नए कीर्तिमान: सुशील

**शाहबाद/कुरुक्षेत्र।** शाहबाद शुगर मिल के चेयरमैन एवं उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि शाहबाद शुगर मिल का चीनी उत्पादन एथनॉल और रिकवरी के लिए पूरे देश में अपनी एक पहचान है। इस शुगर मिल की इस पहचान को बनाने के लिए किसानों, कर्मचारियों, अधिकारियों का अहम योगदान है। इतना ही नहीं आने वाले पेराई सत्र में शाहबाद शुगर मिल निश्चित ही नए कीर्तिमान स्थापित करेगी, लेकिन इसके लिए सभी को मिलकर मेहनत और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वाह करना होगा। उपायुक्त सुशील सारवान मंगलवार को शाहबाद शुगर मिल के सभागार में दि शाहबाद सहकारी चीनी मिल के निदेशक मंडल की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इससे पहले उपायुक्त सुशील सारवान का पहली बार शाहबाद शुगर मिल पहुंचने पर शुगर मिल के प्रबंधक निदेशक विरेंद्र कुमार और बोर्ड के सदस्य नवीन कुमार, वीएस ढुल, बलदेव कल्याण, बलकार सिंह, धर्मबीर सिंह, गुरराज सिंह, नरेंद्र घराड़सी, रणबीर सिंह, तुनखां, नैब कुमार, सुरिंदर कौर ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उपायुक्त सुशील सारवान ने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के सभी सदस्यों के साथ परिचय किया और शाहबाद शुगर मिल की प्रगति से संबंधित फीडबैक रिपोर्ट ली है।

# स्कूल के पास नशीला पदार्थ बेचने वालों को हटाया

- शिक्षण संस्थान के निकट नहीं बेच सकते नशे की चीजें

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


नशे के विरुद्ध छात्रों को जागरुक करते हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा।

राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो की ओर से गुरुग्राम में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में प्रतिदिन नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादरपुर और भोंडसी में अलग-अलग जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गए।

ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को इस कार्य के लिए विशेष रूप से नियुक्त किया गया है। वे प्रतिदिन साइकिल पर ही घूम कर संदेश दे रहे हैं। विद्यालय की प्राचार्या ज्योति बाला की अध्यक्षता में कादरपुर गांव में नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात ब्यूरो अधिकारी डॉ. वर्मा ने विद्यालय के 100 मीटर के क्षेत्र में तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले लोगों को चेतावनी दी और कहा कि भविष्य में कोई भी नशीला पदार्थ दुकान में नहीं रखेंगे। इसकी सूचना प्राचार्या ज्योति बाला को देकर कहा कि यदि कोई नियमों की पालना नहीं करता तो उचित कार्रवाई करें। ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा साइकिल से गुरुग्राम के विभिन्न गांवों तक गए और विभिन्न मुख्य मार्गों पर गए। उन्होंने आने जाने वाले लोगों को नशे से दूर रहने को जागरूक किया।

# प्रदेश प्रवक्ता बनने पर प्रदीप चौहान ने वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता बनाए गए प्रदीप चौहान का हेलीमंडी में स्वागत करते लोग।

पटौदी इलाके के हेलीमंडी में कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप चौहान का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रदीप चौहान को फूल माला और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

प्रदीप चौहान कहा कि वह लोगों का तहे दिल से स्वागत करते हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का भी धन्यवाद करते हैं कि उन्हें इस पद पर नियुक्त किया है। प्रदीप चौहान ने कहा कि उन्हें प्रदेश प्रवक्ता के तौर पर जो पार्टी ने उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसे भली भांति निभाएंगे। अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज बागड़ी समेत पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का भी धन्यवाद किया। प्रदीप चौहान ने कहा कि वह पिछले काफी समय से पटौदी की जनता के बीच उनकी सेवा कर रहे हैं। इस मौके पर सुधीर चौधरी, जीतू चौहान वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जयकिशन यादव मिर्जापुर राजेंद्र शर्मा व्यास, प्रमोद चेयरमैन, प्रदीप बोहरा, नरेश शर्मा सरपंच, कृष्ण रोहिला, मनोज कुमार, रामअवतार खंगवाल, पवन पंडित, मोहन सैनी, राजेंद्र, नितेश शर्मा, विनोद रोहिला और विजयपाल यादव मौजूद रहें।

# हरियाणा में भी सेमीकंडक्टर विनिर्माण का हब बनने की क्षमता: दीपक मैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


दीपक मैनी।

प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन दीपक मैनी ने कहा कि भारत तेजी से सेमीकंडक्टर विनिर्माण और सप्लाई का तेजी से हब बनने की ओर अग्रसर है। सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। असम में टाटा की सेमीकंडक्टर यूनिट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस यूनिट के निर्माण में 27 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। पीएफटीआई चेयरमैन ने कहा कि हरियाणा में भी सेमीकंडक्टर विनिर्माण का हब बनने की क्षमता है। पीएफटीआई इसे लेकर लंबे समय से मांग कर रही है। इस मामले में वह हरियाणा सरकार को अपना सुझाव भी दे चुकी है। उन्होंने कहा कि असम में बनने वाली यूनिट की प्रस्तावित क्षमता प्रतिदिन 4.83 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप्स की है। यह यूनिट वायर बॉन्ड, फ्लिप चिप और आई-एसआईपी प्रौद्योगिकियों सहित स्वदेशी उन्नत अर्धचालक पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों के विकास का विशेष स्थान होगा।

# मेडिकल कॉलेज का निर्माण समय पर पूरा हो: डीसी

- 541.83 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है श्री शीतला माता देवी चिकित्सा शिक्षण संस्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी निशांत कुमार यादव।

जिला के गांव खेड़ी माजरा के समीप निर्माणाधीन श्री शीतला माता देवी मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल का डीसी निशांत कुमार यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज को बनवाते समय इस बिल्डिंग में लगाए जाने वाले चिकित्सा उपकरण और चिकित्सा सेवाओं को ध्यान में रखा जाए। इसके लिए मुख्य सचिव की अनुमति से जल्दी ही मेडिकल एजुकेशन रिसर्च विभाग और जीएमडीए की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि सेक्टर-102ए में गांव खेड़ी माजरा के समीप करीब 31 एकड़ की भूमि में 541.83 करोड़ रूपए की लागत से श्री शीतला माता देवी मेडिकल कालेज एंड हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है। दो साल पहले यह निर्माण कार्य शुरू हुआ था।

# तीज उत्सव पर बच्चों व महिलाओं ने दी प्रस्तुतियां

- महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना परिवार के सदस्यों एवं अग्रवाल समाज ने किया आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



हर त्यौहार की भांति तीज उत्सव भी महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) परिवार के सदस्यों द्वारा एवं अग्रवाल समाज की महिलाओं ने उत्साह से मनाया।

मैसी द्वारा विद्या भारती परिसर,गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में तीज उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र, महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल एवं गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा तीज त्यौहार से सम्बंधित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मैसी के प्रधान मुनीष मित्तल ने बताया कि मैसी परिवार द्वारा हरियाली तीज-2024 उत्सव में पारंपरिक हरियाणवी नृत्य-संगीत के साथ खानपान का भी विशेष प्रबंध किया गया था।

# राजस्थान के बाद अब हरियाणा में भी ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

राजस्थान के बाद अब हरियाणा में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया जाए। इस उद्देश्य को लेकर बल्लभगढ़ अनाज मंडी स्थित ब्राह्मण भवन में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें 'हम भारत के ब्राह्मण' नामक संगठन ने जिला ब्राह्मण सभा के साथ मिलकर एक प्रस्ताव पास कर सभी दलों से मांग की कि हरियाणा में ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया जाए।

हम भारत के ब्राह्मण नामक संगठन का दावा है कि उनकी मांग पर भाजपा ने राजस्थान को ब्राह्मण मुख्यमंत्री दिया है। अब यह संगठन हरियाणा की हर विधानसभा में पहुंचकर ब्राह्मण संगठनों के साथ मीटिंग कर रहा है, जहां उनका एजेंडा यही रहता है कि हरियाणा में ब्राह्मण मुख्यमंत्री कैसे बने। इसी कड़ी में हम भारत के ब्राह्मण की टीम मंगलवार को बल्लभगढ़ की अनाज मंडी पहुंची। जहां टीम ने ब्राह्मण भवन में पहुंचकर जिला ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मीटिंग कर इस उद्देश्य को सफल बनाए जाने पर चर्चा की। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बड़ी राजनैतिक दल विगत 75 सालों से निर्दोष ब्राह्मणों की तीन पीढ़ियों को बर्बादी की सीमा तक नुकसान पहुंचाया है।

# 'सरकार करेगी आढ़तियों के नुकसान की भरपाई'

## सीएम ने की हरियाणा अनाज मंडी आढ़ती एसो. और राज्य राइस मिल एवं डीलर एसो. के सदस्यों के साथ बैठक

- धान की आढ़त 45.88 से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल की
- जुलाई और अगस्त में चावल पर सरकार देगी 10 रुपये का बोनस



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को आढ़तियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं करते हुए धान की आढ़त को 45.88 रुपये से बढ़ाकर 55.00 रुपये प्रति क्विंटल करने का फैसला किया। इससे लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जोकि किसी भी राज्य में नहीं दी जा रही है। साथ ही, उन्होंने कहा कि गेहूं में शॉर्टेज के कारण आढ़तियों को हो रहे नुकसान की भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी, इसके लिए उन्होंने 12 करोड़ रुपये का मुआवज़ा देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं मंगलवार को संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री निवास) पर हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन और हरियाणा राईस मिलर्ज एंड डीलर्ज एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक करते हुए की। इस मौके पर परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल और शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा मौजूद रहे। बैठक में आढ़तियों द्वारा गेहूं में शॉर्टेज का मुद्दा उठाया गया और कहा कि वर्ष 1966 से लेकर आज तक किसी भी सरकार ने इस कमी की भरपाई नहीं की है। ये कमी औसत 0.20 प्रतिशत हर साल रहती है। पिछले रबी सीजन की कमी 0.28 प्रतिशत रही। नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2023-24 की चावल की एफसीआई को डिलीवरी की आखिरी तारीख 30 जून 2024 तक थी। उस दिन तक जिन्होंने सप्लाई दे दी थी, उन्हें हरियाणा सरकार की ओर से 10 रुपये बोनस दिया गया है।

कई मिलर्स को स्टोरेज की कमी से डिलीवरी में इस बार दिक्कतें आई थी। इसलिए आखिरी तारीख को बढ़ाकर 31 अगस्त 2024 तक करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार को आखिरी तारीख बढ़ाने का अनुरोध किया है और उम्मीद है कि यह स्वीकृति शीघ्र आ जाएगी। इसलिए हरियाणा सरकार की ओर से जुलाई और अगस्त में दिए जाने वाले चावल पर 10 रुपये बोनस दिया जायेगा।

# बाल वाटिकाओं में लुढ़का नामांकन ग्राफ

- शिक्षा निदेशालय ने डीईओ को लगाई कड़ी फटकार
- पंचकूला को छोड़कर 21 जिलों की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं

### प्रवेश बढ़ाने के लिए शिक्षकों को दिए गए थे टारगेट

राजकीय स्कूलों में घटते दाखिला ग्राफ को बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष टारगेट दिए थे और शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 20 प्रतिशत दाखिला बढ़ाने के निर्देश दिए थे। मगर ज्यादातर जिलों में नामांकन अभियान का प्रदर्शन असंतोषजनक रहा है, जिले निर्धारित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए। कई जिलों के स्कूलों में नामांकर शून्य रहा है। इसके साथ ही 20 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों में भी बढ़ोतरी नहीं हुई है। यही नहीं अधिकांश सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका में 3 से भी कम नामांकन हुए हैं।

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के स्कूलों में दाखिला बढ़ाने के लिए शुरू की गई बालवाटिकाओं में नामांकन लगातार कम हो रहा है। शिक्षा विभाग ने बालवाटिका में घट रहे दाखिलों पर चिंता जताते हुए संबंधित जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई है।

शिक्षा निदेशालय की ओर से बालवाटिका में दाखिले के लिए टारगेट दिया गया था। मगर टारगेट के अनुरूप काम नहीं हुआ है। कई जिलों के स्कूलों में शून्य से केवल तीन दाखिल हुए हैं। मौलिक शिक्षा निदेशक ने मंगलवार को लिखे पत्र के माध्यम से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अंबाला, भिवानी, चरखी-दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुरुग्राम, हिसार, जींद, करनाल, कैथल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, नूंह-मेवात, पलवल, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत व यमुनानगर को फटकार लगाते हुए दाखिला रिपोर्ट तलब की है। पत्र में निदेशालय ने स्पष्ट उल्लेख किया है कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में खासकर बाल वाटिकाओं में नामांकन असंतोषजनक है। शिक्षा निदेशालय ने डीईओ से नामांकन की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। यही नहीं कम नामांकन वाले जिलों से स्पष्टीकरण भी देने के निर्देश दिए हैं। कम नामांकन वाले जिलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# प्रेस क्लब के तीज महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समां

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

प्रेस क्लब द्वारा मंगलवार को रेलवे रोड स्थित एक हॉटल में तीज महोत्सव मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी जयभगवान शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सूरजभान कटारिया व शेखर गौत्तम बतौर विशिष्ठ अतिथि पहुंचे।

इस दौरान हरियाणा कला परिषद के कलाकारों ने तीज उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर क्लब के प्रधान रामपाल शर्मा, कृष्ण धमीजा, बृजेश द्विवेदी, विकास बत्तान, बाबूराम तूषार, जसबीर दुग्गल, जयनारायण शर्मा, राजेंद्र वर्मा, अशोक यादव, देवीलाल बारना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व क्लब की ओर से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि वरिष्ठ समाजसेवी जयभगवान शर्मा डीडी ने सभी को तीज पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय त्यौहार आपस में भाईचारे को बढावा देते हैं।

# अग्रोहा धाम को दस एकड़ जमीन देगी राज्य सरकार

- विस अध्यक्ष ने ली अग्रोहा डेवलपमेंट कमेटी की बैठक, जीपीआर रिपोर्ट पेश

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



अग्रोहा डेवलपमेंट कमेटी की अध्यक्षता करते विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता की अध्यक्षता में अग्रोहा डेवलपमेंट कमेटी ने अग्रोहा के विकास का खाका तैयार कर लिया है। हरियाणा विधान सभा सचिवालय में आयोजित बैठक में अग्रोहा में स्थापित की जाने वाली बड़ी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कमेटी के सह-अध्यक्ष एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता समेत अनेक पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और अग्रवाल संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अग्रोहा टीले के अध्ययन के लिए की गई जीपीआर (ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार) रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इस रिपोर्ट के लिए मानव रहित हवाई वाहन से टीले की डिजिटल मैपिंग की गई है। अध्ययन में ईंट-पत्थरों (टूटी हुई संरचनात्मक सामग्री) के मजबूत समूह दिखाई दिए। स्तूप के निकट 0.05 मीटर की गहराई पर प्रोफाइल ग्रिड का मजबूत प्रतिबिंब दिखा है। मजबूत क्लस्टरिंग प्रतिबिंब प्रोफाइल पर एक मंच या ईंट-बैट संरचना मिली है। यहां नीचे दबी हुई दीवारें भी दिखाई दी हैं। गौरतलब है कि जीपीआर तकनीक में पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, भूविज्ञान और पुरातत्व से संबंधित सभी क्षेत्रों का व्यापक रूप से अध्ययन किया जाता है।

बैठक में तय हुआ कि अग्रोहा में मौजूद लोक निर्माण विभाग की करीब 10 एकड़ भूमि हरियाणा पुरातत्व विभाग को हस्तांतरित करवाने के लिए सरकार को लिखा जाएगा। इस भूमि पर अग्रोहा डेवलपमेंट कमेटी पर्यटन को बढ़ावा देने वाली परियोजनाएं स्थापित करेगी।

# एनसीपी छात्र इकाई की अध्यक्ष सोनिया दुहन कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को आज उस समय झटका लगा जब पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया दूहन एनसीपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गई। सोनिया एनसीपी के छात्र विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता, कार्यकारिणी सदस्य तथा एनसीपी के राष्ट्रीय कार्यालय की इंचार्ज भी रही।

नारनौंद विधानसभा के गांव पेटवाड़ निवासी सोनिया दुहन करीब डेढ साल पहले 26 जनवरी 2023 को उस समय चर्चा में आई जब वह महिला कोच यौन उत्पीड़न मामले में पिहोवा के अंदर गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पूर्व मंत्री संदीप सिंह के मंच तक पहुंच गई और विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया दुहन ने बेटी मांगे इंसाफ तथा हरियाणा बचाओ-संस्कृति बचाओ अभियान चलाए हैं। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आज पार्टी में बंपर ज्वाइनिंग हुई। आज पार्षद, पूर्व पार्षद, पूर्व प्रत्याशी समेत बीजेपी, जेजेपी, इनेलो, आप व अन्य दलों को छोड़कर आए करीब 50 नेताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। हुड्डा और उदयभान ने सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत किया।

# अब रद्दी नहीं होंगे एस्टेट-एचटेट प्रमाणपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- प्रदेश सरकार ने जीवन भर के लिए मान्य की प्रमाण-पत्रों की मान्यता

हरियाणा में राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा (स्टेट) और हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) पास करने वाले पौने तीन लाख से अधिक युवाओं के लिए अच्छी खबर है। अब उनके प्रमाणपत्र कभी रद्दी नहीं होंगे। केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटेट) प्रमाण पत्र की तर्ज पर एचटेट और स्टेट प्रमाणपत्र भी जीवन भर के लिए मान्य होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनीत गर्ग ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एचटेट और स्टेट पास करने वाले युवाओं के प्रमाणपत्रों की मान्यता आजीवन (लाइफ टाइम) के लिए कर दी है। पहले एचटेट प्रमाणपत्र की मान्यता पांच साल के लिए थी, जिसे जून 2020 में सात साल कर दिया गया था।

एचटेट प्रमाणपत्र को आजीवन वैध करने से जेबीटी (जूनियर बेसिक ट्रेंड), टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) और पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) कोर्स करने वाले पौने तीन लाख युवाओं को राहत मिली है, जिनके पास एचटेट पास के प्रमाणपत्र हैं। एचटेट पास एसोसिएशन लंबे समय से सरकार पर एचटेट प्रमाणपत्र की अवधि को बढ़ाने का दबाव बनाए हुए थी।

प्रदेश सरकार ने इन युवाओं को राहत देते हुए प्रमाणपत्रों की मान्यता जीवन भर के लिए मान्य कर दी है। ऐसे में युवाओं को दोबारा एचटेट परीक्षा पास नहीं करनी पड़ेगी। जल्द ही पात्र युवाओं को आजीवन वैधता संबंधी प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएंगे।

# मंत्री पर आरोप लगाने वाली महिला कोच ने मांगा कांग्रेस से टिकट

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- संदीप सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ने की जताई इच्छा
- पार्टी को मिले 2250 आवेदकों में 400 महिलाएं

हरियाणा के पूर्व मंत्री संदीप सिंह पर यौन शोषण के आरोप लगाने वाली महिला कोच भी कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है। महिला कोच ने पिहोवा विधानसभा हलके से टिकट की दावेदारी जताई है। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने विधानसभा चुनाव लड़ने के दावेदार टिकटार्थियों का पूरा ब्यौरा तलब कर लिया है। राज्य की 90 विधानसभा सीटों पर करीब 2250 नेताओं ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन किए हैं। इनमें करीब 400 महिला दावेदार हैं, जो इस बार कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा रखती हैं। कांग्रेस प्रभारी ने चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी आवेदकों को तीन जोन में बांटकर उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि तथा कांग्रेस के प्रति समर्पण का आकलन आरंभ कर दिया है।

कांग्रेस प्रभारी ने हर जिले में गोपनीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं, जो यह जांच कर रहे हैं कि टिकट के लिए आवेदन करने वाले संबंधित दावेदार ने लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के उम्मीदवारों के प्रति कहीं कोई भितरघात तो नहीं की है। सभी पर्यवेक्षकों को 16 से 18 अगस्त के बीच अपनी रिपोर्ट उन्हें सौंप देने के निर्देश दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने स्वयं किलोई विधानसभा सीट से टिकट के लिए आवेदन किया है। पूरे प्रदेश में गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा सीट ऐसी है, जहां सबसे कम आवेदन आए हैं।

कांग्रेस विधायकों में बेरी के विधायक डा. रघबीर कादियान को छोड़कर अधिकतर मौजूदा विधायकों ने टिकट के लिए आवेदन किए हैं। कांग्रेस नेत्री श्वेता ढुल ने कलायत विधानसभा सीट से टिकट के लिए आवेदन किया है, जबकि पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने गन्नौर से टिकट मांगा है। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा और राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने विधानसभा टिकट के लिए आवेदन नहीं किए हैं, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने उचाना विधानसभा सीट से टिकट के लिए आवेदन किया है। हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रधान जितेंद्र भारद्वाज ने सोहना से टिकट मांगा है, जबकि फिल्म अभिनेता राज बब्बर ने टिकट के लिए आवेदन नहीं किया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समधि करण सिंह दलाल ने पलवल से टिकट मांगा है।

# राज्यसभा सांसद के बयान पर हंगामा

- महिला आयोग पहुंची नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा से राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा द्वारा राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान नर्सों के संबंध में दिए गए बयान पर बवाल हो गया है। सांसद के इस बयान की जहां विपक्ष द्वारा आलोचना की जा रही है वहीं हरियाणा की नर्सिंग ऑफिसर इस मुद्दे पर आज महिला आयोग पहुंच गई।

जांगड़ा द्वारा चर्चा के दौरान जहां परोक्ष रूप से नर्सों पर कटाक्ष किया गया है वहीं हरियाणवी मूल के लोगों को भी मजाक उड़ाया गया है। इसे लेकर सांसद आज दिनभर सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए। हरियाणा के सभी वाट्सएप ग्रुपों में रामचंद्र जांगड़ा के खिलाफ टिप्पणियां होती रही। सांसद के बयान के बाद जहां राजनीतिक दलों ने उन्हें घेर लिया है वहीं नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विनीता बांगड़ के नेतृत्व में एसोसिएशन की पदाधिकारी मंगलवार को पंचकूला स्थित महिला आयोग के कार्यालय पहुंची और रामचंद्र जांगड़ा के खिलाफ शिकायत दी। एसोसिएशन अध्यक्ष विनीता बांगड़ के अनुसार राज्य सभा सांसद ने सर्वोच्च सदन में हरियाणा की नर्सों का अपमान किया है। यह सरकार उनकी मांगों को लेकर तो गंभीर नहीं है और अब सदन में अपमानित किया जा रहा है। रामचंद्र जांगड़ा को चाहिए तो यह था कि वह नर्सिंग ऑफिसर की मांगों को लेकर सरकार से बात करके उनका समाधान करवाते लेकिन इसके उलट उन्होंने सदन में मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। विनीता बांगड़ ने कहा कि सांसद सार्वजनिक रूप से इस बारे में माफी मांगे अन्यथा एसोसिएशन द्वारा सांसद के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया जाएगा।

इस विवाद के बाद सांसद जांगड़ा भी आज मीडिया के सामने आए और उन्होंने कहा कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया है। विपक्ष द्वारा एडिट की हुई वीडियो चलाई जा रही है जबकि वास्तविकता में मैंने किसी भी महिला का अपमान नहीं किया। मैंने तो नर्सों की तुलना भगवान से की थी।

### क्या कहा था रामचंद्र जांघड़ा ने

हरियाणा से राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान कि हरियाणा में एक आदमी बीमार हो गया। उसके शरीर में तकलीफ थी। वह हॉस्पिटल में बेड पर लेटा हुआ था। नर्स आई, नौजवान थी, बड़ी सुंदर थी। हाथ पकड़कर कहने लगी कि ताऊ क्या तकलीफ है? तो मरीज बोला- हाथ पकड़े रह मेरा बस, मुझे कोई तकलीफ नहीं। यानी मोदी जी हमारा हाथ पकड़े रहो, फिर हमें कोई तकलीफ नहीं।

# मेधावी छात्रा आन्या को सांसद नवीन जिंदल ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



12वीं कक्षा में 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आन्या को सांसद नवीन जिंदल ने मैसी के एक कार्यक्रम में सम्मानित किया है। महाराजा अग्रसेन शिक्षण सम्मान योजना (मैसी) के मुख्य व्यवस्थापक राजेश सिंगला ने बताया कि सांसद जिंदल समय समय पर प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं युवाओं को सम्मानित ही नहीं करते हैं बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों के भविष्य के लिए अनेक योजनाएं भी चलाई हुई हैं।

सिंगला ने कहा कि छात्रा आन्या 12 वीं कक्षा में 98.6 प्रतिशत नंबर लेकर अपना, अपने परिवार का, स्कूल का, समाज का तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है। सांसद ने छात्रा को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। इस मौके पर मैसी के पूर्व प्रधान विनय गुप्ता, कपिल मित्तल, अशोक गर्ग, मनीष मित्तल प्रधान मैसी, बी.बी. जिंदल व अन्य गण मान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवाक्किल डी. मुनिंमल पत्नी श्री आर डी राज निवासी-70- ए, एल आई जी, पॉकेट-ए-2 मयूर विहार फेस-3, पूर्वी दिल्ली -110096 ने अपने पुत्र डी. मुरली पुत्र आर. डी राज, आयु 45 वर्ष है। जिसका चाल-चलन सही नही है। जो कि मानसिक रूप से सही नहीं है। जिस कारण अपने समस्त समाजिक, पारिवारिक सम्बन्ध विच्छैद कर लिये है, तथा उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, इनके किसी भी कत्य/ कार्य के लिए मेरा मुवाक्किल एंव उसका परिवार जिम्मेदार नही होगा।

प्रवीन कुमार अधिवक्ता
चैम्बर नं. एफ-44, कड़कड़डूमा कोर्ट शाहदरा दिल्ली-32

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी मुवक्किल श्रीमती विमलेश पत्नी स्व. रामभरोसे आवासीय भूखंड के आधे हिस्से की मालिक है, जिसका क्षेत्रफल 0.2115 HT है। यानी 2115 वर्ग. मीटर, कुल क्षेत्रफल 0.2240 HT में से, खसरा नं. 84 खाता नं. 619, ग्राम अच्छेजा, परगना एवं तहसील दादरी, जिला गौतमबुद्ध नगर में स्थित है। श्री रामभरोसे पुत्र श्री काशीराम द्वारा निष्पादित पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 03.08. 2024 पंजीकृत संख्या 40339, एसआर दादरी गौतमबुद्ध नगर के माध्यम से। श्रीमती विमलेश पत्नी श्री रामभरोसे के पक्ष में। उपरोक्त संपत्ति फेड बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के पास बंधक होने जा रही है। यदि किसी व्यक्ति/ बैंक/वित्तीय संस्थान के पास उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/ ग्रहणाधिकार, अधिकार, कोई आपत्ति है, तो उसे दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर पंजीकृत अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी/ **एडवोकेट विशाल मेहन**, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली- 110092 के पते पर सूचित किया जाना चाहिए। ऐसा न करने पर किसी भी दावे, ग्रहणाधिकार या आपत्ति को माफ कर दिया गया माना जाएगा। **एडवोकेट विशाल मेहन**, ई-713, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली- 110092, मोबाइल - 9811215181

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all that my client Shri Ramneek Sabharwal & Mrs. Grusha Sabharwal is Owner of the Entire 3rd Floor, with entire terrace over and above the 3rd Floor, with Space for one Car Parking in the front portion of Stilt area/parking of the freehold property bearing No. I 15/A, Lajpat Nagar-II, New Delhi, (hereinafter called the 'Said Floor') presently owner of the aforesaid Floor by virtue of Sale Deed dated 17.08.2002, duly registered as Reg. No.3975 dated 27.06.2023 with the office of SR- V(1) New Delhi. That the said Floor will be equitably mortgaged by my aforesaid client in the State Bank of India, RACPC, Parliament Street, New Delhi for availing housing loan on purchasing the said Floor. That the original property Documents VIZ 1. Lease Deed dated 22.02.1963(Reg No. 2259) 2. Compromise Decree dated 01.03.1974 (reg 753) 3. Mutation Letter dated 10.04.1989, 4. Relinquishment Deed dated 07.08.1979 (Reg No. 3376) 5. Relinquishment Deed dated 19.03.1986 (Reg no. 1700), 6. Mutation Letter dated 10.04.1989, 7. Conveyance Deed 28.02.2001 (Reg No. 1839) 8. Will dated 01.11.2010 9. Relinquishment Deed dated 20.06.2017 (Reg No. 2787) 10. Relinquishment Deed dated 17.09.2018 (reg No. 5089) 11. Sale Deed dated 14.01.2019 (reg No. 209) 12. Partition Deed dated 28.02.2019, (hereinafter called "the Said Plot Papers") is not available for verification or not traceable. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said Floor on the basis of aforesaid Plot papers or otherwise, may notify to undersigned only on his ranjanjha318@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage.

**Ranjan Kumar Jha (Advocate)**
**Chamber:231,Western Wing Tis Hazari Court**
**Delhi-110054, Mobile : 9990647903**

**PUBLIC NOTICE**

Re: **Private Portion No. 4, on First Floor (Front Side), (the said Portion)** Built on Property Bearing No. 705-T2, area measuring 65 sq. yds, Ward No. 3, comprised in Khasra No. 1151/3 min, situated in the abadi of Lal Dora of village Mehrauli, New Delhi. ***(Hereinafter referred to as the "Said Property").***

Be it known to all that our client, Mr. Dev Singh (hereinafter called the "Purchaser") intend to purchase the said portion of the said property from Mr. Amit Kumar (hereinafter called the seller). The seller has informed the purchaser that he is the sole and absolute owner of the said portion of the said property vide Sale Deed executed by Mr. Gajbhiye in his favour and the said sale deed is registered as Document No. 5762 Book No. 1, Volume No. 4713, pages 93-103 on 11.06.2022 (SRO-VA). The seller further informed the purchaser that Mr. Gajbhiye owned the said portion of the said property vide Notarized POA documents viz., GPA, ATS and Will dated 17.08.2016 executed by Mr. Mohd Arif in his favour. The seller has also informed the purchaser that the said portion of the said property is not mortgaged anywhere and there is no charge or dispute or any litigation pending regarding the said portion of the said property.

Any person including Bank/s, Financial Institution/s. relative/s having any claim, right, title or any interest of any nature whatsoever into or upon the said portion of the said property is hereby called upon to make the same known, in writing, with documentary evidence, by Registered AD Post, to the undersigned at the address mentioned herein below within 07 days of publication of this notice and in the event of no response having been received to the notice, the title of the seller in respect of the said portion of the said property shall be deemed to be clear of any charge or encumbrance of any nature whatsoever and any subsequent claim shall not bind our client/Purchaser, in any manner whatsoever.

**Shivkant Arora, Advocate**
**M/s Intellective Law Offices**
**A-74, LGF, Defence Colony,**
**New Delhi-110024**

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Raveena D/o Naveen Mishra R/o T-25, 2nd Floor, Left Side Gali No-2, Shukar Bazar, Uttam Nagar, New Delhi-110059 declare that I, have changed my name from Raveena or N Raveena to Raveena Mishra for all future purposes.

PD(654)C

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा सूचित करना है कि श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व. श्री इन्द्रपाल निवासी ग्राम- छलेरा बांगर, सैक्टर-44, नोएडा, जिला-गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0), जो कि आवासीय भूखण्ड संख्या-15, ब्लॉक-बी.एल. सैक्टर-145, नोएडा (उ0प्र0) की मूल मालकिन है, उनके वसीयतनामा के आधार पर जो उप निबंधक कार्यालय प्रथम गौतमबुद्ध नगर में बही सं.3, जिल्द सं.1046, पृष्ठ सं. 223-238, क्रमांक सं. 961 पर दिनांक 05.10.2021 को पंजीकृत है। श्रीमती शकुन्तला की मृत्यु दिनांक 01.03.2023 को हो गयी है, जिनके पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर उक्त आवासीय भूखण्ड संख्या-15, ब्लॉक-बी.एल., सैक्टर-145, नोएडा (उ0प्र0) निम्न व्यक्ति को ट्रान्सफर/म्युटेशन किया जा रहा है :-

1. श्री शिव कुमार पुत्र स्वं. श्री इन्द्रपाल निवासी ग्राम- छलेरा बांगर, सैक्टर-44, नोएडा (उ0प्र0)

2. यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भूखण्ड विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर दाखिल कर दें।

श्री शिव कुमार

केनरा बैंक Canara Bank
राजा गार्डन, दिल्ली-110015
ईमेल: cb2019@canarabank.com

सार्वजनिक सूचना

REF NO : MSCB/LOC/2024-25 दिनांक 01/08/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केनरा बैंक, 58, राजा गार्डन, दिल्ली-110015 शाखा के निम्नलिखित लॉकरों को लॉकर धारकों द्वारा पिछले कई वर्षों से नहीं खोला गया है या हमारे बार-बार लिखे गए पत्रों और अनुवर्ती कार्रवाई के बावजूद वे लॉकर शुल्क का बकाया भुगतान नहीं कर रहे हैं:-

1. लॉकर नं. 123005851372/S-1363, धारक का नाम-सुभाष चंद्र बजाज और संतोष रानी, पता-194, राजा गार्डन, दिल्ली, अंतिम संचालन की तिथि-13.05.2011, बकाया राशि - 31.03.2018, बकाया राशि - रु. 21830/-
2. लॉकर नं. 123005889107/ A-36, धारक का नाम - सुरेश कुमार और प्रवीन, पता-193, राजा गार्डन, दिल्ली, अंतिम संचालन की तिथि-30.01.2020, बकाया राशि - 31.03.2018, बकाया राशि - रु. 21830/-
3. लॉकर नं. 123005853762/S-530, धारक का नाम - सुरेश मेहता और शाहिबा मेहता पता - सी-29, बाली नगर, दिल्ली, अंतिम संचालन की तिथि-12.04.2018, बकाया राशि - 31.03.2018, बकाया राशि - रु. 21830/-

इस नोटिस के माध्यम से, लॉकर धारकों में से किसी की मृत्यु होने की स्थिति में लॉकर किरायदारों या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को सूचित किया जाता है कि वे इस नोटिस के 30 दिनों के भीतर लॉकर के स्वामित्व के प्रामाणिक प्रमाण और पासपोर्ट, आधार कार्ड, निवास का प्रमाण आदि जैसे दस्तावेजों के साथ हमारी राजा गार्डन शाखा से संपर्क करें, ताकि नया लॉकर समझौता किया जा सके और लॉकर शुल्क का बकाया भुगतान किया जा सके। यदि किसी भी लॉकर धारक या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों के संबंध में कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो बैंक को 06-09-2024 को गवाहों की उपस्थिति में लॉकर को तोड़ने और लॉकर शुल्क के बकाया की वसूली के लिए लॉकर की सामग्री पर अपना ग्रहणाधिकार प्रयोग करते हुए लॉकर की सामग्री को अलग रखने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

दिनांक 07.08.2024, स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

**एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**

**कॉर्पोरेट एवं पंजीकृत कार्यालय:** 4771, भरत राम रोड, 23, दरियागंज, नई दिल्ली – 110 002, भारत
**सीआईएन:** L29304DL1982PLC428372
**दूरभाष:** 011-43000400 | **ई-मेल:** rkc@elinindia.com | **वेबसाइट:** www.elinindia.com

**30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही हेतु अनअंकेक्षित (एकल एवं समेकित) वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(₹ मिलियन में, यदि अन्यथा दर्शित न हो)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
| | | 30 जून, 2024 | 30 जून, 2023 | 31 मार्च 2024 | 30 जून, 2024 | 30 जून, 2023 | 31 मार्च 2024 |
| | | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अनअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | संचालनों से कुल आय | 2,386.76 | 2,084.83 | 8,352.00 | 2,935.84 | 2,538.33 | 10,417.17 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ के भाग के पूर्व) | 67.53 | 53.77 | 181.92 | 80.62 | 49.32 | 196.83 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ के भाग के पश्चात्) | 67.53 | 53.77 | 181.92 | 80.62 | 49.32 | 196.83 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों तथा सहयोगियों के लाभ के भाग के पश्चात्) | 49.15 | 41.24 | 127.39 | 59.19 | 37.72 | 138.74 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [(अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात्) एवं अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल कर के)] | 47.96 | 43.11 | 130.59 | 59.04 | 39.42 | 147.94 |
| 6. | प्रदत्त समता अंश पूँजी | 248.30 | 248.30 | 248.30 | 239.63 | 239.63 | 239.63 |
| 7. | संचित (पुनः मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त, पूर्व वर्ष के बैलेंस शीट में प्रदर्शित अनुसार) | - | - | 4,052.14 | - | - | 4,791.36 |
| 8. | प्रति अंश आय (₹ 5/– प्रत्येक) (वार्षिकृत नहीं) मूलभूत (₹ में) | 0.99 | 0.83 | 2.57 | 1.24 | 0.79 | 2.90 |
| | तरल (₹ में) | 0.99 | 0.83 | 2.57 | 1.24 | 0.79 | 2.90 |

**टिप्पणी:**
उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल किए गए तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का उद्धरण है। 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों (www.bseindia.com / www.nseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.elinindia.com) पर उपलब्ध हैं।

कृते **एलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**कमल सेठिया**
**प्रबंध निदेशक**
**डीआइएन:** 00081116

**स्थान** : नई दिल्ली
**दिनांक** : 06 अगस्त, 2024


पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 अगस्त, 2024



## न्याय में देरी

### सुधार जरूरी

**भारत के प्रधान न्यायाधीश** ने अदालतों में न्याय मिलने में देरी से पैदा निराशा को देखते हुए तत्काल सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने बहुत से लोगों द्वारा व्यक्त की जा रही चिन्ता का साझा किया है। भारतीय अदालतों में लगने वाले लंबे समय से जनता में भारी निराशा व्याप्त है जिससे 'न्यायिक प्रक्रिया' एक अवांछित परेशानी बन गई है। एक हालिया बयान में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा, 'लोग अदालतों में चलने वाली लंबी कार्यवाहियों से परेशान हो गए हैं और प्रक्रिया अपने आप में दंड बन गई है।' यह कठोर टिप्पणी भारत की कानूनी व्यवस्था में लंबित मामलों के परेशान करने वाले मुद्दे को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता उजागर करती है। भारतीय न्यायपालिका में भारी संख्या में मुकदमे लंबित हैं। यह लंबे समय से जनता में व्याप्त निराशा तथा विधिक विश्लेषण का विषय बनी हुई है। भारत के प्रधान न्यायाधीश का हालिया बयान इस मुद्दे की गंभीरता रेखांकित करता है। इससे स्पष्ट होता है कि अदालतों में विलंब से न केवल न्यायिक प्रक्रिया बाधित होती है बल्कि कानून व्यवस्था में जनता का विश्वास भी घटता है। हालिया अनुमानों के अनुसार, भारतीय न्यायपालिका में विभिन्न स्तरों पर 40 मिलियन से अधिक मुकदमे लंबित हैं और वर्तमान गति के अनुसार इनको निपटाने में 300 साल लग सकते हैं। इस भारी संख्या में दीवानी, आपराधिक और प्रशासनिक मामले शामिल हैं जिनमें से अनेक सालों या यहां तक कि दशकों से लंबित हैं।



ये लंबित मुकदमे एक बाधा पैदा करते हैं जिससे समय पर न्याय नहीं मिल पाता है, कानूनी लड़ाई लंबी खिंचती जाती है तथा वादी-प्रतिवादियों का खर्च बढ़ता जाता है। बहुत अधिक विलंब से न्यायपालिका पर विश्वास घट सकता है क्योंकि लोग कानूनी प्रक्रिया को धीमी और अक्षम मानने लगते हैं। अदालतों में बिना समाधान के मुकदमे लंबित रहने के कारण लोग न्यायिक व्यवस्था की प्रभावशीलता और विश्वसनीयता पर संदेह करने लगते हैं। कानूनी प्रक्रिया लंबी खिंचने के भय से बहुत से लोग अदालतों के माध्यम से न्याय की मांग करने से बचते हैं। यह अनिच्छा खासकर ऐसे लोगों में दिखती है जो लंबी मुकदमेबाजी का खर्च नहीं उठा सकते हैं या जो व्यक्तिगत या वित्तीय बाधाओं के कारण जल्दी समाधान चाहते हैं। असाधारण विलंब के कारण लोग विकल्प तलाशने लगते हैं तथा अक्सर विवादों के समाधान के 'न्यायेत्तर' तरीके खोजते हैं। इसके अलावा बिजनेसों और निवेशकों को अनुबंध लागू करने तथा विवादों के समाधान के लिए जीवन्त विधि व्यवस्था की आवश्यकता है। न्यायिक प्रणाली के प्रति निष्ठा तथा उसकी प्रभावशीलता बनाए रखने के लिए मुकदमे निपटाने में विलंब दूर करना जरूरी है। इससे सुनिश्चित होगा कि न्याय तक सभी नागरिकों की समय पर पहुंच हो। भारत में लंबित मुकदमों के पीछे अनेक कारण हैं। बड़ी संख्या में न्यायिक पद खाली हैं। भारत में कानूनी प्रक्रियायें अत्यधिक जटिल हैं जो अक्सर अनावश्यक विलंब का कारण बनती हैं। अनेक अदालतों में आवश्यक ढांचागत संरचना तथा तकनीकी समर्थन की कमी है। लेकिन विलंब का सबसे बड़ा कारण बार-बार कार्यवाही रुकना है जिसके अक्सर बहुत मामूली कारण होते हैं। बालीवुड फिल्म का संवाद 'तारीख पे तारीख' इस पर सटीक बैठता है। हालांकि कुछ मुद्दों को 'भारतीय न्याय संहिता' के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया गया है, पर बहुत कुछ करना अभी बाकी है। कहावत है कि 'न्याय में विलंब न्याय से इनकार है।' न्याय व्यवस्था को वर्तमान समय में तेजी से बदलते समाज की आवश्यकतायें पूरी करनी चाहिए।

# जापान की नई रक्षा रणनीति

दुनिया इस समय हिरोशिमा व नागासाकी पर 79 वर्ष पहले हुए आणविक हमलों की याद कर रही है। ऐसे समय जापान अपनी रक्षा रणनीति में व्यापक परिवर्तन कर रहा है।



संतोष मैथ्यू
(लेखक, असोशियेट प्रोफेसर हैं)



दुनिया इस समय हिरोशिमा व नागासाकी पर 79 वर्ष पहले हुए आणविक हमलों की याद कर रही है। इस महत्वपूर्ण मोड़ पर जापान अपनी रक्षा रणनीति में व्यापक परिवर्तन कर रहा है। 6 और 9 अगस्त, 1945 को जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गिराए गए अणु बमों से नष्ट हो गए थे। यह द्वितीय विश्वयुद्ध तथा युद्धों के इतिहास में परिवर्तनकारी मोड़ था। इस बमबारी से दसियों हजार लोग तत्काल मर गए थे, जबकि विकिरण के कारण बीमारियों व घावों से मरने वाले लोगों की कुल संख्या 200,000 से अधिक थी। पहले हिरोशिमा पर 'लिटिल ब्वाय' कहे जाने वाले अणु बम से हमला किया गया जिससे ज्यादातर शहर नष्ट हो गया।

इसके तीन दिन बाद नागासाकी पर 'फैट मैन' अणु बम गिराया गया। इस असाधारण विनाश और मानव जीवन की क्षति के कारण जापान ने 15 अगस्त, 1945 को आत्मसमर्पण कर दिया और प्रभावी रूप से द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त हो गया। इन घटनाओं से 'नाभिकीय युग' की शुरुआत हुई जिसने आणविक आयुधों की भयानक विनाशकारी शक्ति स्पष्ट की तथा नाभिकीय नैतिकता, युद्ध और निशस्त्रीकरण पर दुनिया भर में बहस छेड़ दी। इन आणविक बम हमलों ने नाभिकीय टकराव के विनाशकारी परिणामों को उजागर किया। इसके साथ ही आणविक बमों के प्रयोग से दुनिया भर में शांति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्व भी उजागर हुआ।

सिविलियनों की जान लेने वाले इन विनाशकारी नाभिकीय हमलों ने पूरे देश की सामूहिक चेतना पर अमिट छाप छोड़ी और एक 'शांतिवादी संविधान' की नीव रखी। इन भयानक घटनाओं के बाद जापान ने 'रक्षात्मक तटस्थता' की नीति अपनाई जिसे संविधान के अनुच्छेद 9 में शामिल किया गया। इसके अनुसार युद्ध को अस्वीकार करते हुए युद्ध के लिए रक्षा बलों के रखरखाव पर प्रतिबंध लगाया गया। शांतिवाद के प्रति यह प्रतिबद्धता जापान की पहचान का प्रमुख बिंदु बन गई। इससे उसे विश्व समुदाय में बहुत सम्मान प्राप्त हुआ तथा उसे कई बार नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लेकिन वर्तमान समय में जब दुनिया भू-राजनीतिक खतरों का लगातार सामना कर रही है, जापान ने अपनी रक्षा रणनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा की है। जापान सरकार ने अपनी जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने का निर्णय किया है जो लंबे समय से चले आ रहे शांतिवादी दृष्टिकोण में व्यापक परिवर्तन है। उत्तर कोरिया और चीन से बढ़ते खतरों को देखते हुए इस परिवर्तन से जापान अब वैश्विक स्तर पर सऊदी अरब के बाद दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक बन गया है। जापान की नई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति क्षेत्र में बढ़ते तनावों की प्रतिक्रिया है। उत्तर कोरिया ने पहले ही ऐसी मिसाइलों का परीक्षण किया है जो जापानी क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम हैं। इसके साथ ही दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और उसकी व्यापक क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं ने टोकियों में खतरे की घंटियां बजा दी हैं।

इन परिवर्तनों ने जापान को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपनाई अपनी रक्षा रणनीति पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया है। जापान के शांतिवादी संविधान की समीक्षा के मजबूत पैरोकार पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने तर्क दिया था कि क्षेत्रीय खतरों का मुकाबला करने के लिए किसी देश को पहले अपनी सैनिक क्षमतायें मजबूत करनी चाहिए। हालांकि, आबे के कार्यकाल में कुछ विधायी परिवर्तन कर मझोले दर्जे के 'आत्मरक्षा बल' के गठन की अनुमति दी गई, पर जनता के व्यापक विरोध के कारण अनुच्छेद 9 को पूरी तरह नहीं बदला जा सका। लेकिन इसके बावजूद मजबूत जापानी सेना का दृष्टिकोण लगातार वर्तमान नीतियों को प्रभावित कर रहा है।

'हाउस आफ कौंसिलिर्स' व 'हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स' में रह चुके वर्तमान प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने अपना नया रक्षा एजेंडा सामने रखा है। लेकिन जनता की भावनायें मोटेतौर से इन परिवर्तनों के खिलाफ बनी हुई हैं। 'क्योदो न्यूज़ एजेंसी' के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश की 80 प्रतिशत जनसंख्या संविधान संशोधन के प्रयासों का विरोध कर रही है। इससे जापानी जनता में शांतिवाद के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रकट होती है। हिरोशिमा और नागासाकी की वर्षगांठ पर रक्षा नीतियों में परिवर्तन का निर्णय खासतौर से महत्वपूर्ण है। नाभिकीय युद्ध की भयानक यादें युद्ध की विभीषिका तथा शांति के महत्व को याद दिलाती हैं। हिरोशिमा और नागासाकी का विनाश न केवल एक सैनिक रणनीति, बल्कि अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी भी थी। अमेरिका ने युद्ध को समाप्त करने के नाम पर इन आणविक बम हमलों को सही ठहराया था, पर इन क्रूर वैज्ञानिक प्रयोगों ने अवर्णनीय पीड़ा तथा दीर्घकालीन परिणामों को जन्म दिया था।

अणु बमों के हमलों ने जापान को एक शांति-उन्मुख संविधान अपनाने को मजबूर किया, जिसमें टकराव पर निशस्त्रीकरण और संवाद को महत्व दिया गया था। अनुच्छेद 9 उम्मीद की किरण तथा जापान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है जो सुनिश्चित करता है कि ऐसा विनाश फिर कभी नहीं होगा। ऐसे में नीतिगत परिवर्तन जापान में शांतिवाद के भविष्य पर महत्वपूर्ण सवाल खड़े करता है। इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा में जापान की भूमिका पर भी सवाल पैदा करता है। जापान द्वारा अपना रक्षा बजट बढ़ाने तथा अपनी सैनिक क्षमताओं का आधुनिकीकरण करने के साथ यह कदम एक जटिल व प्रतियोगी हथियारों की दौड़ शुरू कर सकता है। एक समय शांतिवाद की उम्मीद का किरण समझा जाने वाला देश अब स्वयं को एक दोराहे पर खड़ा पाता है। उसे शांति के प्रति अपनी ऐतिहासिक प्रतिबद्धता तथा लगातार बढ़ती समकालीन सुरक्षा चुनौतियों को संबोधित करने के बीच संतुलन स्थापित करना है। हिरोशिमा और नागासाकी की विरासत बनी हुई है। यह दुनिया को युद्ध, खासकर नाभिकीय युद्ध के विनाशकारी परिणामों के प्रति चेतावनी देते हुए शांति के स्थाई मूल्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता रेखांकित करता है। अपनी नई रक्षा रणनीति पर आगे बढ़ते हुए जापान को अपने अतीत और वर्तमान को एकसाथ रख कर देखना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि शांति और मानवता के सिद्धान्त उसकी राष्ट्रीय पहचान का प्रमुख अंग बने रहें। हिरोशिमा और नागासाकी की छाया में जापान की रक्षा नीति में परिवर्तन उसके इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय बनने जा रहा है। सारी दुनिया की नजर इस समय जापान पर है। वह देख रही है कि जापान लगातार बढ़ते अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य में अपना भविष्य सुरक्षित रखते हुए शांति के प्रति प्रतिबद्धता कैसे बनाए रखता है।

हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए भयानक अणु बम हमलों ने द्वितीय विश्व युद्ध में परिवर्तनकारी मोड़ पैदा किया था। इसके परिणामस्वरूप जापान ने आत्मसमर्पण कर दिया और युद्ध समाप्त हुआ। इन त्रासद घटनाओं ने जापान की राष्ट्रीय चेतना पर व्यापक प्रभाव डाला और उसे शांतिवाद के प्रति प्रतिबद्ध किया। इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने जापानी संविधान में शामिल किया गया। लेकिन उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों से बढ़ते भू-राजनीतिक खतरे तथा चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए वर्तमान समय में जापान के पास अपने 'शांतिवादी' दृष्टिकोण पर पुन: विचार करने के सिवा कोई और रास्ता नहीं है।

इस बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य तथा दुनिया में जारी युद्धों के कारण पैदा अस्थिरता से जापान को अपने शांतिवादी दृष्टिकोण पर पुन: विचार करना पड़ रहा है। इसके कारण जापान ने अपने रक्षा बजट में उल्लेखीय वृद्धि की है। जापान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है और वह अद्यतन तकनीक के मामले में भी किसी से पीछे नहीं है। ऐसे में जीडीपी का 2 प्रतिशत रक्षा पर खर्च करने वाला जापान जल्द ही एक महत्वपूर्ण सैनिक शक्ति बन जाएगा। लेकिन इसके बावजूद देश में शांति के प्रति दीर्घकालीन प्रतिबद्धता पर बहस हो रही है।

# बांग्लादेश में उपद्रव भारत के लिए झटका

पारुल चंद्रा
(लेखक पेशे से पत्रकार हैं)



सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश से भागने पर मजबूर होना पड़ा, लेकिन बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के हटने का जश्न मना रहे हैं, लेकिन उनका हटना भारत के लिए एक बड़ा झटका है। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए न केवल नई दिल्ली-ढाका संबंध प्रगाढ़ हुए, बल्कि अवामी लीग की नेता भारत के सामरिक हितों के प्रति भी सजग रहीं। उन्होंने चीन के साथ संबंधों को संतुलित करते हुए भारत के सामरिक हितों को भी ध्यान में रखने की कोशिश की। उनके 15 साल के अखंड शासन के दौरान नई दिल्ली-ढाका संबंधों में स्थिरता और आपसी विश्वास दोनों ही रहे। लेकिन बांग्लादेश में सेना के कार्यभार संभालने और अंतरिम सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत के लिए चिंता की बहुत बड़ी वजह है। एक तो यह कि पिछले 15 साल में शेख हसीना सरकार के साथ बहुत सहज कामकाजी संबंध बनाने के बाद अब उसे नई सरकार से निपटना होगा। दूसरे, उसे इस तथ्य से भी जूझना होगा कि अंतरिम सरकार के रहते हुए भी वास्तविक नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। तीसरे, अगर बांग्लादेश में नई सरकार बनाने के लिए चुनाव होते हैं तो भारत को एक बिल्कुल नए राजनीतिक ढांचे से निपटना होगा। भारत ने शेख हसीना के पीछे अपना पूरा जोर लगा दिया है, ऐसे में उसे विपक्षी दलों के साथ संबंध बनाने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

अगर पाकिस्तान समर्थक बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) सत्ता में लौटती है तो भारत भी मुश्किल में पड़ सकता है। इसने हाल ही में इंडिया आउट अभियान चलाकर बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाओं को भड़काया था, जो सौभाग्य से जल्दी ही खत्म हो गया। विपक्षी दल इन भावनाओं को फिर से हवा दे सकते हैं, खासकर यह देखते हुए कि नई दिल्ली की उनकी सरकार के साथ कितनी निकटता है।

दरअसल, नई दिल्ली के लिए ढाका के साथ संबंध शेख हसीना के तहत एक सोनाली अध्याय (स्वर्णिम अध्याय) रहे हैं, जिन्होंने नई दिल्ली की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए महत्वपूर्ण तीस्ता जल



बंटवारे समझौते को पूरा करने में भारत की अक्षमता को कम करके आंका। लेकिन नई सरकार के सत्ता में आने के बाद यह सब बदल सकता है। इसलिए, नई दिल्ली को अब एक मुश्किल कूटनीतिक स्थिति से चतुराई से निपटना होगा। ऐसा करने के अलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि बांग्लादेश की स्थिरता में उसके आर्थिक से लेकर सामरिक तक सभी महत्वपूर्ण दांव लगे हुए हैं, एक ऐसे देश में जिसके साथ उसकी 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है।

यह भी उम्मीद की जाएगी कि बांग्लादेश में स्थिति जल्द ही स्थिर हो जाएगी, क्योंकि यह अच्छी तरह से पता है कि वहां लंबे समय तक अस्थिरता भारत के लिए गंभीर सुरक्षा और आर्थिक परिणाम हो सकती है। उदाहरण के लिए, नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, शेख हसीना ने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही बांग्लादेशी क्षेत्र में शरण लिए हुए पूर्वोत्तर के उग्रवादियों पर नकेल कसी थी।

उनकी सरकार द्वारा पाकिस्तान समर्थक बीएनपी के साथ-साथ उसके सहयोगी जमात-उद-दावा को लगातार निशाना बनाए जाने से भी भारत के सुरक्षा हितों को मदद मिली। भारत के लिए उतनी ही चिंता की बात बांग्लादेश में हिफाजत-ए-इस्लाम जैसे अन्य कट्टरपंथी इस्लामी संगठनों का उदय है, जिसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले भारत विरोधी प्रदर्शन आयोजित किए थे। म्यांमार से भागकर बांग्लादेश में शरण लेने वाले दस लाख से अधिक रोहिंग्या शरणार्थी भी भारत के लिए सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय रहे हैं। अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की एक बड़ी संख्या पहले से ही भारत में है। इसलिए भारत को अपने संकटग्रस्त देश से भागने के इच्छुक शरणार्थियों की और अधिक आमद की भी चिंता होगी। पूर्वोत्तर में पांच भारतीय राज्य बांग्लादेश की सीमा से लगे हुए हैं, ऐसे में इस तरह की कोई भी आमद इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी सुरक्षा चुनौती बन सकती है।

इसके अलावा, वहां लंबे समय तक अशांति रहने से रेल संपर्क और समुद्री मार्ग का उपयोग करके बांग्लादेश के माध्यम से पूर्वोत्तर तक कनेक्टिविटी बढ़ाने के भारतीय प्रयासों को नुकसान हो सकता है। भारत लंबे समय से कमजोर सिलीगुड़ी कॉरिडोर को बायपास करने के लिए वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रहा है, जिसे अगर अवरुद्ध कर दिया जाता है तो यह पूरे पूर्वोत्तर तक भूमि पहुंच को काट सकता है। बांग्लादेश के माध्यम से पूर्वोत्तर तक छोटे मार्गों की मांग, जिससे माल की आवाजाही के लिए समय और लागत में कमी आएगी, को भी झटका लग सकता है। भूमि बंदरगाहों पर ट्रकों की आवाजाही ठप होने के बाद कोटा आंदोलन ने द्विपक्षीय व्यापार को पहले ही प्रभावित कर दिया है। हालाँकि अब सीमा पार व्यापार फिर से शुरू हो गया है, लेकिन दोनों तरफ़ से भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। लंबे समय तक उथल-पुथल दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को और ख़राब कर सकती है।

बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2022-23 में, द्विपक्षीय व्यापार 15.9 बिलियन डॉलर था, हालाँकि यह भारत के पक्ष में भारी रूप से झुका हुआ है। भारत के लिए बहुत कुछ दांव पर लगा है क्योंकि उसका करीबी पड़ोसी अपने शासन और राजनीतिक परिदृश्य में कुछ बड़े बदलाव देख रहा है। इसका मतलब है कि उसे बांग्लादेश में नई व्यवस्था के प्रभारी व्यक्ति तक पहुँचने के लिए अपनी पूरी कूटनीतिक और राजनीतिक ताकत लगानी होगी।

## आप की बात

### मंदी का खतरा

**दुनिया** की सबसे बड़ी इकॉनमी अमेरिका और यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी जर्मनी में एक बार फिर मंदी की आशंका मंडराने लगी है। अमेरिका में हाल में आए रोजगार के आंकड़े उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे हैं। इससे वहां एक बार फिर मंदी की आशंका पैदा हो गई है। इस कारण सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिली। भारत की इकोनॉमी मजबूत होने के बावजूद शेयर बाजार मैं निवेशकों का कुछ ही घंटे में 10 लाख करोड रुपए डूब जाना दर्शाता है कि भारत भी संभावित विश्वव्यापी मंदी से अछूता रहने वाला नहीं है। भारत सरकार को समय रहते ही इन परिस्थितियों को देख कर सुरक्षात्मक व्यवस्था कर लेनी चाहिए। रुपये का भी लगभग प्रतिदिन गिरना कोई अच्छा संकेत नहीं है। दुनिया में मंदी के कारणों में विश्व अर्थव्यवस्था पर युद्धों के कारण मंडराता खतरा भी शामिल है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में इस्राइल-हमास संघर्ष के कारण पहले से ही खाद्यान्नों, उर्वरकों, पेट्रोलियम उत्पादों, आदि की सप्लाई श्रृंखला प्रभावित हुई है। विड़बना है कि इन युद्धों के और विस्तार लेने का खतरा मंडरा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के दोनों उम्मीदवारों को अपनी भावी आर्थिक नीतियों के बारे में कुछ कहना चाहिए।

–**सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### शेख हसीना का भविष्य

**इतिहास** अपने आपको दोहराता है। बांग्लादेश और शेख हसीना के मामले में शायद यही हो रहा है। 15 अगस्त 1975 को जब भारत आज़ादी की 49 वीं वर्षगाँठ मना रहा था, उसी दिन बांग्लादेश की सेना ने बगावत कर बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान के लगभग पूरे परिवार की हत्या कर दी थी। शेख हसीना और उनकी बहन रेहाना उस समय यूरोप में थीं और नरसंहार से बच गईं। अब शेख हसीना ने विरोध के दबाव में न सिर्फ त्यागपत्र दिया बल्कि वे एक बार फिर भारत आने को मजबूर हुई हैं। पता नहीं वे यहाँ राजनीतिक शरण मांगेंगी या किसी यूरोपीय देश जाएंगी। अगस्त 1975 में वे सीधे भारत आयीं थीं और उनको दिल्ली के पंडारा रोड में शरण मिली थी। इंदिरा गांधी की सरकार ने हसीना को राजनीतिक शरण दी थी। वे अगले छह वर्षों तक पंडारा रोड स्थित घर में रहीं। क्या इस बार भी ऐसा होगा? भारत को लगता था कि हसीना ने अपने देश में मुस्लिम कट्टरवाद को काबू कर लिया है। लेकिन हसीना न केवल विफल रहीं, बल्कि हंगामी भीड़ द्वारा बंग बंधु मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़े जाने से वहां मुक्ति संग्राम की विरासत तथा भारत के सहयोग पर संशय की स्थिति है। सवाल है कि शेख हसीना का भविष्य कैसा होगा?

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### धर्मांतरण पर कठोर कानून

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने नए धर्मांतरण-विरोधी कानून में सख्त नियम बनाए हैं। इस पर कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी सवाल खड़े कर रहे हैं। आजादी के बाद से ही सरकार की लापरवाही और अनदेखी के चलते बड़ी संख्या में गरीब और आदिवासी वर्ग के लोगों को मुफ्त सुविधाओं, शिक्षा और चिकित्सा के लालच में ईसाई व मुसलमान बनाने के कदम उठाए गए। विडंबना है कि प्रशासनिक व न्यायिक लापरवाही के कारण धर्म परिवर्तन के बावजूद ऐसे अनेक लोग जाति के नाम पर मिल रहे आरक्षण का भी भरपूर लाभ उठा रहे हैं। यह प्रवृत्ति अभी भी जारी है। मानव सेवा के लिए धर्मांतरण की कोई जरूरत नहीं है। हमारे देश के अनेक बड़े उद्योगपति और कई सामाजिक संस्थाएं गरीबों की सहायता कर रही हैं। विदेशों से वैध-अवैध तरीके से धन प्राप्त करने वाली अनेक संस्थायें भी गरीबों व निरक्षरों के धर्म परिवर्तन में लिप्त पाई गई हैं। उनका उद्देश्य भारत की जनसंख्या संरचना बदल कर उसकी एकता और अखंडता पर प्रहार करना है। ऐसे धर्मांतरण की अनुमति देना देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करना है। उत्तर प्रदेश की तरह दूसरे राज्यों को भी कठोर धर्मांतरण-विरोधी कानून बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### बांग्लादेश में तख्तापलट

**बांग्लादेश** में तख्तापलट के बाद उपद्रवियों ने राष्ट्रपिता मुजीबुर रहमान की मूर्तियां तोड़ी हैं। इससे तख्तापलट में पाकिस्तान और चीन का हाथ होने की आशंका है। बांग्लादेश में लंबे समय से इस्लामवादी व जिहादी ताकतें शेख हसीना सरकार द्वारा लागू सेक्युलरिज्म का विरोध कर रही थीं। तख्तापलट के बाद हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हो रहे हमले बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के उभार तथा वहां सेक्युलरिज्म के समाप्त होने का खतरा पैदा करते हैं। यह स्थिति भारत व खासकर पश्चिम बंगाल सरकार के लिए चिन्ताजनक है। यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले हमले बंद नहीं होते हैं तो बड़ी संख्या में वहां से हिंदुओं के भारत पलायन का खतरा बना हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें तथा कोई भड़काऊ बयानबाजी न करें। उन्होंने भारत सरकार से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। भारत सरकार ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को भी पूरी स्थिति से अवगत कराया है। उम्मीद है कि भारत के सभी राजनीतिक दल एकजुट होकर पूरे घटनाक्रम पर गौर करेंगे।

– **हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# तैयार करें उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीतिः योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 7 वर्षों में सतत प्रयासों से प्रदेश में एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना पूरी हो चुकी है। सभी 18 मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है। कई मंडलों में निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला-एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। वर्तमान में 35 जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है, शेष असेवित जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र के वित्तपोषण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह हमारे उद्देश्यों की पूर्ति में पूरक भूमिका निभा सकते हैं। प्रदेश में उच्च शिक्षा की बढ़ती मांग को देखते हुए, निजी निवेश उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के सरकारी प्रयासों में सहायक हो सकता है। इससे छात्रों के लिए उपलब्ध संस्थानों, पाठ्यक्रमों और सीटों की संख्या में वृद्धि होगी, साथ ही यह शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने के प्रयासों में भी सहायता मिलेगी। योगी ने कहा कि

### ● सीएम बोले, एक मंडल-एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार अब एक जिला-एक विवि का लक्ष्य

भारत के सबसे युवा राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा में एक विशेष स्थान रखता है। उत्तर प्रदेश, जिसकी औसत आयु 21 वर्ष है, जो 2030 तक बढ़कर 26 वर्ष हो जाएगी और भारत की युवा आबादी में इसका योगदान 16.5 प्रतिशत होगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश की ग्रास एनरोलमेंट 25.6 प्रतिशत है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार 2035 तक 50 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है। निजी निवेश प्रोत्साहन नीति इस अंतर की पूरा सकती है। उच्च शिक्षा में निजी निवेश वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है। अन्य राज्यों की सम्बंधित नीति का अध्ययन करें। स्टेकहोल्डर्स से संवाद करें और यथाशीघ्र उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। नई नीति में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट, कैपिटल सब्सिडी आदि प्रोत्साहन को यथोचित स्थान दें।नई नीति में आकांक्षात्मक जनपदों में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का प्रावधान होना चाहिए। इसे प्राथमिकता दें। इसी प्रकार, विश्व की टॉप रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों के कैम्पस के प्रस्ताव पर भी विशेष प्रोत्साहन प्रावधान रखें।

## राष्ट्रपति को फिजी का सर्वोच्च सम्मान मिलना भारत के लिए गौरव का क्षणः मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान फिजी के राष्ट्रपति ने प्रदान किया। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिनंदन जताते हुए देशवासियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के सर्वोच्च सम्मान 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी' से विभूषित किया जाना भारत के लिए गौरव का क्षण है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि यह सम्मान दोनों देशों के बीच अटूट ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है, जो विश्व में शांति, सहयोग व सद्भावना के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राष्ट्रपति का हार्दिक अभिनंदन और देशवासियों को बधाई!

## बिना विवाद पैतृक संपत्ति का हो सकेगा आसानी से बंटवारा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मात्र** 5,000 रुपये के स्टाम्प शुल्क के साथ अपनी अचल संपत्ति को रक्तसंबंधियों के नाम करने की बड़ी सहूलियत देने के बाद उत्तर प्रदेश में अब पारिवारिक विभाजन और व्यवस्थापन में भी बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे तथा जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारी जनों के नाम किए जाने पर देय स्टाम्प शुल्क भी 5,000 रुपये तय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक खर्च के कारण प्रायः परिवार में विभाजन की स्थिति में विवाद की स्थिति बनती है और कोर्ट केस भी होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच सेटलमेंट आसानी से हो सकेगा। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार द्वारा आम आदमी के ईज़ ऑफ़ लिविंग के लिए अनेक प्रयास किये गए हैं। संपत्ति विभाजन और व्यवस्थापना प्रक्रिया में सरलीकरण से लोगों को और सुविधा होगी।

**यह होता है विभाजनः** विभाजन विलेख में सभी पक्षकार विभाजित सम्पत्ति में संयुक्त हिस्सेदार होते हैं एवं विभाजन उनके मध्य होता है। विभाजन विलेख में प्रस्तावित छूट एक ही मृतक व्यक्ति के समस्त लीनियल डीसेंडेंट्स, जो सहस्वामी हों, को आच्छादित करेगी अर्थात यदि दादा की मूल सम्पत्ति में वर्तमान जीवित हिस्सेदार चाचा/ भतीजा/ भतीजी हैं, तो वह इसका उपयोग कर सकते हैं।

**यह होता है व्यवस्थापनः** व्यवस्थापन विलेख में व्यवस्थापन कर्ता पक्षकार (जीवित) अपनी व्यापक सम्पत्ति को कई पक्षकारों के मध्य निस्तारित करता है।

# अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● हनुमानगढ़ी पहुंचकर संकट मोचन के दरबार में भी लगाई हाजिरी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां महापौर, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मंगलवार शाम रामकथा पार्क पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई। यहां मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया। सीएम ने यहां दर्शन-पूजन के उपरांत अयोध्यावासियों व श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां भी विधिवत दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने श्री राम जन्मभूमि में चल रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के दौरान अयोध्या पहुंचे थे। सीएम ने उस दौरान भी श्रीराम व संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई थी। लोकसभा चुनाव के उपरांत मुख्यमंत्री मंगलवार को श्रीरामनगरी पहुंचे। दर्शन-पूजन के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय आदि मौजूद रहे।

**केजीएमयू में भर्ती महिला के परिजनों से मिला कांग्रेस व सपा का प्रतिनिधिमंडल**

# पीड़ित परिवार को मिले मुआवजा, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाईः ममता चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उन्नाव** की पीड़िता अंजली जाटव द्वारा समस्या का समाधान न होने की वजह से ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा लेने की घटना संज्ञान में आते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल केजीएमयू भेजा।

लगभग 90 फीसदी झुलस चुकी इस महिला को इलाज हेतु लखनऊ मेडिकल कॉलेज के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़िता का कुशलक्षेम जानने के लिए केजीएमयू गया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने पीड़िता के परिजनों से मिलकर घटना की वस्तुस्थित की जानकारी ली तथा परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया साथ ही चिकित्सकों से मुलाकात कर समुचित इलाज का निवेदन किया।इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला कांग्रेस मध्यजोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। पीड़ित जनता की कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। जनता दरबार में आई महिला द्वारा आत्मदाह करने का प्रयास उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। कांग्रेस पार्टी सरकार से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने तथा दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग करती है।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, प्रज्ञा सिंह, सुमन प्रजापति, लता द्विवेदी, पूजा सिंह, माया सोलंकी आदि शामिल रहीं।

## कैंट अग्निकांड के पीड़ितों से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी लखनऊ महानगर का एक प्रतिनिधिमण्डल मंगलवार को कैन्ट विधानसभा के अन्तर्गत सदर सब्जी मंड़ी बाजार पहुॅचा। प्रतिनिधिमण्डल ने सदर सब्जीमण्डी में बीते 4 अगस्त को रात्रि में भीषण अग्निकाण्ड से पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात की। अग्निकाण्ड में शाहनवाज हुसैन, अफजाल अंसारी, अब्दुल साहब, अशफाक अली, वहाब अली की दुकाने जल गई थी। अग्निकाण्ड में दुकानदारों को भारी क्षति हुई है। समाजवादी पार्टी प्रतिनिधिमण्डल ने एसएस बेकर्स के मालिक शाहनवाज हुसैन समेत अन्य पीड़ित दुकानदारों से बातचीत की और संकट की इस घड़ी में व्यापारी बन्धुओं के साथ खड़े होने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मण्डल में विधायक रविदास मेहरोत्रा, नगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा श्री शकील अहमद खान, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, व्यापारी नेता पवन मनोचा, महासचिव इरशाद अहमद गुड्डू, प्रदीप शर्मा, लता जायसवार, गौरव सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष रितेश साहू, मोहम्मद अतीक मम्मू, शबनम खान, नौशाद अली, रजनीश यादव, मोहम्मद अम्मार, तौफीक, हिमांशु, शम्मी मजनू, शोयब अली, शाहिद अली सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता शामिल थे।

## प्रदेश के 2 लाख से ज्यादा युवाओं को मिला एनएपीएस का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** में शिक्षुता (अप्रेंटिसशिप) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) को योगी सरकार ने प्रदेश में पूरी प्रतिबद्धता से लागू किया है। योजना के तहत प्रदेश के अंदर 2018 से लेकर 30 जून 2024 तक 2 लाख से ज्यादा प्रशिक्षुओं ने इसका लाभ लिया है। इसके लिए सरकार की ओर से 50 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि युवाओं में शिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया है, जिसका परिणाम है कि लाखों युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिल पा रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 से लेकर 30 जून 2024 तक उत्तर प्रदेश में एनएपीएस योजना के तहत 2,18,033 प्रशिक्षुओं ने लाभ लिया है। इन लाभार्थियों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में सम्मिलित रही हैं। अप्रेंटिस का लाभ लेने वालों में जहां पुरुषों की संख्या 1,85,123 रही है तो वहीं महिलाओं की संख्या 32,608 है। इस योजना में युवाओं को प्रशिक्षण के साथ ही स्टाइपेंड के रूप में आर्थिक सहायता भी प्राप्त हुई। इसके लिए योजना के अंतर्गत प्रदेश में 30 जून तक 51.72 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है। यही नहीं, जुलाई 2023 से लेकर 30 जून 2024 के बीच में प्रशिक्षणार्थियों के बीच 46.85 करोड़ रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से वितरित की गई है। इस योजना के तहत सरकार ने प्रदेश भर में जून 2022 से जून 2024 तक 431 स्थानों पर प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया है। इस मेले में प्रदेश भर से 31,273 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। इसमें देश भर से 1873 छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों ने भी प्रतिभाग किया है। मालूम हो कि इस योजना से कुल 5757 उत्कृष्ट प्रतिष्ठान जुड़े हुए हैं, जो न सिर्फ युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अवसर उपलब्ध करा रहे हैं, बल्कि कुशल युवाओं को भी तैयार कर रहे हैं। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षुओं को स्टाइपेंड मिलता है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त होती है।

# यूपी को बीते जुलाई माह में हासिल हुआ कुल 17304.60 करोड़ का राजस्व

### ● वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जुलाई तक कर राजस्व के अन्तर्गत मिला 68477.31 करोड़ का राजस्वः सुरेश खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के जुलाई माह में कुल 17304.60 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के जुलाई माह में 15418.34 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत् वर्ष के माह जुलाई की तुलना में इस वर्ष के माह जुलाई में 1886.26 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि माह जुलाई 2024 में जीएसटी एवं वैट के अन्तर्गत 9448.83 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो माह जुलाई में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य का 70.4 प्रतिशत है। जीएसटी एवं वैट के अन्तर्गत गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष माह जुलाई में 663.29 करोड़ की अधिक प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में कुल 6804.46 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष जुलाई, 2023 के माह में प्राप्ति 6107.25 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में 2644.37 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति 2678.29 करोड़ रही थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में कुल 3952.53 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जो माह जुलाई 2024 में निर्धारित लक्ष्य का 84.1 प्रतिशत है। जबकि इस मद में गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति रू0 3423.98 करोड़ रही थी। इसी प्रकार आबकारी मद में जुलाई माह में गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष रू0 528.55 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 की राजस्व प्राप्ति 2762.50 करोड़ है जो माह जुलाई 2024 में निर्धारित लक्ष्य का 86.3 प्रतिशत है। जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति 2225.00 करोड़ रही थी। इसी प्रकार स्टाम्प तथा निबन्धन मद में जुलाई माह में गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 537.50 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि परिवहन के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 की राजस्व प्राप्ति 902.55 करोड़ है, जो माह जुलाई 2024 में निर्धारित लक्ष्य का 92.2 प्रतिशत है। जबकि गत् वर्ष इस मद में माह जुलाई, 2023 में प्राप्ति 775.98 करोड़ रही थी। इस प्रकार परिवहन मद में जुलाई माह में गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 126.57 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है। उन्होंने बताया कि करेत्तर राजस्व प्राप्ति की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह जुलाई, 2024 में प्राप्ति 238.19 करोड़ है जो इस मद के अन्तर्गत राजस्व प्राप्ति की निर्धारित लक्ष्य का 78.7 प्रतिशत है। जबकि गत् वर्ष माह जुलाई, 2023 में इस मद के अन्तर्गत प्राप्ति 207.84 करोड़ रही थी।

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह जुलाई तक कर राजस्व के अन्तर्गत 68477.31 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है,जो माह जुलाई तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 76.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई माह तक करेत्तर राजस्व प्राप्ति के अन्तर्गत 2977.26 करोड़ की प्राप्ति हुई जो इस अवधि तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 40.3 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह जुलाई 2024 तक जीएसटी एवं वैट के अन्तर्गत 37780.04 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य 71.8 प्रतिशत है। जिसमें जीएसटी के अन्तर्गत प्राप्ति 28462.31 करोड़ एवं वैट के अन्तर्गत 9317.73 करोड़ है। इसी प्रकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह जुलाई तक आबकारी मद में 15737.11 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 83.7 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबन्धन में रू0 10177.65 करोड़ है जो निर्धारित लक्ष्य का 84.4 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि परिवहन मद में माह जुलाई तक 3870.76 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो इस अवधि के निर्धारित लक्ष्य का 96.9 प्रतिशत है।

# यूपी में लगातार बढ़ रहा है महिलाओं पर अत्याचारः राजेंद्र चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**सपा** प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के जनता दरबार में न्याय न मिलने के कारण अंजलि जाटव नाम की महिला ने आत्मदाह कर लिया, महिला का लगभग एक वर्ष का बच्चा है, उत्तर प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार निरंतर बढ़ रहे हैं। सरकार संवेदनहीन और अत्याचारी है। मंगलवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने सिविल हॉस्पिटल, केजीएमयू ट्राम सेंटर और बर्न यूनिट पहुँच कर महिला का हाल चाल लिया। डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर बताई। प्रतिनिधिमंडल में समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, रीबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा, नाहिद लारी खान प्रवक्ता, पूजा शुक्ला पूर्व प्रत्याशी लखनऊ उत्तर विधान सभा, शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, अनीता श्रीवास्तव, ममता शर्मा, लता जैसवार, सलमा, शबनम, शबीना खान, मुन्नी पाल, विजय लक्ष्मी, रीना कौर शामिल रही।

## समितियों से भारतीय लोकतंत्र की नींव को मिलती है सुदृढ़ताः कुंवर मानवेंद्र सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● सभापति ने विधान परिषद की पुर्नगठित समितियों की प्रथम बैठक को किया संबोधित

**विधान** परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा है कि समितियों के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र के नींव को सुदृढ़ता मिलती है। समितियों को मिनी हाउस (लघु सदन) भी कहा जाता है। जिससे इसका महत्व स्वयं ही बढ़ जाता है। सभापति मंगलवार का उत्तर प्रदेश विधान परिषद की पुर्नगठित समितियों की प्रथम बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति पवन कुमार सिंह (कार्यकारी सभापति), खाद्य पदार्थो में मिलावट और नकली दवाओं के प्रचलन से जन जीवन की स्वास्थ्य समस्याओं पर रोकथाम हेतु समिति, राम गोपाल उर्फ गोपाल 'अंजान' (कार्यकारी सभापति), आश्वासन समिति, बलराम यादव (कार्यकारी सभापति), प्रदेशीय विधुत व्यवस्था सम्बंधी जांच समिति दिनेश कुमार गोयल (कार्यकारी सभापति) और विनियमन समीक्षा समिति।

डा. प्रज्ञा त्रिपाठी (कार्यकारी सभापति) मौजूद थीं। सभापति ने कहा कि सदन में लोक महत्व के विषय के लिए अगर समय कम मिलता है तो समितियां उसकी प्रतिपूरक होती है। जिसमें लोक महत्व के विषय को पर्याप्त समय लेकर उसका निस्तारण किया जाता है।

## ग्रेटर नोएडा में 50 टीडीपी गीले कचरे के निस्तारण का मार्ग होगा प्रशस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

**उत्तर** प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा में 50 टीडीपी गीले कचरे के निस्तारण व उसे बायो सीएनजी में परिवर्तित करने की परियोजना को गति दे दी है। इस योजना से ग्रेटर नोएडा के 95 सेक्टर, 124 गांव समेत 8 एडमिनिस्ट्रेटिव जोन के अंतर्गत कुल 380 स्क्वेयर किलोमीटर क्षेत्र में रह रहे 12 लाख लोग लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के ही सेक्टर-1 में 'सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर टेक्नोलॉजी' बेस्ड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना किए जाने का कार्य भी शुरू हो गया है। 79.57 करोड़ की लागत से बनने वाले 45 एमएलडी कैपेसिटी युक्त सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व वॉटर रीक्लेमशन फैसिलिटी की स्थापना, संचालन व टेस्टिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया जारी है। वहीं, 50 टीडीपी गीले कचरे के निस्तारण और उसे बायो सीएनजी में परिवर्तित करने की परियोजना को 17 करोड़ रुपए की लागत से गति दी जाएगी। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इस कार्य को पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इसे क्वॉलिटी व कॉस्ट बेस्ड सिलेक्शन के माध्यम से पूरा किया जाएगा।परियोजना का एक प्रमुख लक्ष्य नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट) के 100 प्रतिशत साइंटिफिक प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना है। वर्तमान में, ग्रेटर नोएडा का अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल 3 स्वीकृत प्रसंस्करण इकाइयों के साथ विकेंद्रीकृत है। इन 3 में से 2 इकाइयों में यांत्रिक खाद (प्रत्येक 10 टीपीडी) और तीसरी में जैव-मीथेनेशन (18टीपीडी) शामिल है। कुछ थोक जेरेटर जोन अपने कचरे को उसी स्थान पर संसाधित करते हैं।

# महाकुंभ में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की भी होगी देखभाल

### ● 407 डॉक्टर्स की टीम और 746 पैरामेडिकल स्टाफ को किया जाएगा तैनात

**मेला क्षेत्र में गाइनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिक शिफ्टवार 24 घंटे देंगे अपनी सेवाएं**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रयागराज** में होने जा रहे महाकुंभ-2025 के महाआयोजन को लेकर योगी सरकार बड़े पैमाने पर तैयारियों में जुटी है। करीब दो माह तक चलने वाले इस आयोजन में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालुओं के आने को लेकर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के निदान पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए कुंभ मेला क्षेत्र में चार सौ से ज्यादा डॉक्टर्स के साथ ही 700 से अधिक पैरामेडिकल स्टॉफ नियुक्त किये जाने की योजना है। यह मेडिकल टीम 24 घंटे अपनी सेवाएं देगी। कुंभ मेला क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों के लिए बड़ी संख्या में बेड भी रिजर्व किये जाएंगे। साथ ही इनके इलाज के लिए शिफ्ट वाइज गाइनेकोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिक तैनात होंगे। कुंभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 407 डॉक्टर्स की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही 182 नर्सिंग स्टाफ, 150 वार्ड ब्वॉयज, 354 फार्मासिस्ट और 60 लैब टेक्नीशियन की भी तैनाती होगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में स्थित अस्पतालों में तीन शिफ्ट में 48 महिला चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगी। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 24 घंटे गाइनेकोलॉजिस्ट भी तैनात रहेंगी। वहीं सेंट्रल अस्पताल में लेबर रूम की स्थापना की जा रही है। साथ ही 40 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की टीम पर रहेगी। इसके अलावा सीएचसी और पीएचसी में भी 24 घंटे आकस्मिक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां पर अतिरिक्त दवाइयां, मरहम-पट्टी समेत अन्य चीजों के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

### 48 बेड महिलाओं और 15 बच्चों के लिए रहेंगे रिजर्व

**एडिशनल** डायरेक्टर स्वास्थ्य प्रयागराज डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरुप महाकुंभ मेला क्षेत्र के अस्पतालों में महिलाओं और बच्चों के अलग-अलग वार्ड बनाए जाएंगे। इसके लिए 6 गाइनेकोलॉजिस्ट और 6 पीडियाट्रिक को शिफ्टवार तैनात किया जाएगा। यह सभी 24 घंटे अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 100 बेड का एक अस्थायी सेंट्रल अस्पताल बनाया जाएगा। इसमें 30 बेड महिलाओं और 10 बेड बच्चों के लिए रिजर्व रहेंगे। ज्वॉइंट डायरेक्टर हेल्थ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि सब सेंट्रल अस्पताल में 10 बेड महिलाओं और 3 बेड बच्चों के लिए रिजर्व किये जाएंगे। इसी तरह सेक्टर अस्पतालों में 8 बेड महिलाओं और 2 बेड बच्चों के लिए रिजर्व किये जाएंगे।

# हर घर तिरंगा की तैयारियों के संबंध में 13 से 15 तक चलने वाले बैठक का आयोजन



**फर्रुखाबाद।** डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में 13 से 15 अगस्त तक चलने बाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों के संवंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी तैयारियां 11 अगस्त तक पूर्ण कर ले, ग्रामीण क्षेत्र में सभी खंड विकास अधिकारी ब्लॉकवार माइक्रोप्लान बनाकर डी.सी. एन आर एल एम को उपलब्ध करा दे, शहरी क्षेत्र में सभी अधिशासी अधिकारी माइक्रो प्लान बना ले, ये सुनिश्चित करे कि समय से झंडे बट जाये व सभी घरों पर झंडे लगे,अभियान चलाकर लोगो को इस कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जाये।

ग्रामीण क्षेत्र में 441442 झंडे डी सी एन आर एल एम द्वारा व शहरी क्षेत्र में पीओ डूडा द्वारा 35000 झंडे उपलब्ध कराये जायेगे, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय पर झंडा लगाना सुनिश्चित करेंगे। विकास खंड स्तर पर कमेटी बनाकर कार्यक्रम कराये जाये व जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाये,इसके साथ ही 09 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वी वर्षगाँठ पर शताब्दी समारोह के आयोजन के लिये भी निर्देश दिए गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह,अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारी पर 6 लोगों ने गत दिन की थी फायरिंग, सभी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली पुलिस ने व्यापारी पर जानलेवा फायरिंग करने वाले आधा दर्जन हमलावरों को तमंचे सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा की टीम ने आधा दर्जन हमलावरों को आज सुबह 3.45 बजे गिरफ्तार किया। आदित्य उर्फबादल पुत्र सतीश निवासी अंगूरी बाग पुलिया कोतवाली शहर के सुभम मिश्र उर्फ पापे पुत्र सुरेशचन्द मिश्रा निवासी मोहल्ला सेनापति कोतवाली शहर, रोहित दिवाकर पुत्र शैलेश दिवाकर निवासी अधैया मोहल्ला छोटी गढी साहबगंज चौराहा, स्वागत मिश्रा पुत्र प्रेमशंकर मिश्र निवासी दिल्ली ख्याली कूचा, अफरीद आलम पुत्र विरासत अली निवासी लालगेट, कब्रिस्तान थाना कादरी गेट एवं शिवम उर्फ छुआरा पुत्र भैयालाल निवासी काशीराम कालौनी हैवतपुर गडिया थाना मऊदरवाजा शामिल हैं।

शहर कोतवाल श्री शर्मा ने आरोपियों को पुलिस लाइन के सभागार में पेश किया। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सुभम मिश्र उर्फ पापे व रोहित दिवाकर की जामा तलाशी से 315 बोर तमंचा खोखा व कारतूस बरामद हुए। उन्होंने आरोपियों के हवाले से बताया क्या अभियुक्त रोहित दिवाकर की मोहल्ला दिल्ली ख्याली कूंचा निवासी दुकानदार आदेश वर्मा के पुत्र देवांश से पूर्व में पिटाई की गई थी। जिसका बदला लेने के लिए शुभम मिश्रा ने योजना बनाकर अपने दोस्तों को एकत्र किया था। परसों रात व्यापारी आदेश वर्मा के घर पर जाकर उनके ऊपर व उनके बेटे देवांश के ऊपर जानलेवा फायरिंग की थी। आरोपी भाग जाने के इंतजार में अभिषेक पंडित का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया पकड़े गए लोगों में छुआरा शातिर अपराधी है। आदेश वर्मा की पक्का पुल बाजार में आर्टिफिशियल जेवरातों की दुकान है।

# हिस्ट्रीशीटर गो तस्कर पिता-पुत्र को मुठभेड़ में लगी गोली

● **अवैध असलहा व कारतूस बरामद, अस्पताल में कराया भर्ती**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**जिले** में अंतर्जनपदीय गो तस्कर हिस्ट्रीशीटर बाप-बेटे को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी है। इनके कब्जे से पुलिस ने अवैध असलहा और कारतूस बरामद किया है। हत्थे चढें बदमाश रजिस्टर्ड गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि हथगाम थाना पुलिस और स्वाट की संयुक्त टीम क्षेत्र में वांछित अपराधी और संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए हथगाम-खागा रोड पर सोमवार रात बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान रात करीब 9.30 बजे खागा की तरफदो संदिग्ध बाइक सवार व्यक्ति जाते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बाइक सवार बैरिकेटिंग को तोड़ते हुए आगे निकल गए। इस पर पुलिस ने उनका पीछा किया तो उपरोक्त बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। इस दौरान सेमरहा गांव स्थित नहर पुलिया के पास पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को दबोचा लिया। एसपी ने बताया कि दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 रुपये इनाम देने की घोषणा की है। रजिस्टर्ड गैंग के सदस्य नसीम पर दर्ज हैं 23 मुकदमे: एसपी ने बताया कि हत्थे चढ़े बदमाशों में नसीम निवासी रायपुर मुआरी थाना हथगाम सदर कोतवाली का वांछित अपराधी था। इसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों में गोवध अधिनियम के साथ अन्य संगीन धाराओं के 23 मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही यह बदमाश हिस्ट्रीशीटर और रजिस्टर्ड गैंग का सक्रिय सदस्य है। वहीं दूसरा आरोपी उसका बेटा एहसान है। इसके खिलाफ भी थाना स्थानीय और सदर कोतवाली में गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं समेत तीन मुकदमे दर्ज हैं। इनके कब्जे से पुलिस को अवैध तमंचे और कारतूस के अलावा एक बाइक भी मिली है।

# दस अगस्त से 02 सित. तक चलेगा फाइलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम

**फतेहपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरि ने फाइलेरिया आईडीए अभियान के संबंध में आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में उन्होंने मीडिया बंधुओं से संचार माध्यमों के जरिये फाइलेरिया मुक्त भारत का संदेश जन जन तक पहुंचाने में सहयोग की अपेक्षा की। सीएमओ ने कहा कि 10 अगस्त से दो सितंबर तक ट्रिपल ड्रग थेरेपी आईडीए अभियान जनपद के सभी ब्लॉक सहित शहरी क्षेत्र में चलने जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगे। बताया कि इस अभियान में आइवर्मेक्टिन डीईसी एल्बेण्डाजोल तीन दवाओं की आयु के अनुसार निर्धारित खुराक खिलाई जाएगी। यह दवा दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं खिलाना है। शेष सभी लोगों को यह



दवा खिलाई जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है और दवा की सही खुराक सभी सेवन कर लें इसलिए इसे स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही खाना आवश्यक है। जिला मलेरिया अधिकारी कीर्ति रंजन ने जनसमुदाय से अपील किया कि जब भी आशा कार्यकर्ता व उनकी सहयोगी दवा खिलाने जाएं तो उनका सहयोग करें। प्रत्येक टीम एक दिन में 25 घर जाकर दवा खिलाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद की 29 लाख 20 हज़ार लक्षित आबादी को आच्छादित करने के लिए 2525 टीम बनाई गई हैं।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को करें आमंत्रितः जिलाधिकारी

**फतेहपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान एवं नौ अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के सफल क्रियान्वयन हेतु तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सी. इन्दुमती की अध्यक्षत में सम्पन्न हुई। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विभाग हर घर तिरंगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें, तथा सभी विभागों में जहां पर तिरंगा फहराया जाना है, चिन्हित कर नोडल अधिकारी नामित कराये एवं यह भी सुनिश्चित करे कि तिरंगा झण्डा फहराते समय की फेटोग्राफ्स सुस्पष्ट हो ताकि निर्धारित वेबसाईट पर अपलोड की जा सकें। खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, एआरटीओ, पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों को जो लक्ष्य मिला है,



जिला पंचायत राज अधिकारी को अवगत कराये तथा झण्डा फहराते समय सेल्फी, फेटोग्राफ्स, रील अवश्य बनायें। कार्यक्रम के अन्तर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला/पेटिंग, सुलेख एवं निबन्ध, भाषण एवं वाद विवाद, प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, सेवा समपर्ण, राष्ट्र धुन एवं ब्रास बैण्ड का वादन आदि कार्यक्रम आयोजित होगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त स्वताः रोजगार, डीसी मनरेगा, एआरटीओ, समस्त खंड विकास अधिकारी, ईओ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पास्को कोर्ट ने सुनाई सजा

**कानपुर देहात।** अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कानपुर देहात पुलिस/मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार/कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए 1 अभियोग में माननीय न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गयी थाना मंगलपुर' पर पंजीकृत 'मुअसं 04/2016, धारा 376डी, 354, 323, 504, 506 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट' बनाम अभियुक्तगण प्रदीप पुत्र फूल सिंह, अशोक पुत्र श्रीकृष्ण निवासीगण उइछा थाना मंगलपुर कानपुर देहात को न्यायालय पॉक्सो एक्ट कानपुर देहात द्वारा दोष सिद्ध करते हुए धारा 354 भादवि में प्रत्येक अभियुक्त को 04 वर्ष कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये' के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में '01-01 माह के अतिरिक्त कारवास' की सजा भुगतनी होगी।

## क्विक न्यूज

### पुलिस नें वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व मे कोतवाली कन्नौज पुलिस द्वारा एक मुकदमें में बांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें बताया कि विगत सोमवार को अनुपम राय प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी की लिखित तहरीर बाबत बेहरिन निवासी राजू व अन्य अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 02 वर्ष पहले 2022 में दिव्यांगजनों को एलिम्कों कानपुर के द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली मोटराइज ट्राईसाइकिल के जबरन पैसे वसूल कर, योजना का लाभ न प्राप्त होने पर पैसे मांगने पर दिव्यांगजनों को डराने धमकाने एवं पैसा वापस न करने व गाली गलौज करने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ। दौराने विवेचना मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेवल सुनील कुमार के साथ अभियुक्त राजू पुत्र रामदास निवासी बेहरिन थाना तिर्वा को सीडीओ कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया गया।

### सर्पदंश से महिला की मृत्यु

**राठ(हमीरपुर)।** मझगवां थाने के जराखर गांव में खेत में चारा काटने गई महिला को जहरीले सर्प ने काट लिया। स्वजन महिला को झाड़.फूंक के लिए पनवाड़ी ले गए। जहां महिला की मौत हो गई। स्वजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जराखर गांव निवासी चंद्रपाल ने बताया कि सोमवार की शाम करीब पांच उसकी पत्नी 45 वर्षीय शिववती खेत में चारा काटने गई थी। तभी चारा काटने समय महिला को सर्प ने काट लिया। स्वजन महिला को झाड़.फूंक के लिए पनवाड़ी ले गए। जहां महिला की मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया कि पत्नी के नाम सवा बीघा और उसके नाम सात बीघा जमीन है। खेती कर परिवार का भरण.पोषण करते थे। मृतका अपने पीछे एक पुत्र अमित और पुत्री मनीषा को छोड़ गई है। महिला की मौत पर स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### करंट की चपेट में आकर बंदर की मौत

**फतेहपुर।** असोथर विकास खंड के कौंडर गांव में सोमवार की शाम विचरण करने वाले एक बंदर की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। यह बंदर गांव में ही घूमता था इसलिए लोगों के मन में उसके लिए श्रद्धा का भाव पनपने लगा और धीरे-धीरे उपस्थित लोगों ने फैसला किया कि उक्त बंदर को पूर्ण श्रद्धा भाव से गांव में स्थित बलभद्र बाबा कुटी में समाधि दी जाएगी। सुबह-सुबह ग्रामीणों ने सीतारामी से ढककर व फूलों गुब्बारों के साथ ही गाजे बाजे से शव यात्रा निकाली। कुटी के एक किनारे मंत्रोच्चारण के बीच समाधि दी। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि प्रदुम्न गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह, अनूप कुमार, लालमन यादव, रामलाल, रामदूत, बच्छराज सिंह भी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में घायल पीडब्ल्यूडी बेलदार की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कला गांव निवासी स्व. बचानी पासवान का पुत्र रामदीन पीडब्ल्यूडी में बेलदार के पद पर तैनात था। 19 जुलाई को काम के सिलसिले में हुसैनगंज रोड जमालपुर गया था। तभी स्कूटी ने टक्कर मार दिया था। बुरी तरह घायल हो गया था। अस्पताल लाने पर चिकित्सक ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया था लेकिन पेसे के अभाव में कानपुर न ले जाकर घर पर ही इलाज करवा रहे थे। अचानक तबियत बिगड़ने पर आज उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मृत्यु

**राठ।** जरिया क्षेत्र में मौरंग से लोड ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इंदरपुरा गांव निवासी हरनारायण ने बताया कि रविवार की शाम करीब छह बजे उसका 39 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार अपनी ससुराल चंडौत से बाइक द्वारा घर लौट रहा था। जैसे ही उसका पुत्र चंडौत स्टैंड गुलाब की दुकान के सामने पहुंचा तो तभी धगवां गांव की ओर से आ रहे मौरंग से भरे ओवरलोड ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर ट्रक चालक आशीष कुमार पुत्र कमलेश यादव निवासी नगला सवी पूर्वी थान चौविया जनपद इटावा के विरुद्ध लापरवाही से ट्रक चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।

### चुनाव हारे नहीं षड्यंत्र का शिकार हुए कार्यकर्ताः टेनी

**रमियाबेहड़।** चुनाव हारे नहीं बल्कि षड्यंत्र का शिकार हुए हमारे भाजपा कार्यकर्ता। मतदाता मायूस ना होकर पूरे उत्साह के साथ आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों को लेकर अभी से रणनीत के तहत क्षेत्र में कार्य करना शुरू कर दें। यह संदेश सोमवार को रमियाबेहड़ के ब्लॉक सभागार में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह के दौरान पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने दिया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री मिश्रा का जोरदार स्वागत किया।

# पूर्व सैनिक की कावड़ियों की ईको वैन से कुचलकर हुई मौत

**फर्रुखाबाद।** कावड़ियों से भरी ईको वैन ने पूर्व सैनिक को टक्कर मार दी जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। थाना कादरी गेट के इटावा बरेली राष्ट्रीय राज मार्ग पर ग्राम नगला कलार के निकट अपने टाइल्स की दुकान के बाहर खड़े पूर्व सैनिक 60 वर्षीय बृजेश दीक्षित निवासी कन्नौज के थाना छिबरामऊ के ग्राम हरिहरपुर ने कुछ दिन पूर्व ही नगला कलार में अपना मकान बनवाया था। मकान के बाहरी हिस्से में दीक्षित टाइल्स नाम से टाइल्स की दुकान कर रखी थी। वह दुकान के बाहर आज सड़क किनारे खड़े हुए थे। बेवर की ओर से आ रही कांवड़ियों की ईको वैन ने टक्कर मार दी। जिससे पूर्व सैनिक बृजेश दीक्षित गंभीर रूप से घायल हो गए। पूर्व सैनिक को लोहिया में भर्ती किया गया जहाँ उपचार के बाद परिजन निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गये। उनकी हालत खराब होनें पर परिजन फिर लोहिया लेकर आये तो ईएमओ डा. अभिषेक चतुर्वेदी नें बृजेश को मृत घोषित किया।

# मां की गला दबाकर हत्या के आरोप में प्रेमी के साथ गिरफ्तार

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा में थाना अतर्रा क्षेत्र के बल्लान में 30.07.2024 को तालाब में बरामद हुए महिला के शव की घटना का थाना अतर्रा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा किया गया सफल अनावरण मृतका के पुत्री ने ही प्रेम.प्रसंग का पता चलने पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर 29/30.07.2024 की रात्रि को घर के बाड़े में सोते समय महिला की गला दबाकर की थी हत्या तथा पुलिस को भ्रमित करने के उदेश्य से शव को गांव से बाहर तालाब में दिया था फेंक। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा लक्ष्मी निवास मिश्र व क्षेत्राधिकारी अतर्राध्नगर गवेन्द्र पाल गौतम के निकट पर्यवेक्षण में थाना अतर्रा क्षेत्र में 30.07.2024 को तालाब में बरामद महिला के शव की घटना का थाना अतर्रा व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सफल अनावरण करते हुए महिला की गला दबाकर हत्या करने वाली उसकी पुत्री व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त फरार है गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। 30.07.2024 को थाना अतर्रा क्षेत्र के ग्राम चक्की पुरवा अंश बल्लान में एक महिला का शव तालाब में बरामद हुआ था जिसकी पहचान ग्राम बल्लान की रजुलिया उर्फ रजनिया पत्नी फूलचन्द्र के रुप में हुई थी। मृतका के पति फूलचन्द्र की तहरीर पर थाना अतर्रा पर अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। संदिग्धों व अन्य से पूछताछ के क्रम में पता चला कि मृतिका रजुलिया को अपनी पुत्री नीतू वर्मा के गांव के ही एक युवक अतुल आरख के साथ प्रेम.प्रसंग का पता चल गया था जिस पर रजुलिया द्वारा अपनी पुत्री नीतू को डांटा फटकारा व गाली गलौज की गयी जिस पर क्रुद्ध हो गयी और अपने प्रेमी अतुल व एक अन्य साथी ददुआ के साथ मिलकर अपनी मां की हत्या की योजना बनायी।

# डीएम ने की निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान एवं गौ आश्रय स्थल संचालन की समीक्षा, दिए निर्देश

● **अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में करें संरक्षितः डीएम**



**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गौवंश संरक्षण अभियान एवं गौ आश्रय स्थल संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक मॉ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गयी। बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि जो भी पशु डाक्टर या अधिकारी गौशालाओं के निरीक्षण में जायें वे संबंधित गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों की संख्या की जांच जरूर करें। उन्होंने सभी पशु चिकित्सकों को निर्देशित किया कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों का शत प्रतिशत ईयर टैगिंग की जायें, बीमार गौवंशों पर विशेष ध्यान दिया जाये, उन्हें अलग स्थान पर रखकर इलाज की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। ब्लाक स्तर, तहसील स्तर पर गौशाला के सम्बन्ध में नियमित बैठक आयोजित की जायें। डीएम ने सड़कों अथवा खेतों में घूम रहे निराश्रित गौवंशों को सघन अभियान चलाकर गौशालाओं में संरक्षित करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हाईवे पर रात्रि के समय अभियान चलाकर गौवंशों को संरक्षित कराया जाये, हाईवे पर एक भी निराश्रित गोवंश न पाया जाए। इस कार्य में यातायात प्रबंधन के लिए पुलिस का भी सहयोग किया जाये। डीएम ने निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करायें जाने के निर्देश दिये। भरण पोषण संबंधी मांग ससमय उच्च स्तर पर प्रेषित की जाये। पशुओं के भरण पोषण के लिए गौशालाओं में भूसा, चूनी, चोकर, पशु आहार आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिन गौशालाओं में वर्षा के दृष्टिगत कीचड़ आदि की समस्या देखी जा रही है वहां मिट्टी, बालू आदि डालकर पशुओं के रहने के लिए उचित व्यवस्था की जाये। जिन गौशालाओं में जलभराव होने की संभावना है वहां जल निकासी की व्यवस्था की जाये तथा जिन गौ आश्रय स्थलों तक पहुंच के मार्ग खराब है उन्हें शीघ्र दुरस्त करा लिया जाये।

# संचारी रोग अभियान में सबसे ज्यादा क्षय रोगी व कुपोषित बच्चे किये गये चिंहित

● **गांवों में गंदगी के चलते महामारी फैलने की आशंका, अनटाइड फंड का हुआ बंदरबाट, कार्यक्रम की हुई खानापूरी**

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले** में शासन स्तर पर चलाये जा रहे एक माह के संचारी रोग अभियान में सबसे ज्यादा गांवों की साफ सफाई में ध्वस्त पायी गयी है। वही तीन सौ तीन बच्चे कुपोषित व 136 लोग क्षय रोग से ग्रसित पाये गये है। वही आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने महज खानापूरी कर अभियान की इतिश्री कर दी है। जानकारी के मुताबिक संचारी रोग अभियानएक जुलाई से 31 जुलाई तक तक चलाया गया था। जिसमे एक दर्जन विभागों को लगाया गया था। स्वास्थ्य विभाग ने 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान संचालित किया गया था जिसमे कई विंदु शामिल है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आरके यादव ने बताया कि मुख्य विंदुओं में क्षय रोग थाजिसमे 136 लोग क्षय रोग सेग्रसित पाये गये वही केवल हमीरपुर शहर में 35 क्षय रोगी पाये गये है सभी चिंहित किये गये क्षय रोगियों को इलाज कराने को कहा गया है ।वही जांच में 303 मासूम बच्चे अतिकुपोषित पाये गये है जो चिंता का विषय बना हुआ है,जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह का कहना है कि जिले में अतिकुपोषित बच्चों की संख्या केवल नौ सौ है जब कि एक माह के अंतराल में तीन सौ बच्चे अतिकुपोषित पाये गये हैइससे साफ सावित होता है कि डीपीओ के सर्वे में कोई न कोई कमी अवश्य है। वही इतनी तादाद में क्षय रोगियों के मिलने से वर्ष 1925 टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का समापन होना है। कैसे हो पायेगा। इसको लेकर तरह तरह की अटकले लगायी जा रही है। वही यूनीसेफके फील्ड मानीटरों का कहना है कि आशा बहुओ व आगनवाड़ी कार्यकत्रियो ने टीकाकरण व अन्य विंदुओ से ठीक से नही चेक किया है जिससे कार्यक्रम की स्थिति का ठीक से आकलन नही हो पा रहा है। ज्यादातरगांवों में साफ सफाई पूरी ध्वस्त पायी गयी है। जिससे संक्रामक रोगो को बढ़ावा मिला है। मुस्करा ब्लाक व राठ ब्लाक में दवा छिड़काव के लिये जो प्रधान व आंगनवाड़ी कार्यकत्री के ज्वाइंट खाते में जो अनटाइड फंड आता है उसका बंदरवाट कर लिया गया है वैसे जिले में इस फंड का सबसे ज्यादा दुरुपयोग बताया जाता है। जल जीवन मिशन कार्यक्रम में गा्वों में जगह जगह लीकेज देखने को मिल रहे है। इसकी शिकायत जल संस्थान से की गयी है। कार्यक्रम मे योजनाओं की पोल पूरी तरह खुल कर सामने आ गयी है।

# गंगा नदी में कूदे युवक को पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बचाया

**कन्नौज।** गंगा नदी में कदकर आत्महत्या का प्रयास कर रहे युवक को मेंहदीघाट चौकी पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोर युवकों की मदद से बचा लिया गया। पुलिस अधीक्षक नें गोतताखोर युवकों को पुरूस्कृत कर उत्साहबर्धन किया। मंगलवार को 05:48 बजे पुलिस चौकी मेहंदी घाट प्रभारी चन्द्रभान सिंह द्वारा थाना कन्नौज पर सूचना दी गई कि एक व्यक्ति गंगा नदी में कूद गया है। तत्काल गंगा घाट पर कर्तव्यरत पुलिस टीम मुख्य आरक्षी सूर्य वली सिंह, शिवप्रसाद यादव, कांस्टेवल विपुल सिंह, विशाल, करन यादव, अमित कुमार, कृष्णवीर, मनोज नें मौके पर जाकर स्थानीय गोताखोरो मनोज, रवि, मोनू उर्फ फूलसिंह की सहायता से युवक को सकुशल बचा लिया गया। व्यक्ति द्वारा अपना नाम निजामुद्दीन पुत्र शफीर खान उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम जलालपुर सरवन कोतवाली कन्नौज बताया व कर्ज हो जाने की वजह से गंगा में कूद गया। व्यक्ति के परिजनों की जानकारी कर उन्हें व्यक्ति को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया है। व्यक्ति के परिजनों द्वारा थाना कन्नौज पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कन्नौज पुलिस की प्रशंसा की गयी। वहीं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा स्थानीय गोताखोर के सराहनीय कार्य के लिए व उनका उत्साहवर्धन हेतु प्रत्येक को दो-दो रुपये से पुरस्कृत किया गया।



गोताखोर युवको को पुरूस्कृत करते एसपी अमित कुमार आनन्द।

# रिसोर्स रिकवरी सेंटर से स्वच्छता को मिलेगी रफ्तार, सीडीओ ने किया शुभारंभ

● **समूह चलाएंगी आरआरसी सेंटर, कूड़ा कचरा का प्रबंधन कर बढ़ाएंगी आय**



**लखीमपुर खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज.2 के तहत ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत सलेमपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र, रिसोर्स रिकवरी सेन्टर (आरआरसी) का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही घर.घर कूड़ा कलेक्शन वाहन (ई.रिक्शा) गाड़ी को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बनने से नपा की तर्ज पर गांव के लोगों का कूड़ा ठेला, ई.रिक्शा के माध्यम से आरआरसी सेंटर ले जाया जाएगा। सीडीओ अभिषेक कुमार ने उपस्थित प्रधान, सचिव को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में दुकानों, मैरिज लॉनों, हास्पिटल आदि अन्य प्रतिष्ठानों के स्वामियों के साथ बैठक कर डोर.टू.डोर कूड़ा संग्रहण कराने व शुल्क प्राप्त किया जाये तथा आरआरसी सेन्टर में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट खाद की बिक्री के लिए उद्यान एवं वन विभाग आदि से समन्वय स्थापित कर ज़रूरी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। स्वयं सहायता समूहों को संबंधित पंचायतों से जोड़कर कूड़ा.कचरा का प्रबंधन कर उनकी आमदनी का साधन बनाया जायेगा। गांव के हर घर से कचरा कलेक्शन के लिए एक ठेला, ई.रिक्शा भी दिया जाएगा, प्रत्येक गांव के घर.घर से गीला व सूखा कचरे का अलग अलग इकट्ठा किया जायेगा।

सीडीओ ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान (ग्रा) का उद्देश्य ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। गांव को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए लोगों के बीच जागरूकता भी फैलाई जाएगी। डीपीआरओ को गांवों को पूरी तरह से खुले में शौच मुक्त, पॉलीथिन मुक्त सामुदायिक प्रसाधन भवनों का निर्माण, ठोस व गीला कचरा निस्तारण प्रबंधन कर मॉडल गांव बनाने के लिए निर्देशित किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण फेज.2) के तहत गांवों को कूड़ा कचड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से लखीमपुर खीरी के चयनित गांवों में रिसोर्स रिकवरी सेन्टर (आरआरसी) का निर्माण कराया जा रहा है।

# नवीकरणीय ऊर्जा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के देश के लक्ष्य को 30 लाख करोड़ रुपए तक के निवेश से पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है और यह इस तथ्य से साबित होता है कि इस साल बजट में परिव्यय को दोगुना कर 20,000 करोड़ रुपए से अधिक कर दिया गया है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने अपने मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में चर्चा का जवाब देते हुए कहा, भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के निवेश की गतिशीलता में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा है। पिछले 10 वर्षों में लगभग 7 लाख करोड़ रुपए पहले ही निवेश किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित 5,00,000 मेगावाट क्षमता स्थापित करने के लिए 30 लाख करोड़ रुपए का निवेश आने की उम्मीद है। उनके एक घंटे से अधिक लंबे जवाब के दौरान विपक्ष ने चीन के साथ संबंधों को लेकर कांग्रेस पार्टी पर उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए सदन से बहिर्गमन किया।



कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 10 साल में तीन लाख करोड़ रुपए का निवेश भी नहीं आया। उन्होंने कहा, 2004 और 2014 के बीच, जब पूरी दुनिया नवीकरणीय ऊर्जा पर चर्चा कर रही थी और विकसित कर रही थी, कुल व्यय केवल 6,091 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा, इस वर्ष (उनके मंत्रालय के लिए) का बजट 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है।

जोशी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में कुल खर्च 36,952 करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, पीएम सूर्य घर, पीएम कुसुम, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, व्यवहार्यता गैप फंडिंग (वीजीएफ), और सौर मॉड्यूल के लिए पीएलआई जैसी योजनाएं भी शुरु की गई हैं। उन्होंने कहा, यह सब मिलाकर 1.60 लाख करोड़ रुपए के करीब होगा। कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान तो 1.60 लाख करोड़ रुपए तक के घोटाले हो जाते थे। सरकार पंचमृत प्रतिबद्धताओं पर काम कर रही है, जिसमें उसने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने और 2070 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने संदेह जताया और पूछा कि सरकार 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा के लक्ष्य को कैसे हासिल कर पाएगी जबकि वर्तमान क्षमता केवल 200 गीगावाट की है। इसका जवाब देते हुए जोशी ने सदस्यों से सरकार पर भरोसा रखने को कहा। उन्होंने कहा, हम इसे 200 गीगावॉट तक ले गए हैं और 500 गीगावॉट के लक्ष्य को भी हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में उत्पादित कुल नवीकरणीय ऊर्जा 193.5 अरब यूनिट से बढ़कर 359.89 अरब यूनिट हो गई है। जोशी ने कहा, अब भारत स्थापित क्षमता के मामले में वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत पवन ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर और सौर पीवी क्षमता में पांचवें स्थान पर है। मंत्री ने कहा कि आज की तारीख में सौर ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 85.4 गीगावॉट है और 74.34 गीगावॉट और 104 गीगावॉट क्षमता की नवीनतम निविदा कार्यान्वयन के अधीन है।

कांग्रेस सदस्य रंजीत रंजन की टिप्पणी मोदी चीनी भाई भाई के जवाब में जोशी ने कहा कि यह टिप्पणी एक राजनीतिक दल के सदस्य की ओर से आई है जिसने अपनी पार्टी को चलाने के लिए चीन से चंदा लिया है। उन्होंने कहा, ...जमीन हमने 1962 में खो दी। उन्होंने कहा मोदी चीनी भाई भाई। ये लोग हैं। जिस पार्टी ने अपनी पार्टी चलाने के लिए चीन से चंदा लिया है, वह हमें उपदेश देती है। जब वे विपक्ष में थे, तो वे गुप्त रूप से किससे मिले? चीनी राजदूत।

रंजन ने कहा था कि अक्षय ऊर्जा क्षेत्र चीन से आयात पर निर्भर है। जोशी ने कहा कि (विपक्षी) सदस्यों ने वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा में चौथे और नवीकरणीय ऊर्जा में पांचवें स्थान पर देश के प्रदर्शन को स्वीकार नहीं किया। विपक्ष ने जोशी की टिप्पणी पर आपत्ति जताई और उपसभापति हरिवंश से आग्रह किया कि वह मंत्री को उनकी टिप्पणी को प्रमाणित करने के लिए कहें। इसके बाद विपक्षी सदस्य सदन से बहिर्गमन कर गए लेकिन जोशी ने उन पर हमला जारी रखा। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य तथ्यों के बिना आरोप लगाते हैं और उनमें जवाब सुनने का धैर्य नहीं है।

# जल्द सुनवाई के बार-बार के आग्रह से नाराज हुए सीजेआई वकील से एक दिन के लिए पीठ में बैठने को कहा

**नई दिल्ली।** शिवसेना के विधायकों को अयोग्य करार देने से संबंधित मामले की जल्द सुनवाई के लिए एक वकील के बार-बार आग्रह करने से नाराज प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने उनसे कहा, एक दिन के लिए यहां बैठिए। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप अपनी जान छुड़ाकर भागेंगे। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ महाराष्ट्र के राजनीतिक विवादों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई की तारीखें तय कर रही थी। उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जून 2022 में शिवसेना में विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली राजनीतिक दल घोषित किया गया है।

दूसरी याचिका राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट द्वारा दायर की गई है, जिसमें नार्वेकर के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा घोषित किया गया था। हाल में, शीर्ष अदालत ने शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार और उनके 40 विधायकों को नोटिस जारी किया था। शुरुआत में, प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शिवसेना के मामले में दलीलें पूरी हो चुकी हैं। राकांपा से जुड़े विवाद मामले को सूचीबद्ध करते समय पीठ ने अजित पवार गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन. के. कौल की इस दलील पर गौर किया कि शरद पवार समूह की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाना चाहिए।

शीर्ष अदालत ने अंततः अजित पवार गुट और उसके 40 विधायकों को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया तथा कहा कि इसके बाद याचिका पर सुनवाई की जाएगी। इस बीच, उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए एक वकील ने नजदीक की तारीख देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव करीब हैं और मामले को जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। वकील ने कहा कि दस्तावेजों का संकलन दो-तीन दिनों में तैयार किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा, कृपया न्यायालय को आदेश न दें। उन्होंने कहा, आप एक दिन के लिए यहां आकर क्यों नहीं बैठते और कोर्ट मास्टर को बता देते कि आपको कौन सी तारीख चाहिए। आप देख सकते हैं कि न्यायालय पर काम का कितना बोझ है...कृपया एक दिन के लिए यहां आकर बैठिए। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप अपनी जान छुड़ाकर भागेंगे।

## दिग्विजय, सुरजेवाला ने कृषि मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** सांसदों दिग्विजय सिंह और रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया और उन पर राज्यसभा को गुमराह करने का आरोप लगाया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को सौंपे नोटिस में कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेताओं ने चौहान द्वारा सदन में दिए गए कुछ बयानों का उल्लेख किया और कहा कि कृषि मंत्री ने तथ्यात्मक रूप से गलत बात की। सुरजेवाला ने एक्स पर नोटिस साझा करते हुए कहा, मैंने और दिग्विजय सिंह जी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। जो किसानों की आजीविका को छेड़ेगा, उसकी जबाबदेही तो होगी। नोटिस में दोनों नेताओं ने सभापति से आग्रह किया कि नियम 187 के तहत कृषि मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की अनुमति दी जाए, नियम 190 के तहत मामले को सदन में उठाने की अनुमति प्रदान की जाए तथा नियम 191 के तहत इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा जाए। चौहान ने सोमवार को कांग्रेस को किसान विरोधी करार देते हुए राज्यसभा में राजनीतिक दलों से अपील की थी कि वे किसानों को वोट बैंक मानना बंद करें तथा उनके साथ इंसान की तरह व्यवहार करें। उच्च सदन में कृषि मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कृषि मंत्री ने कहा था कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से न केवल छोटे एवं सीमांत किसान सशक्त हुए, बल्कि उनका सम्मान भी बढ़ा है।

# पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य केंद्रों के रंग निर्धारण मानकों को लेकर जेपी नड्डा और डेरेक ओ ब्रायन में नोकझोंक

**भाषा।** नई दिल्ली

**स्वास्थ्य** और कल्याण केंद्रों के लिए रंग निर्धारण संबंधी दिशानिर्देशों और पश्चिम बंगाल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत धन जारी करने के मुद्दे पर मंगलवार को राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा तथा तृणमूल कांग्रेस के सदस्य डेरेक ओ ब्रायन के बीच नोकझोंक हो गई।

नड्डा तृणमूल कांग्रेसके सदस्य साकेत गोखले द्वारा राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए एक पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। गोखले ने पूछा कि क्या यह सच है कि केंद्र सरकार ने रंग निर्धारण संबंधी निर्देश का पालन नहीं करने के मामूली से कारण को लेकर एनएचएम के तहत पश्चिम बंगाल को दी जाने वाली 828 करोड़ रुपए की धनराशि रोक दी गई है? उन्होंने मंत्री से हां या ना में यह बताने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि बकाया राशि कब जारी की जाएगी ?

इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री नड्डा ने कहा, यदि आप दिशानिर्देशों का पालन करते हैं, तो हां। यदि आप दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो नहीं। नड्डा के जवाब के बाद तृणमूल सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने कहा मैं यहाँ किसी तर्क-वितर्क में शामिल होने नहीं आया हूँ। मेरे सहयोगी (गोखले) ने जो सरल बात कही थी, वह यह थी कि हाँ, हम हमेशा इसका अनुपालन करेंगे। लेकिन हमारा कहना यह था कि जब लोग स्वास्थ्य लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, तो रंग निर्धारण वाली किसी भी योजना का अनुपालन करना थोड़ा अतिशयोक्तिपूर्ण है। किसी रंग के लिए नहीं बल्कि हम इसे इस भावना के साथ लेंगे कि यह किसी और चीज़ के लिए हो। सिर्फ़ इसलिए कि यह आपका पसंदीदा रंग नहीं है, लोगों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इस पर नड्डा ने कहा, पहला सवाल काले और सफेद रंग में था, इसलिए जवाब भी काले और सफेद रंग में ही था। अब सवाल मेरे प्रिय मित्र डेरेक ओ ब्रायन की ओर से आया है और उनके बाल सफेद हैं। इसलिए जवाब भी सफेद रंग में ही होगा, जिसमें कुछ सकारात्मकता भी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर उनसे स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के लिए रंग निर्धारण की शर्तों को हटाने और बंगाल को एनएचएम कोष जारी करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था।

प्रधानमंत्री को लिखे अपने दो पन्नों के पत्र में उन्होंने कहा था कि केंद्र द्वारा कोष रोके जाने से गरीब लोग अपने स्वास्थ्य लाभ से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने लिखा, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है ... हाल ही में मुझे सूचित किया गया है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों के लिए रंग निर्धारण दिशा-निर्देशों का पालन न करने के कारण पश्चिम बंगाल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कोष जारी करने से रोक दिया है, जबकि अन्य शर्तें पूरी की गई थीं। बनर्जी ने कहा कि वर्तमान में राज्य में लगभग 11,000 स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र हैं जो प्रतिदिन तीन लाख से अधिक लोगों की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि इमारतों का निर्माण 2011 में जब टीएमसी के सत्ता में आने के बाद से राज्य में रंग निर्धारण के अनुसार किया गया है। बंगाल में सरकारी इमारतों को ज्यादातर नीले और सफेद रंग से रंगा जाता है।

## व्हाट्सऐप पर जिलाधिकारी की तस्वीर लगाकर सदर तहसीलदार से 50,000 रुपए की ठगी

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में साइबर अपराधियों ने व्हाट्सऐप में डिस्प्ले पिक्चर पर जिलाधिकारी की तस्वीर लगाकर तहसीलदार से कथित रूप से 50 हजार रुपए ठग लिए। त्वरित संदेश भेजने की सुविधा प्रदान करने वाली ऐप्लीकेशन व्हाट्सऐप पर उपयोगकर्ता द्वारा लगाई जाने वाली तस्वीर को डिस्प्ले पिक्चर कहा जाता है। तहसीलदार (सदर) सुरेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि वह रविवार शाम कांवड़ यात्रा की ड्यूटी में तैनात थे तभी उनके पास एक व्हाट्सऐप नंबर से संदेश आया, जिसमें उनसे एक खाते में तत्काल 50 हजार रुपए हस्तांतरित करने को कहा गया था। सिंह ने बताया कि इस व्हाट्सऐप नंबर पर बदायूं की जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की तस्वीर लगी थी और उस पर उनका नाम भी दिख रहा था। उन्होंने बताया कि उन्होंने करीब आधे घंटे बाद वह संदेश देखा और तब तक मोबाइल पर एक और संदेश आया कि अभी तक रुपए क्यों नहीं भेजे गए। सिंह ने कहा कि इससे वह हड़बड़ा गए और उन्होंने व्हाट्सऐप नंबर की पुष्टि किए बगैर ही बताए गए खाते में 50 हजार रुपए डाल दिए। उन्होंने बताया कि इसके कुछ देर बाद उनके नंबर पर एक और संदेश आया, जिसमें 50,000 रुपए की फिर से मांग की गई। सिंह ने बताया कि उन्होंने शक होने पर निधि श्रीवास्तव को फोन किया और जिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने इस तरह का कोई भी संदेश नहीं भेजा था। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर क्षेत्र) अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के दौरान पता चला है कि जिस व्हाट्सऐप नंबर से तहसीलदार सदर के पास संदेश आया था वह नंबर तो भारत का है मगर उसे श्रीलंका से इस्तेमाल किया जा रहा है जबकि जिस बैंक खाते में धनराशि भेजने के लिए कहा गया था वह बेंगलुरू का है।

## जरांगे ने मराठा समुदाय से आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी करने को कहा

**जालना ( महाराष्ट्र )।** मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को मराठा समुदाय से आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। जरांगे ने कहा कि अगर उन्हें (मराठा) आरक्षण चाहिए तो उनके पास राजनीति में आने और सत्ता हासिल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जालना जिले के अंतरवाली सराती गांव में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जरांगे ने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मराठा राज्य की सत्ता में आएंगे। महाराष्ट्र में इस साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। वह राजनीति में प्रवेश नहीं करना चाहते, लेकिन मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने की आवश्यकता उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर कर सकती है। उन्होंने विश्वास जताया कि मराठा, मुस्लिम और दलित आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण बदलाव लाएंगे, जो हाल के लोकसभा चुनाव में देखी गई लहर के समान होगा। जरांगे ने कहा, यदि हम मराठा समुदाय के लिए आरक्षण चाहते हैं तो हमारे पास राजनीति में प्रवेश करने और सत्ता में आने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने इच्छुक उम्मीदवारों से चुनाव की तैयारी करने का आग्रह किया तथा संकेत दिया कि उनके राजनीतिक प्रवेश के संबंध में निर्णय 29 अगस्त को होने वाली बैठक में किया जाएगा। उन्होंने दावा किया, जहां नेता अपने-अपने दलों से जुड़े हुए हैं, वहीं आम लोग हमारे साथ हैं। जरांगे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर मराठा नेताओं को उनके खिलाफ भड़काने का आरोप लगाया। फडणवीस ने मराठा आरक्षण के खिलाफ एक अभियान की योजना बनाई थी और दावा किया कि उपमुख्यमंत्री के इशारे पर समुदाय के कुछ नेता आरक्षण की मांग के प्रयासों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। हम राज्य में अशांति पैदा करने के फडणवीस के सपने को नाकाम कर देंगे। महाराष्ट्र एक शांतिपूर्ण राज्य है जहां सभी धर्मों और जातियों के लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं।

# हरित ऊर्जा देश के लिए आवश्यक, परियोजनाओं को मिले अधिक सब्सिडी : विपक्ष

**नई दिल्ली।** भारत को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरित ऊर्जा पर बल दिए जाने की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए विपक्षी दलों के सदस्यों ने मंगलवार को सुझाव दिया कि सौर एवं पवन ऊर्जा की परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए अधिक सब्सिडी दी जानी चाहिए। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के कामकाज पर राज्यसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने यह भी मांग की कि सौर पैनल और पंप लगाने को प्रोत्साहन देने के लिए बैंकों को निर्देश दिया जाए कि वे किसानों को सुगमता से ऋण प्रदान करें।

चर्चा में भाग लेते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की फौजिया खान ने कहा कि भारत ने 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन पर लगाम कसने के मामले में भारत अभी पीछे चल रहा है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन पर रोक के लिए नवीन ऊर्जा को अपनाना अति आवश्यक हो गया है। उन्होंने महाराष्ट्र राज्य का उदाहरण देते हुए कहा कि यह नवीन ऊर्जा के उत्पादन में मामले में काफी प्रगति कर सकता है किंतु यह अभी लक्ष्य से पीछे चल रहा है।

खान ने कहा कि सौर ऊर्जा के मामले में हमें योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सौर घर योजना निश्चित रूप से लाभकारी है विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए, क्योंकि वहां बिजली की आपूर्ति काफी अनियमित होती है। उन्होंने कहा कि किसानों को सौर पैनल एवं सौर पंप लगाने के लिए बैंक से ऋण लेना बहुत ही मुश्किल है। उन्होंने सरकार से विनती की कि किसानों को आसानी से ऋण देने के लिए वह बैंकों को निर्देश दे अन्यथा यह महत्वपूर्ण योजना कागजों तक ही सिमट जाएगी। अन्नाद्रमुक सदस्य एम थंबीदुरै ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय के लिए 19,100 करोड रूपए आवंटित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि उनके प्रदेश तमिलनाडु में पवन ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा के उत्पादन की विपुल संभावनाएं हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि दक्षिण के इस राज्य को इन दोनों ऊर्जा की परियोजनाओं को स्थापित करने में प्रोत्साहन देने के लिए अधिक सब्सिडी और प्रोत्साहन राशि दी जानी चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी ने कहा कि हमें अपनी अगली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण सौंपना है इसलिए देश को अपने पर्यावरण के लिए बहुत सतर्क रहना पड़ेगा। उन्होंने सरकार के रुख में विरोधाभास होने का दावा करते हुए कहा कि एक तरफ तो वह नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है वहीं वह परंपरागत ऊर्जा को भी प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने कहा कि देश में कोयला अधारित नए बिजली संयंत्र शुरू किए जा रहे हैं, ऐसे में वैकल्पिक ऊर्जा को प्रोत्साहन कैसे मिलेगा?

संदोष ने मिसाल देते हुए कहा कि बिजली उत्पादन में कोयला आधारित संयंत्रों का योगदान पहले ही 50 प्रतिशत है तथा कोयला आधारित संयंत्रों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा, हाल में 13.9 जीडब्ल्यू की क्षमता वाला बिजली संयंत्र स्थापित किया गया है...इसका मतलब है कि एक तरफ तो हम कोयले को प्रोत्साहन दे रहे हैं... मुझे संदेह है कि क्या अडाणी समूह हमारी सरकार की बिजली नीति को दिशानिर्देश दे रहा है। हाल में अडाणी (समूह) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा था कि भारत आने वाले वर्षों में भी कोयले का आयात जारी रखेगा। वो ऐसा कैसे कह सकते हैं? मैं यही कहना चाहता हूं कि हम कोयला आयात को कैसे बढ़ावा देना जारी रख सकते हैं।

उन्होंने छत पर सोलर पैनल लगाए जाने को प्रोत्साहन देने और उनके लिए सब्सिडी मुहैया कराने का सुझाव दिया। उन्होंने केरल के हाउस बोट को सोलर पैनल प्रणाली में तब्दील करने की मांग की जिससे राज्य के पर्यटन को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी तक ऐसे हाउस बोट डीजल पंप सेट से चल रहे हैं। असम गण परिषद के वीरेंद्र प्रसाद वैश्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा पर पिछले दस वर्ष से जो जोर दिया है, उसके परिणाम अर्थव्यवस्था में स्पष्ट परिलक्षित हो रहे हैं। ताप बिजली परियोजनाएं पर्यावरण के लिहाज से ठीक नहीं हैं वहीं पर्वतीय क्षेत्र में स्थित पनबिजली परियोजनाएं भी भूकंप आदि की दृष्टि से सुरक्षित नहीं हैं। छोटी पनबिजली परियोजनाओं को अवश्य प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जर्मनी जैसे कुछ देश परमाणु बिजली परियोजनाओं से हाथ खींच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन बातों को देखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा पर सबसे अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

वैश्य ने सुझाव दिया कि लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्रोत्साहन देना चाहिए। शवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि महाराष्ट्र में एक नया ऊर्जा मॉडल निकला है, जो सत्ता को मजबूत करने का काम करता है। उन्होंने कहा कि यह मॉडल है, खोखे लो, धोखे दो मॉडल।

उन्होंने राज्यसभा में दिए गए एक प्रश्न के लिखित जवाब के हवाले से कहा कि महाराष्ट्र में अनुमानित पवन ऊर्जा की क्षमता 98,213 मेगावाट है किंतु राज्य में इसका मात्र पांच प्रतिशत उत्पादन हो रहा है। इसी प्रकार राज्य में लघु पनबिजली परियोजनाओं में अनुमानित क्षमता का मात्र 48 प्रतिशत उत्पादन तथा सौर ऊर्जा की अनुमानित क्षमता का मात्र 60 प्रतिशत उत्पादन हो रहा है। चतुर्वेदी ने कहा कि महाराष्ट्र में पीएम कुसुम योजना के तहत विभिन्न मदों में स्वीकृति के बावजूद जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। इसे महाराष्ट्र के साथ अन्याय करार दिया। सरकार एक ओर आत्मनिर्भरता की बात करती है वहीं देश में 50 प्रतिशत से अधिक सोलर पैनल का चीन से आयात किया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ माझी ने कहा कि सोलर पैनल को प्रोत्साहन देने के साथ ही इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है। पनबिजली के लिए बनाए जाने वाले बड़े-बड़े बांधों से लोगों का विस्थापन होता है, पवन बिजली परियोजनाओं से पक्षियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सरकार को हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के मामले में सतर्कता के साथ आगे बढ़ने का सुझाव दिया।

## पुरोहित ने अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने भारतीय विद्या भवन के दिल्ली केंद्र के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। संस्थान ने मंगलवार को जारी एक बायन में बताया कि पुरोहित ने कार्यकारी सदस्यों की अपनी नई टीम के साथ सोमवार को कार्यभार संभाला। पुरोहित संपूर्ण भारतीय विद्या भवन संस्थानों के उपाध्यक्ष भी हैं। पुरोहित (84) ने अगस्त 2021 से जुलाई 2024 तक पंजाब के 29वें राज्यपाल के तौर पर सेवाएं दी हैं।

# पेज 1 का शेष

## हिंसा ग्रस्त...

सूत्रों ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में जयशंकर ने उन्हें बताया कि भारत ने सोमवार शाम यहां पहुंची बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मदद का आश्वासन दिया है और उन्हें भविष्य की कार्रवाई तय करने के लिए समय दिया है। सूत्रों ने बताया कि संसद भवन में राजनीतिक दलों के नेताओं को जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश के सेना प्रमुख से उस देश में 10,000 से अधिक भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बात की है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित विभिन्न नेताओं के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ने देश में अशांति में विदेशी सरकारों की भूमिका से इनकार नहीं किया, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि स्थिति बहुत अस्थिर है और सरकार बदलती स्थिति पर नजर रख रही है। बैठक में राहुल गांधी ने पूछा कि क्या विदेशी सरकारें वहां संकट को बढ़ावा देने में शामिल हो सकती हैं। जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश में प्रदर्शनकारियों ने अल्पसंख्यकों के घरों और संपत्तियों को निशाना बनाया। हसीना को भारत आए हुए 24 घंटे भी नहीं हुए हैं। वह सदमे की स्थिति में हैं और सरकार भविष्य की योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर उनसे बात करने से पहले उन्हें ठीक होने का समय दे रही है। राहुल गांधी सहित विभिन्न नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार को अपना पूरा सहयोग देने की बात कही। वाईएसआर कांग्रेस के नेता वी विजयसाई रेड्डी ने कहा कि उनकी पार्टी देश के हित में सरकार का समर्थन करती है। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर जयशंकर ने कहा, बांग्लादेश में चल रहे घटनाक्रम के बारे में आज संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत पड़ोसी देश में मौजूद 10 हजार से अधिक भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेशी सेना के संपर्क में है। भाजपा के राज्यसभा सदस्य लहर सिंह सिरोया ने कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, वे जरूरी कदम उठा रहे होंगे। हमारा देश इस मुद्दे से निपटने में सक्षम है। सर्वसम्मति से मिले समर्थन और समझ की सराहना करते हैं। सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, जेडी(यू) नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ललन, जेडी (एस) नेता और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, डीएमके नेता टीआर बालू, एसपी नेता राम गोपाल यादव, तृणमूल नेता सुदीप बंद्योपाध्याय, एनसीपी नेता सुप्रिया सुले समेत अन्य लोग शामिल हुए। इस बीच आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि संसद में उसके लोकसभा में 3 और राज्यसभा में 10 सदस्य होने के बावजूद उसे सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला इस बात पर निर्भर नहीं करता है कि प्रधानमंत्री किस पार्टी से खुश हैं या किस पार्टी से नाराज हैं। जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है तो प्रधानमंत्री को सबको साथ लेकर चलना होता है।

## अभी लंदन...

के कारण अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने सोमवार को लंदन में एक बयान में कहा कि बांग्लादेश ने पिछले कुछ हफ्तों में अभूतपूर्व स्तर की हिंसा और जान-माल की दुखद हानि देखी है और देश के लोग घटनाओं की संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में पूर्ण और स्वतंत्र जांच के हकदार हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि हसीना ने भारत को अपने संभावित भावी कदमों के बारे में जानकारी दे दी है। यह भी पता चला है कि हसीना के परिवार के सदस्य फिनलैंड में भी हैं और इसीलिए उन्होंने उत्तरी यूरोपीय देश जाने पर भी विचार किया है।

## अंतरिम सरकार...

किए गए एक वीडियो में कहा कि उन्होंने यूनुस (84) से पहले ही बात कर ली है और वह बांग्लादेश को बचाने की खातिर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हो गए हैं।

## नीरज...

के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम (86.59 मीटर), ब्राजील के लुईस मॉरीसियो डा सिल्वा (85.91 मीटर) और मालदोवा के एंड्रियन मारडेयर (84.13 मीटर) ने भी भाले को 84 मीटर से अधिक दूर फेंककर सीधे फाइनल में जगह बनाई। भारत के किशोर जेना हालांकि ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से नौवें और कुल 18वें स्थान पर रहे और शीर्ष 12 खिलाड़ियों में जगह बनाकर फाइनल में प्रवेश करने के नाकाम रहे। ग्रुप ए और बी क्वालीफिकेशन के बाद 84 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। जेना ने अपने पहले प्रयास में भाले को 80.73 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन अपने दूसरे प्रयास में फाउल कर गए।

## ओलंपिक...

यूक्रेन की ओक्साना लिवाच को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इसी लय को कायम रखते हुए उन्होंने लोपेज को 5-0 के अंतर से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। इस स्पर्धा का फाइनल बुधवार को खेला जाएगा और विनेश के सामने अमेरिका की सारा ऐन हिल्डेब्रांड की चुनौती होगी। विनेश भारत की पहली महिला पहलवान है जो ओलंपिक के किसी वर्ग के फाइनल में पहुंची है। पुरुष वर्ग में सुशील कुमार और रवि दाहिया को ओलंपिक फाइनल खेलना का अनुभव है लेकिन ए दोनों रजत पदक ही जीत पाए थे, ऐसे में विनेश के पास कुश्ती में देश का पहला स्वर्ण पदक विजेता बनने का मौका होगा।

## राजधानी में...

और ऐसे अन्य के लिए 50,000 रुपये, भेड़, बकरी, सुअर और अन्य के लिए 5,000 रुपये, घोड़े और बैल जैसे बोझा ढोने वाले पशुओं के मामले में, मुआवज़ा प्रति पशु 25,000 रुपये, बछड़ा, गधा, टट्टू, खच्चर और ऐसे अन्य पशुओं के लिए 15,000 रुपये होगा। नियमों के अनुसार सहायता आर्थिक रूप से उत्पादक पशुओं के वास्तविक नुकसान के लिए निर्धारित हो सकती है और यह दुधारू पशुओं के लिए 3 लाख रुपये या बोझा ढोने वाले पशुओं के लिए 1.5 लाख रुपये प्रति परिवार की सीमा के अधीन होगी, भले ही पशुओं की संख्या अधिक क्यों न हो। मुर्गी पालन के मामले में, मुआवज़ा प्रति पक्षी 100 रुपये होगा, जो प्रति लाभार्थी 5,000 रुपये की सीमा के अधीन होगा। अधिकारियों ने कहा कि ये नियम 25 जुलाई को आधिकारिक राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से लागू हो गए हैं। उन्होंने कहा, डीईआरसी (विद्युत दुर्घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा) विनियम, 2024 के तहत, बिजली वितरण कंपनियां, उत्पादन कंपनियां और अन्य लाइसेंसधारी, जो विनियमों में निर्दिष्ट प्रदर्शन के मानकों को पूरा करने में विफल रहते हैं, वे जीवन की हानि या चोट के लिए मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी होंगे। इस वर्ष बरसात के मौसम में बिजली के झटके के कई मामले सामने आए, जिनमें पिछले बुधवार को तीन मामले शामिल हैं। डिस्कॉम, उत्पादन कंपनियों और ट्रांसमिशन कंपनियों सहित सभी लाइसेंसधारियों को विनियमों की अधिसूचना के एक महीने के भीतर एक संबंधित प्राधिकारी को नामित करना होगा, जो महाप्रबंधक के स्तर से नीचे का न हो। मृतक या प्रभावित व्यक्ति के आश्रित, विद्युत संबंधी दुर्घटना के घटित होने के 90 दिनों के भीतर, व्यक्तिगत रूप से या मेल के माध्यम से संबंधित लाइसेंसधारी के संबंधित प्राधिकारी को निर्दिष्ट प्रारूप में मुआवजे का दावा कर सकते हैं, जैसा कि विनियमों में निर्धारित है। संबंधित प्राधिकारी के अंतिम आदेश की तारीख से 15 दिनों के भीतर हकदार व्यक्तियों को मुआवजा दिया जाएगा। नियमों के अनुसार, यदि संबंधित लाइसेंसधारक अंतिम आदेश की तिथि से 15 दिनों के भीतर मुआवजा प्रदान करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें अंतिम आदेश की तिथि से 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से जुर्माना देना होगा। नियमों में लाइसेंसधारकों, बिजली उत्पादक कंपनियों और दिल्ली सरकार के परामर्श से डीईआरसी द्वारा मुआवजे की मात्रा में समय-समय पर संशोधन करने और किसी भी समय विशेष आदेश द्वारा मुआवजे में वृद्धि करने का भी प्रावधान है।

## आम आदमी...

प्राधिकरण ने डीडीए द्वारा आवंटित आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और संस्थागत भूखंडों पर निर्माण पूरा करने के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक समय विस्तार को मंजूरी दी है। यह उन आवंटियों को, जिन्होंने भूमि का प्रीमियम जमा किया है, निर्माण गतिविधियों और पूर्णता प्रमाण पत्र (सीसी) जारी करने के लिए कंपोजिशन शुल्क के भुगतान के बाद समय के विस्तार का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करेगा।

# जनधन व बुनियादी बचत खातों में न्यूनतम राशि बनाए रखने की जरूरत नहीं: वित्त मंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि जन धन और बुनियादी बचत खातों में न्यूनतम राशि बनाए रखने की कोई जरूरत नहीं है। बैंक केवल उन मामलों में जुर्माना लगाते हैं, जहां ग्राहक अपने अन्य खातों में आवश्यक राशि बनाए रखने में विफल रहते हैं। वित्त मंत्री राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा पांच साल में खातों में न्यूनतम राशि नहीं रखने पर ग्राहकों से लगभग 8,500 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूलने से संबंधित पूरक प्रश्न का उत्तर दे रही थीं। सीतारमण ने कहा, ...बैंक खाते में न्यूनतम राशि रखने का प्रावधान प्रधानमंत्री जन धन खातों और गरीब लोगों के बुनियादी खातों पर लागू नहीं होता है। यह केवल उन लोगों के लिए है जिनकी न्यूनतम राशि एक निश्चित स्तर पर होने की उम्मीद है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह सामने आया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2019-20 से पांच साल में इस मद में लगभग 8,500 करोड़ रुपए वसूले। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भी पिछले महीने लोकसभा को बताया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में खातों औसत मासिक न्यूनतम राशि नहीं रखने पर जुर्माने के तौर पर जमाकर्ताओं से 2,331 करोड़ रुपए वसूले।

## बीसीसीआई ने 2,038 करोड़ रुपए का जीएसटी भुगतान किया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान कुल 2,038.55 करोड़ रुपए बतौर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान किया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब मे उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई भारत मे क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च निकाय है और यह तमिलनाडु सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1975 के तहत पंजीकृत स्वायत्त निकाय है। चौधरी ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग जैसे खेल आयोजनों मे दी जाने वाली सेवाओं पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान, बीसीसीआई से सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 2,038.55 करोड़ रुपए था। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने आयकर कानून की धारा 11 के तहत बीसीसीआई को कर छूट देने से इनकार कर दिया है और अब यह मामला न्यायालय मे विचाराधीन है। चौधरी ने कहा," बीसीसीआई को कर छूट का मुद्दा वर्तमान मे न्यायालय मे विचाराधीन है। इसके अलावा, इस संबंध मे वर्तमान मे कोई प्रत्यक्ष कर प्रस्ताव लंबित नही है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई को खेल मंत्रालय की किसी भी योजना से कोई अनुदान नही मिलता है। चौधरी ने एक अन्य सवाल के जवाब मे कहा कि जुलाई 2017 से जून 2024 के बीच गुजरात मे केंद्रीय कर संरचनाओ ने जीएसटी चोरी के 13,494 मामले दर्ज किए। इन मामलो मे जीएसटी चोरी की राशि लगभग 52,394 करोड़ रुपए थी और इस सिलसिले मे 214 लोगो को गिरफ्तारी किया गया।

# ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल ने वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन के प्रस्ताव का स्वागत किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**ऑल इंडिया** सज्जादानशीन काउंसिल ने वक्फ बोर्ड के संचालन से जुड़े कानून में संशोधन के सरकार के फैसले का मंगलवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह काफी समय से लंबित है।सूत्रों ने बताया कि सरकार वक्फ बोर्ड के संचालन से जुड़े 1995 के कानून में संशोधन करने के लिए संसद में एक विधेयक लाने वाली है ताकि इनके कामकाज में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके तथा इन संस्थाओं में महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी हो सके। अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के अध्यक्ष हजरत सैयद नसरुद्दीन चिश्ती ने संशोधनों के तहत एक अलग दरगाह बोर्ड बनाने की मांग की।उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मौजूदा वक्फ अधिनियम में दरगाहों का कोई जिक्र नहीं है। वक्फ बोर्ड दरगाह की परंपराओं को मान्यता नहीं देते हैं, क्योंकि हमारी कई परंपराएं शरीयत (इस्लामी कानून) में नहीं हैं, इसलिए हम एक अलग दरगाह बोर्ड की मांग कर रहे हैं। चिश्ती ने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड अपने मौजूदा स्वरूप में तानाशाह तरीके से काम करते हैं और उनमें कोई पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि वक्फ संशोधन विधेयक का मसौदा व्यापक होगा और सभी हितधारकों के हितों की पूर्ति करेगा। मसौदे की गहन जांच के बाद, हम अपनी सिफारिशें और प्रस्ताव सौंपने का इरादा रखते हैं। एआईएसएससी के अध्यक्ष सहित अन्य प्रतिनिधियों ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू से मुलाकात की और अपनी चिंताएं उनके समक्ष रखीं। चिश्ती ने कहा, एनएसए और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने हमें आश्वासन दिया कि सभी हितधारकों से सलाह-मशविरा किया जाएगा और सभी मुसलमानों के हित में होंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग सरकार के कदम का विरोध कर रहे हैं और झूठा प्रचार करके धर्म के आधार पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों से विरोध करने के बजाय सुझाव देने का आग्रह किया। चिश्ती ने कहा, वक्फ अधिनियम की जटिल न्यायिक प्रक्रिया को भी सरल बनाने की जरूरत है ताकि लोगों को फौरन न्याय मिल सके।

## केंद्रीय मंत्री बिट्टू का गुरुद्वारों, मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बांग्लादेश मे स्थित सिख धर्मस्थलो और हिंदू मंदिरों पर हमलो को लेकर मंगलवार को गंभीर चिंता जताई और विदेश मंत्री एस जयशंकर से इस मुद्दे को सैन्य अधिकारियों या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के समक्ष उठाने का आग्रह किया।जयशंकर को लिखे एक पत्र में बिट्टू ने कहा, चूंकि बांग्लादेश में सिखों की आबादी बहुत कम है और कुछ भारत विरोधी तत्व धार्मिकस्थलों पर उपद्रव मचा रहे है, इसलिए सिख समुदाय बांग्लादेश मे स्थित गुरुद्वारों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। बिट्टू ने कहा, इसलिए मै आपसे आग्रह करता हूं कि ढाका स्थित ऐतिहासिक सिख मंदिरों जैसे गुरुद्वारा नानकशाही और गुरुद्वारा संगत टोला के साथ-साथ हिंदू मंदिरो की रक्षा के लिए सेना या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ इस मुद्दे को उठाएं।

## अमृतांजन को सर्वश्रेष्ठ हेल्थकेयर का सम्मान

कोलकाता। अमृतांजन हेल्थकेयर को 7वें ईटी नाउ बेस्ट हेल्थकेयर ब्रांड्स समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया है। पूरे भारत में 1000 से अधिक हेल्थकेयर ब्रांडों की विस्तृत जांच करके एक कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से यह चुनाव किया गया है। बहुत कम ब्रांड चयन प्रक्रिया के मानदंडों को पूरा कर पाए थेए जिससे अमृतांजन हेल्थकेयर को मिला यह सम्मान और भी अधिक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित हो गया है। अमृतांजन हेल्थकेयर के पोर्टफोलियो में स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में कई अलग.अलग उत्पाद शामिल हैं। अमृतांजन हेल्थकेयर लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एस शंभू प्रसाद ने कहा कि ईटी नाउ बेस्ट हेल्थकेयर ब्रांड्स अवार्ड्स में सम्मानित होना हमारेलिए बहुत गर्व की बात है। उत्कृष्टता और अद्वितीय स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करने के लिए हमारे समर्पित प्रयास और ग्राहकों के जीवन में सुधार ला सकें ऐसे अतुलनीय स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद लाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को इस पुरस्कार ने रेखांकित किया है।

## फिटजी टैलेंट परीक्षा जल्द

**नई दिल्ली।** फिटजी-जे ई ई और अन्य प्रतिस्पर्धी और शैक्षणिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए भारत का प्रमुख संस्थान फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा आयोजित कर रहा है, जो वर्ष की सबसे बड़ी और सबसे प्रतीक्षित परीक्षा है, जो वर्तमान में कक्षा 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 में सभी छात्रों के लिए अपार शैक्षणिक लाभ प्रदान करती है। फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा छात्रों की शैक्षणिक यात्रा को एकमात्र और सबसे व्यापक 360-डिग्री शैक्षणिक निदान उपकरण के साथ सशक्त बनाता है और उन्हें अपार छात्रवृत्तियों के साथ पुरस्कृत होने का अवसर देता है। परीक्षा ऑफलाइन, कंप्यूटर आधारित और प्रॉक्टर्ड ऑनलाइन मोड में कई तिथियों पर आयोजित की जाएगी। छात्र अपने लिए सबसे उपयुक्त परीक्षा तिथि और मोड चुन सकते हैं।फिटजी समूह के निदेशक आर एल त्रिखा ने कहा फिटजी टैलेंट रिवॉर्ड परीक्षा न केवल एक प्रवेश और छात्रवृत्ति परीक्षा है, बल्कि छात्र की शैक्षणिक क्षमता को सटीक रूप से मापने के लिए एक उपकरण भी है। परीक्षा 15 सितंबर और 6 अक्टूबर 2024 को ऑफलाइन या कंप्यूटर आधारित या ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में आयोजित की जाएगी और 22, 23, 27, 28 सितंबर, और 4 और 5 अक्टूबर 2024 को केवल ऑनलाइन प्रॉक्टर्ड मोड में आयोजित की जाएगी।

## जबलपुर जिले में स्वाइन फ्लू के 11 मामले सामने आए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले मे स्वाइन फ्लू के 11 मामले सामने आए है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि ए मामले 11 जुलाई से छह अगस्त के बीच सामने आए है। मिश्रा ने बताया कि 11 में से छह मरीजों को ठीक होने के बाद निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है जबकि बाकी मरीज उपाचाराधीन है।

# इस्लामी गणराज्यों में ऐसी चीजें हमेशा होती रहती हैं : कंगना



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद कंगना रनौत ने मंगलवार को दावा किया कि बांग्लादेश में हो रहे घटनाक्रम सभी इस्लामी गणराज्यों की विशेषता है, जहां हमेशा अन्य धर्मों को खत्म करने का प्रयास किया जाता है। अदाकारा से नेता बनी कंगना ने यह टिप्पणी उस समय की जब संवाददाताओं ने उनसे पड़ोसी देश की स्थिति पर टिप्पणी करने के लिए कहा। नौकरी में आरक्षण को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश अनिश्चितता के भंवर में फंस गया है, जिसके कारण एक दिन पहले प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। कंगना ने कहा कि सभी इस्लामी गणराज्यों में कभी न कभी ऐसे हालात बनते रहते हैं। उन्होंने ब्रिटेन में प्रवासियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों का हवाला देते हुए दावा किया कि वहां सड़कों पर ईसाइयों पर हमले हो रहे हैं। मंडी से भाजपा सांसद ने कहा कि सबक मिला है कि सनातन का दीपक प्रज्वलित होना चाहिए और उसका झंडा उंचा होना चाहिए। उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के हालिया प्रयास को लोकतंत्र की हत्या भी करार दिया। कंगना शिमला जिले के समेज में मीडिया को संबोधित कर रही थीं, जहां वह हाल में आई बाढ़ के पीड़ितों से मिलने गई थीं। उन्होंने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय ताकतों ने अब भारत को घेर लिया है क्योंकि बांग्लादेश अब दोस्त नहीं रहा और सरकार को स्थिति को सावधानी से संभालना चाहिए। हमें उन लोगों से सतर्क रहना चाहिए जो देश को गुमराह कर रहे हैं और देश को अंतरराष्ट्रीय ताकतों के हाथों बेचना चाहते हैं, और उन लोगों से भी जो उनके लिए वोट कर रहे हैं।

# शीर्ष अदालत का आईएमए अध्यक्ष अशोकन से सवाल

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूछा, क्या माफीनामा उन अखबारों में प्रकाशित हुआ जहां आपका साक्षात्कार छपा था**

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष आर वी अशोकन से पूछा कि पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में नुकसान पहुंचाने वाले अपने बयान को लेकर शीर्ष अदालत से बिना शर्त उनका माफीनामा क्या उन सभी अखबारों में प्रकाशित हुआ है जिन्होंने उनका साक्षात्कार छापा था। पीटीआई-भाषा को 29 अप्रैल को दिए साक्षात्कार में अशोकन ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्चतम न्यायालय ने एसोसिएशन तथा निजी चिकित्सकों के कुछ प्रैक्टिस (तौर-तरीके) की भी आलोचना की। साक्षात्कार में वह पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के भ्रामक विज्ञापन के बारे में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि माफीनामा अशोकन द्वारा व्यक्तिगत रूप से समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना चाहिए, न कि आईएमए के कोष से। उच्चतम न्यायालय आईएमए द्वारा 2022 में दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें पतंजलि पर कोविड टीकाकरण अभियान तथा आधुनिक चिकित्सा पद्धति को बदनाम करने की मुहिम चलाने का आरोप लगाया गया है।

## आईआईटी इंदौर ने फौजियों के लिए बनाए खास जूते, हर कदम से बनेगी बिजली

**इंदौर (मप्र)।** इंदौर के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने फौजियों के लिए नवाचारी तकनीक से खास जूते तैयार किए हैं। इन जूतों को पहनकर चलने से न केवल बिजली बन सकती है, बल्कि वास्तविक समय में सैन्य कर्मियों की लोकेशन का भी पता लगाया जा सकता है। आईआईटी के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आईआईटी इंदौर ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को ऐसे जूतों के 10 जोड़ों की पहली खेप मुहैया भी करा दी है। उन्होंने बताया कि इन जूतों को आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर आईए पलानी के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है। अधिकारियों ने बताया ए जूते ट्राइबो-इलेक्ट्रिक नैनोजेनरेटर (टेंग) तकनीक से बनाए गए हैं जिसके कारण इन्हें पहन कर चले गए हर कदम से बिजली बनेगी। उन्होंने बताया कि यह बिजली जूतों के तलों में लगाए गए एक यंत्र में जमा होगी जिससे छोटे उपकरण चलाए जा सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) की तकनीकों से लैस जूतों की मदद से वास्तविक समय में सैन्य कर्मियों की लोकेशन भी पता लगाई जा सकती है।

# दुनिया को हिंदुओं की ताकत दिखाने के लिए एकजुट रहना होगा

**बाबा रामदेव ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लक्षित हमलों की निंदा की**



**देहरादून।** योग गुरू बाबा रामदेव ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों, घरों तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों पर किए जा रहे हमलों की निंदा की और केंद्र सरकार से पड़ोसी देश में हिंदु अल्पसंख्यकों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयास करने को कहा। दुनिया को हिंदुओं की ताकत दिखाने के लिए भारत में हमें एकजुट रहना होगा।उन्होंने केंद्र सरकार से भारत में अशांति और अस्थिरता फैलाने की नीयत से सोशल मीडिया मंचों पर वीडियो प्रसारित करने वालों से भी सख्ती से निपटने को भी कहा।स्वामी रामदेव का यह बयान बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर शुरू हुए विरोध के बीच शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद और देश छोड़ने के एक दिन बाद आया है। हसीना के पद छोड़ने के बाद भी पड़ोसी देश में हिंसा जारी है। रामदेव ने कहा, मैं बांग्लादेश में पिछले दो दिनों से हिंदुओं के मंदिरों, घरों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को लक्ष्य बनाकर किए जा रहे हमलों की निंदा करता हूं।

# बीएसएफ ने लोगों से बांग्लादेश सीमा के पास आवाजाही से बचने को कहा



**भाषा।** नई दिल्ली

**सीमा सुरक्षा बल** (बीएसएफ) ने 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के आसपास रहने वाले लोगों से कहा है कि वे ढाका में बदलते हालात के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में विशेष रूप से रात के समय अनावश्यक आवाजाही न करें। बीएसएफ ने अपनी सभी इकाइयों से पश्चिम बंगाल (2,217 किलोमीटर), त्रिपुरा (856 किलोमीटर), मेघालय (443 किलोमीटर), असम (262 किलोमीटर) और मिजोरम (318 किलोमीटर) तक फैली समूची सीमा पर चौकसी बनाए रखने को कहा है। बीएसएफ महानिदेशक (कार्यवाहक) दलजीत सिंह चौधरी ने दूसरे दिन भी सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा जारी रखा। उन्होंने पेट्रापोल लैंड पोर्ट स्टेशन का दौरा किया, जो दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा केंद्र है और कोलकाता से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। चौधरी के साथ बीएसएफ के कोलकाता मुख्यालय स्थित दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के वरिष्ठ अधिकारी भी थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया महानिदेशक को सीमा चौकियों पर उपलब्ध सैन्य क्षमता तथा संचालित की जा रही अन्य प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बांग्लादेश में वर्तमान घटनाक्रम के मद्देनजर कोई भी अवैध व्यक्ति सीमा को पार न कर सके। उन्होंने बताया, सभी फील्ड कमांडर को निर्देश दिया गया कि मोर्चे पर चौकसी बनाए रखी जाए और घुसपैठ, सीमा पार अपराध और तस्करी की घटनाओं से सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति सामान्य है और पांचों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से कहा गया है कि वे खासकर रात के समय अनावश्यक रूप से आवाजाही न करें। बीएसएफ की पूर्वी कमान के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ए प्रतिबंध पहले से ही लागू हैं, लेकिन अब इन्हें और भी सख्त किया जा रहा है, क्योंकि जवान अवैध रूप से सीमा पार करने सहित किसी भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि के प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरत रहे हैं। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर ने एक बयान में कहा कि नदिया जिले के उत्तरपाड़ा और मुस्तफापुर की सीमा चौकियों पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित की गईं। फ्रंटियर ने सोमवार को कहा था कि बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर सीमा पर तैनात जवानों की संख्या बढ़ा दी गई है। बीएसएफ ने अपने छह फ्रंटियर के तहत पूरे सीमा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए करीब 87 बटालियन को तैनात किया है।

## भारत के कपड़ा, परिधान उद्योग के लिए चिंता का विषय : सिटी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश का राजनीतिक संकट भारत के कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए, विशेष रूप से पड़ोसी देश मे कारखाने चलाने वाली कंपनियो के लिए, महत्वपूर्ण चिंता उत्पन्न कर रहा है। भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ (सिटी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घरेलू कपड़ा उद्योग निकाय का मानना है कि बांग्लादेश में किसी भी आपूर्ति व्यवधान का आपूर्ति श्रृंखला पर तत्काल प्रभाव पड़ेगा, जिससे संभावित रूप से भारतीय कंपनियो का उत्पादन कार्यक्रम और आपूर्ति समयसीमा प्रभावित होगी। भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई या सिटी) की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा, बांग्लादेश मे स्थिति वास्तव मे चिंताजनक है, और हम घटनाक्रम पर बारीकी से नज़र रख रहे है। कपड़ा क्षेत्र मे बांग्लादेश का विकास प्रेरणादायक रहा है और इसने पूरे उपमहाद्वीप मे व्यापार प्रवाह को मज़बूती दी है। उन्होने कहा, हम आपूर्ति श्रृंखला पर होने वाले प्रभाव और इसके कारण होने वाली संभावित देरी और व्यवधानो के बारे मे चिंतित है, लेकिन हमे उम्मीद है कि स्थिति जल्द ही सुधर जाएगी। सिटी के अनुसार, देश मे विनिर्माण संचालन वाली भारतीय कंपनियो को अपने उत्पादन प्रवाह को बनाए रखने मे चुनौतियो का सामना करना पड़ सकता है, जिससे बाज़ार मे देरी और संभावित कमी हो सकती है। यह व्यवधान उत्पादो की उपलब्धता को प्रभावित कर सकता है और कंपनियो को प्रभाव को कम करने के लिए वैकल्पिक विनिर्माण समाधान तलाशने के लिए मजबूर कर सकता है। सिटी ने कहा, बांग्लादेश मे अनिश्चितताओ के बीच वैकल्पिक विनिर्माण केंद्रो की ओर पहले से ही एक उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिल रहा है। बांग्लादेश इस समय वर्ष 1971 मे स्वतंत्रता के बाद से अपने सबसे खराब राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनो के बीच इस्तीफा दे दिया है। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने सोमवार को घोषणा की कि देश मे एक अंतरिम सरकार जिम्मेदारी संभालेगी। सिटी ने कहा, कई प्रमुख वैश्विक ब्रांड जो अपनी सोर्सिंग जरूरतो के लिए बांग्लादेश पर निर्भर है, वे भी इन व्यवधानो से प्रभावित होगे। बांग्लादेश भारतीय वस्त्रों के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, जो एक विनिर्माण केंद्र और एक महत्वपूर्ण निर्यात गंतव्य दोनो के रूप मे कार्य करता है।

# हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का विहिप का सरकार से आग्रह

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने बांग्लादेश में हिंदुओं, सिखों और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने का सरकार से मंगलवार को आग्रह किया और दावा किया कि पड़ोसी देश के कई जिलों में कट्टरपंथी उन्हें निशाना बना रहे हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग की और कहा कि पड़ोसी देश में मौजूदा स्थिति का फायदा उठाकर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की कोशिश की जा सकती है। उन्होंने विश्व समुदाय से भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्वाई करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक एक अजीब अनिश्चितता, हिंसा और अराजकता में फंस गए हैं। कुमार ने कहा, हाल के दिनों में बांग्लादेश में हिंदुओं, सिखों और अन्य अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और घरों में तोड़फोड़ की गई है। कल रात तक सिर्फ पंचगढ़ जिले में कट्टरपंथियों ने 22 मकानों को, झेनैदाह में 20 मकानों को और जशोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया और कई जिलों में श्मशान घाटों में भी तोड़फोड़ की गई। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में शायद ही कोई ऐसा जिला बचा हो जो उनकी हिंसा और आतंक का निशाना न बना हो। कुमार ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं के मकान, दुकानें, दफ्तर, व्यापारिक प्रतिष्ठान, महिलाएं, बच्चे और यहां तक कि उनकी आस्था, विश्वास और उपासना स्थल जैसे मंदिर और गुरुद्वारे भी सुरक्षित नहीं हैं। वहां उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पड़ोसी देश में इस्कॉन मंदिर को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। विश्व हिंदू परिषद भारत सरकार से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने का आग्रह करती है। यह बताना उचित होगा कि बांग्लादेश में कभी हिंदूओं की आबादी 32 प्रतिशत थी, लेकिन यह अब आठ प्रतिशत से भी कम रह गई है और वे भी निरंतर जिहादी उत्पीड़न के शिकार हैं। संकट की इस घड़ी में भारत मित्र के रूप में बांग्लादेश के सम्पूर्ण समाज के साथ मजबूती से खड़ा है।

## क्विक न्यूज

### ईडी ने 132 मौजूदा, पूर्व सांसदों-विधायकों, राजनेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को बताया कि पिछले छह वर्षों में राजनीतिक नेताओं के अलावा मौजूदा और पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ धन शोधन के कुल 132 मामले दर्ज किए गए है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा को एक लिखित जवाब के तहत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर), विचाराधीन मामलों और दोषसिद्धि से संबंधित आंकड़े साझा किए। उन्होंने एक जनवरी, 2019 से इस साल 31 जुलाई के बीच मौजूदा और पूर्व सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों और राजनीतिक नेताओं या किसी भी राजनीतिक दल से जुड़े किसी भी व्यक्ति के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज ईसीआईआर का ब्योरा दिया। जवाब के अनुसार, ईडी ने 2019 में 15 प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) या धन शोधन के मामले दर्ज किए। इसके बाद 2020 में 28 मामले, 2021 में 26 मामले, 2022 में 34 मामले, 2023 में 26 मामले और 2024 में 31 जुलाई तक तीन मामले दर्ज किए। जवाब में कहा गया है कि इन मामलों में कुल तीन मामलों में अदालती सुनवाई पूरी हुई - एक 2020 में और दो 2023 में। जवाब के अनुसार, इन मामलों में 2020 में केवल एक दोषसिद्धि की सूचना मिली थी।

### पीएमएलए के तहत दोषसिद्धी की दर 93 प्रतिशत : सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने मंगलवार को संसद को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धन शोधन के मामलों में दोषसिद्धि की दर 93 प्रतिशत है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 31 जुलाई तक एजेंसी द्वारा कुल 7,083 ईसीआईआर या प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट दाखिल की गई हैं। उन्होंने कहा, धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दोषसिद्धि की दर लगभग 93 प्रतिशत है। धन शोधन रोकथाम अधिनियम को 2002 में अधिनियमित किया गया था और एक जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया था। वित्त राज्य मंत्री ने यह भी कहा कि इस कानून के तहत 1.39 लाख करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त, लेन-देन पर रोक या कुर्क की गई है। उन्होंने कहा पीएमएलए के तहत जब्त की गई कुल संपत्ति का मूल्य लगभग 3,725.76 करोड़ रुपए है। पीएमएलए के तहत लेनदेन पर लगाई रोक वाली राशि लगभग 4,651.68 करोड़ रुपए है और पीएमएलए के तहत कुर्क की गई राशि लगभग।,31,375 करोड़ रुपए है।

### नौकरी के बदले जमीन घोटाला : ईडी ने लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद, उनके बेटे तेजस्वी यादव और आठ अन्य आरोपियों के खिलाफ मंगलवार को एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया।पूरक आरोपपत्र विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दाखिल किया गया, जिन्होंने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख तय की। ईडी का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी से उपजा है। जांच एजेंसी के अनुसार, यह मामला 200से 2009 तक रेल मंत्री के रूप में लालू के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम-मध्य जोन में ग्रुप-डी में हुई भर्तियों से जुड़ा है। आरोप है कि रेलवे में भर्ती होने वाले लोगों ने नौकरी के बदले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो के परिवार के सदस्यों और सहयोगियों को उपहार स्वरूप जमीन दी थी।

### दस विदेशी एयरलाइंस से 10,000 करोड़ रुपए की जीएसटी मांग, आईएटीए ने जताई नाखुशी

**नई दिल्ली।** वैश्विक एयरलाइंस संगठन ने 10 विदेशी एयरलाइन कंपनियो को 10,000 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस भेजे जाने का मुद्दा सुलझाने का सरकार से आग्रह करते हुए मंगलवार को कहा कि यह मामला भारत की मजबूत विमानन क्षमता को कमजोर करने के साथ जोखिम में भी डाल सकता है। अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) भारत समेत दुनियाभर की 330 से अधिक एयरलाइंस का प्रतिनिधित्व करता है। इसके सदस्यों की वैश्विक हवाई यातायात में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। सूत्रों के मुताबिक, भारत में परिचालन करने वाली 10 विदेशी एयरलाइंस को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग से 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की मांग के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। आईएटीए ने सरकार से इस मामले को सुलझाने का आग्रह करते हुए कहा कि विमानन उद्योग के कई प्रतिवेदनों के बावजूद भारत में परिचालन कर रहीं कुछ विदेशी एयरलाइंस को जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) का कारण बताओ नोटिस जारी करना निराशाजनक है। आईएटीए के उत्तर एशिया एवं एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अंतरिम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष झी जिंगक्रान ने बयान में कहा, डीजीजीआई का यह दावा दोषपूर्ण है कि हवाई परिवहन सेवाएं देते समय विदेशी एयरलाइंस (भारत में शाखा कार्यालय वाली) के मुख्यालय की तरफ से किए गए खर्चों पर जीएसटी लागू होना चाहिए। यह अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन के प्रावधान में शामिल प्रकृति और समझौतों को भी ध्यान में नहीं रखता है। जिंगक्रान ने कहा कि भारत का इस तरह का नजरिया अलग है और दुनियाभर में कहीं भी ऐसा नहीं किया जाता है।

### ऊबर व एयरपोर्ट ऑथोरिटी साथ की साझेदारी

**अयोध्या।** भारत के प्रमुख राईड ऐप ऊबर ने महर्षि वाल्मिकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, अयोध्या धाम के लिए एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के साथ, ऊबर वाइब्रेन्ट सिटी अयोध्या में आने वाले यात्रियों को परिवहन के भरोसेमंद एवं सहज विकल्प उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। इसी साल ऊबर ने शहर के निवासियों एवं आगंतुकों की परिवहन संबंधी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लोकप्रिय कैटेगरीज़ जैसे ऊबर ऑटो और ऊबर गो के साथ अयोध्या में अपनी सेवाओं का लॉन्च किया था। इस अवसर पर शिवा शैलेन्द्रन डायरेक्टर ऑफ सप्लाई ऑपरेशन्स, ऊबर इंडिया एण्ड साउथ एशिया ने कहा कि एयरपोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के साथ साझेदारी एयरपोर्ट यात्रियों के लिए परिवहन सुविधाओं में सुधार लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है इसके द्वारा हम अयोध्या एयरपोर्ट से आने-जाने वाले यात्रियों को परिवहन का भरोसेमंद एवं तनाव रहित अनुभव प्रदान करना चाहते हैं।

# डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार होंगी हैरिस

**● टिम वाल्ज होंगे उपराष्ट्रपति प्रत्याशी**

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए आधिकारिक उम्मीदवारी हासिल कर ली। इसी के साथ वह देश की एक बड़ी राजनीतिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव का टिकट पाने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी महिला बन गई हैं। हैरिस ने टिम वाल्ज को पार्टी की तरफ से उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है। हैरिस (59) का नवंबर में होने वाले चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति तथा रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबला होगा। हैरिस ने फिलाडेल्फिया की





रैली से पहले मंगलवार सुबह मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज (60) को उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना। वाल्ज 2018 में मिनेसोटा का गवर्नर बनने से पहले 12 साल तक सांसद रह चुके हैं। पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन ने आगामी चुनाव में राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने की घोषणा की थी, जिसके बाद भारतीय मूल की उपराष्ट्रपति हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी का 2024 का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया था। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के डेलीगेट के पांच दिवसीय ऑनलाइन मतदान के बाद हैरिस की उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा की गई। पार्टी ने एक बयान में कहा कि 99 फीसदी डेलीगेट ने हैरिस के पक्ष में मतदान किया। देशभर के 4,567 डेलीगेट ने हैरिस के लिए वोट डाला। हैरिस अब अपना नामांकन आधिकारिक रूप से स्वीकार करेंगी। नामांकन प्रक्रिया के अगले चरण में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन (डीएनसी) के सचिव जेसन रे द्वारा रोल कॉल का प्रमाणन तथा हैरिस और उपराष्ट्रपति पद के लिए उनके द्वारा चुने गए उम्मीदवार द्वारा नामांकन की स्वीकृति शामिल है। इसे डीएनसी अध्यक्ष (डीएनसीसी) मिनियन मूर द्वारा प्रमाणित किया जाना है। यह सम्मेलन 19 से 22 अगस्त तक शिकागो में आयोजित किया जाएगा। गत शुक्रवार को हैरिस को सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था।

## अलास्का: एक ही परिवार के चार सदस्य लापता

**एंकरेज।** दक्षिण-मध्य अलास्का में होमर के पास एक नाव पलटने के बाद शुरू किया गया खोज अभियान स्थगित कर दिया गया है। अमेरिकी तटरक्षक के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।शनिवार को हुए इस हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्य लापता हो गए थे। एंकरेज डेली न्यूज ने सोमवार को बताया कि लापता लोगो के नाम एक रिश्तेदार क्रिस्टी वेल्स द्वारा बताए गए है। उसने बताया कि टेक्सास के रहने वाले मैरी और डेविड मेनार्ड और उनके बेटे कोल्टन (11) और ब्रेंटली (7) लापता है।मैरी और मेनार्ड के माता-पिता के एक बयान के आधार पर क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि मेनार्ड को अपने दोस्तों और रिश्तेदारो के साथ समय बिताना और यात्रा करना पसंद था।वेल्स ने कहा कि 37 वर्षीय मैरी मेनार्ड एक नर्स थी और 42 वर्षीय डेविड मेनार्ड बच्चों के साथ घर पर रहते थे और उनका उद्यान की देखभाल का व्यवसाय था।

# बांग्लादेश की ताजा स्थिति पर करीबी नजर रख रहा चीन

**भाषा।** बीजिंग, ढाका

**चीन ने** बांग्लादेश के घटनाक्रम पर मंगलवार को बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह हिंसा प्रभावित देश की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा, चीन बांग्लादेश के घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है। मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश के एक मित्रवत पड़ोसी और व्यापक रणनीतिक साझेदार के रूप में चीन को पूरी उम्मीद है कि देश में जल्द ही सामाजिक स्थिरता बहाल हो जाएगी। नौकरी में आरक्षण को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश अनिश्चितता के भंवर में फंस गया है, जिसके कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। हसीना ने एक महीने पहले ही बीजिंग की यात्रा की थी। उनकी यात्रा के दौरान बांग्लादेश और चीन ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी तक बढ़ाया था। हसीना ने आठ से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा की थी। इस यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री ली क्विंग ने उनसे बातचीत की थी तथा दोनों देशों ने 21 समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। अपनी बैठक के दौरान शी ने कहा था कि दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा दिया है।

## बांग्लादेशी सेना ने शीर्ष पदों पर बड़ा फेरबदल किया

**ढाका।** बांग्लादेश ने मंगलवार को सेना में शीर्ष पदों पर बड़ा फेरबदल किया, जिसके तहत राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र (एनटीएमसी) के महानिदेशक मेजर जनरल जियाउल अहसन को सेवा से मुक्त कर दिया गया है। मीडिया में आई खबर से यह जानकारी मिली। यह फेरबदल आरक्षण प्रणाली को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के एक दिन बाद किया गया है। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस डिपार्टमेंट (आईएसपीआर) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए अपनी खबर में कहा कि मेजर जनरल जियाउल अहसन को सेवा से मुक्त कर दिया गया।

## मस्क ने ओपनएआई के खिलाफ मुकदमा किया

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को ओपनएआई और इसके दो संस्थापकों-सैम ऑल्टमैन तथा ग्रेग ब्रॉकमैन के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चैटजीपीटी निर्माता ने मुनाफा कमाने के बजाय जनता की भलाई के लिए काम करने के अपने मूल उद्देश्यों से विश्वासघात किया है। नॉर्दर्न कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में दायर मुकदमे में मस्क के मामले को परोपकारिता बनाम लालच बताया गया है। शिकायत के अनुसार, मुकदमे में नामित ऑल्टमैन और अन्य लोगों ने जानबूझकर मस्क को धोखा दिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से उत्पन्न अस्तित्वगत खतरों के बारे में मस्क की मानवीय चिंताओं को दरकिनार किया।

## अमेज़न ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल मनाएगा

**ग्लोबल।** अमेज़न डाट इन के बहुप्रतीक्षित ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल आज छह अगस्त से आजादी का जश्न मनाने के लिए शुरू हो गया। 11 अगस्त तक चलने वाले इस फेस्टिवल में उपभोक्ता कलाकारों एवं बुनकरों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप्स, ब्राण्ड्स एवं स्थानीय स्टोर्स सहित विभिन्न विक्रेताओं की ओर विभिन्न कैटेगरीज़ जैसे स्मार्टफोन, कन्ज़्यूमर इलेक्ट्रोनिक्सए, ग्रॉसरी, फैशन, ब्यूटी असेन्शियल्सए होम एण्ड किचन, बड़े अप्लायन्सेज़, टेलीविज़न आदि में लाखों प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। उपभोक्ता जानेमाने ब्राण्ड्स पर बेहतरीन ऑफर्स का फायदा पा सकते हैं। इसकेअलावा एसबीआई क्रेडिट कार्ड एवं ईएमआई लेनदेन के साथ तुरंत 10 फीसदी अतिरिक्त छूट का लाभ भी उठा सकते हैं। ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान उपभोक्ता अमेज़न लाइव के साथ जुड़ सकते हैं, जहां विशेषज्ञ इन्फ्लुएंसर्स एवं क्रिएटर्स के द्वारा इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## एमजी इनोवेशन पर देगा जोर

**ट्रांबे।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने ड्राइव भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी के लिए इनोवेशन की एक श्रृंखला को पेश किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की ओर से भारत मंडपम नई दिल्ली में विविधतापूर्ण ऑटोमोटिव और ईवी ईकोसिस्टम के अग्रणी इंडस्ट्री खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया गया था। इस कार्यक्रम में एमजी ईहब को लॉन्च किया गयाए जो एक ओईएम की ओर से इंडस्ट्री का पहला और सबसे बड़ा चार्जिंग प्लेटफॉर्म हैए प्रोजेक्ट रिवाइव, कारों के अलावा ईवी बैटरी को पुनरू उपयोग करने पर केंद्रित है, ईवीपीडिया इलेक्ट्रिक कार यूजर्स के लिए भारत का पहला समर्पित शैक्षणिक और जानकारी भरा प्लेटफॉर्म एमजी.जियो इनोवेटिव कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म जो आने वाले सभी एमजी वाहनों के लिए एक स्टैंडर्ड तौर पर मौजूद होगा। गौरत गुप्ता चीफ ग्रोथ ऑफिसर जेएसडब्लयू एमजी मोटर इंडिया ने कहा कि ड्राइवभारत ईवी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने और ईवी को अपनाने में तेजी लाने के लिए यूजर अनुभव को बेहतर बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## माली ने यूक्रेन के साथ राजनयिक संबंध तोड़ा

**बामाको।** माली की सरकार ने यह आरोप लगाते हुए यूक्रेन से राजनयिक संबंध तोड़ लिया है कि उसने (यूक्रेन ने) पिछले महीने उसके यहां सशस्त्र संगठनों की हमले में मदद की जिसमें माली के सैनिक एवं भाड़े के रूसी (निजी) सैनिकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। माली सरकार के प्रवक्ता कर्नल अब्दुलाए मैगा ने रविवार को एक बयान में बताया कि संबंधों को तत्काल समाप्त करने का निर्णय एक यूक्रेनी अधिकारी की उन टिप्पणियों के बाद लिया, जिनसे माली में उग्रवाद में यूक्रेन की संलिप्तता का संकेत मिला। यूक्रेन की सैन्य खुफिया शाखा एजेंसी के प्रवक्ता एंड्रीए यूसोव ने पिछले सप्ताह यूक्रेनी प्रसारक सुस्पिलने से कहा कि जुलाई में माली में सशस्त्र संगठनों को हमला करने के लिए सभी आवश्यक जानकारी कीव (यूक्रेन) से मिली थी।

# बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 440 हुई

**भाषा।** ढाका

**बांग्लादेश में** सरकार विरोधी प्रदर्शन में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 440 हो गई। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से सोमवार को इस्तीफा देने और देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा की घटनाओं में 100 से ज्यादा की मौत हुई है। हिंसा प्रभावित देश में सेना स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी हुई है। बीडीन्यूज24 डॉट कॉम समाचार पोर्टल ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने के बावजूद मंगलवार को स्थिति सामान्य होने के संकेत मिले तथा पुलिस और सेना सड़कों पर गश्त कर रही है। पोर्टल ने कहा कि सोमवार को अशांति और रातभर के तनावपूर्ण हालात के बाद ढाका में मंगलवार सुबह स्थिति मुख्य रूप से शांत रही। रिपोर्ट के अनुसार, बस और अन्य सार्वजनिक वाहन सड़कों पर नजर आए और स्थानीय दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें खोलीं। समाचार पोर्टल ने बताया कि सरकारी वाहन कार्यालयों की ओर जाते दिखाई दिए और बैटरी चालित कई रिक्शा भी सड़कों पर नजर आए। बांग्लादेश में सोमवार को उस समय अराजकता फैल गई, जब शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से अचानक इस्तीफा दे दिया और सैन्य विमान से देश छोड़कर चली गईं। हसीना के देश छोड़कर जाने की खबर फैलते ही सैकड़ों लोगों ने उनके आवास में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट की। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी में स्थित हसीना के आवास सुधा सदन और अन्य प्रतिष्ठानों पर हमला कर तोड़फोड़ और आगजनी की। हसीना की अवामी लीग सरकार के मंत्रियों, पार्टी सांसदों और नेताओं के ढाका और ढाका के बाहर स्थित आवासों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाया गया। बांग्ला भाषा के दैनिक समाचार पत्र प्रथम आलो ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को ढाका सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हुई झड़पों में कम से कम 109 लोग मारे गए। इससे पहले, समाचार पत्र ने रविवार दोपहर 12 बजे तक 98 लोगों की मौत होने की सूचना दी थी और रविवार आधी रात को 16 और लोगों की जान जाने की सूचना मिली। उसने बताया कि रविवार को कुल 114 लोगों की मौत हुई। समाचार पत्र ने कहा, इसके साथ ही 16 जुलाई से कल तक 21 दिन में हिंसा में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 440 हो गई है। उने कहा कि सोमवार को सुबह 11 बजे से रात आठ बजे के बीच 37 शव ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए गए। समाचार पत्र ने अस्पताल सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि 500 घायलों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से कई को गोलियां लगी थीं। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र ने कहा कि सोमवार को पुलिस और उपद्रवियों के बीच झड़प के बाद राजधानी के बाहरी इलाके धामराई और सावर में कम से कम 18 लोग मारे गए। उसने बताया कि सोमवार को राजधानी के उत्तरा में सादे कपड़ों में आए कुछ लोगों द्वारा प्रदर्शनकारियों पर कथित तौर पर गोलीबारी किए जाने से 10 लोगों की मौत हो गई।



## अवामी लीग के नेता के होटल में 24 लोगों को जिंदा जलाया गया

**ढाका।** बांग्लादेश में एक इंडोनेशियाई नागरिक सहित कम से कम 24 लोगों को भीड़ ने अवामी लीग पार्टी के एक नेता के स्वामित्व वाले एक होटल में जिंदा जला दिया। यह घटना उस समय हुई जब पार्टी की नेता शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गईं है। स्थानीय पत्रकारो और अस्पताल सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार देर रात भीड़ ने जोशोर जिले में जिला अवामी लीग के महासचिव शाहीन चक्कलदर के स्वामित्व वाले जाबिर इंटरनेशनल होटल में आग लगा दी, जिसमें 24 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस घटना में मरने वाले ज्यादातर होटल में ठहरे लोग थे। ढाका के एक स्थानीय पत्रकार ने पीटीआई भाषा को फोन पर बताया, मृतकों में एक इंडोनेशियाई नागरिक भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जोशोर जनरल अस्पताल के चिकित्सकों ने पुष्टि की है कि उन्होंने 24 शव की गिनती की है, जबकि जीवित बचे होटल कर्मचारियों को डर है कि मलबे में और भी शव हो सकते है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अवामी लीग सरकार का विरोध करने वाली उग्र भीड़ ने होटल के भूतल पर आग लगा दी और यह शीघ्र ही ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। पूरे बांग्लादेश से लगभग एक जैसी खबरें आईं है और वहां गुस्साई भीड़ ने अवामी लीग के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के आवासों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में एकसाथ तोड़फोड़ की।

## मंदिरों, हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद हुई हिंसा मे कई हिंदू मंदिरों, घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई, महिलाओं पर हमला किया गया तथा अवामी लीग पार्टी से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। समुदाय के नेताओ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद नेता काजोल देबनाथ ने यहां समूह की एक बैठक से इतर पीटीआई-भाषा को बताया, हमने देश के विभिन्न हिस्सों में हुई बर्बरता की कुछ घटनाओं को संकलित किया है, जिससे हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदाय चिंतित हैं। देबनाथ ने बताया कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दो हिंदू नेताओं की उत्तर-पश्चिमी सिराजगंज और रंगपुर में हत्या कर दी गई, जो हसीना की अवामी लीग पार्टी के नेता थे। उन्होंने कहा कि परिषद अभी और जानकारी एकत्र कर रही है। देबनाथ ने कहा कि हमलावरों ने दुकानों, मंदिरों और घरों में लूटपाट की और हिंदू महिलाओं पर हमला किया। परिषद के नेताओं के अनुसार, जिन जिलों में धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके घरों या व्यवसायों पर हमला किया गया, उनमें पंचगढ़, दिनाजपुर, रंगपुर, बोगुरा, सिराजगंज, शेरपुर, किशोरगंज, पश्चिम जशोर, मगुरा, नरैल, दक्षिणपश्चिम खुलना, पटुआखली, सतखीरा, मध्य नरसिंगडी, तंगैल, उत्तर पश्चिम लक्खीपुर, फेनी, चटगांव और हबीगंज शामिल हैं। परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता ने एक बयान में कहा, स्थिति गंभीर है और पूरे बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं।

## ढाका सचिवालय में अधिकारियों, कर्मचारियों में भय और अनिश्चितता का माहौल

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के सत्ता से हटने के बाद भय एवं चिंता के बीच ढाका में विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों की मंगलवार को उपस्थिति बेहद कम रही। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। शेख हसीना के बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से सोमवार को इस्तीफा देने और देश छोड़कर चले जाने के बाद वहां पैदा हुई अराजकता के बीच सेना देश की बागडोर संभालने के लिए आगे आई है। समाचारपत्र ढाका ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक हसीना सरकार गिरने के बाद पहले दिन मंगलवार को सचिवालय में माहौल तनावपूर्ण रहा। समाचारपत्र के मुताबिक देश के विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों में उपस्थिति काफी कम थी तथा मंत्री एवं संसद सदस्य भी अनुपस्थित थे। जो लोग काम पर आए थे, वे भय और चिंता में थे। ऐसा बताया गया कि पिछली रात बंगबंधु एवेन्यू स्थित आवामी लीग के केंद्रीय कार्यालय में आग लगा दी गई, तथा लूटपाट और तोड़फोड़ की गई। सुबह-सुबह पार्टी कार्यालय से आग की गंध सचिवालय तक पहुंची, जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों में भय बढ़ गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया

**भाषा।** सुवा

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू को मंगलवार को फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया गया। मुर्मू ने दोनों देशों के संबंधों की प्रशंसा की और कहा कि भारत एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए फिजी के साथ साझेदारी करने को तैयार है। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कम्पैनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी पुरस्कार प्रदान किया। यह



फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। फिजी की दो दिवसीय यात्रा पर आईं मुर्मू ने इस सम्मान को भारत और फिजी के बीच दोस्ती के गहरे संबंधों का प्रतिबिंब बताया। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस द्वीपसमूह राष्ट्र की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने फिजी की संसद को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है, हम एक मजबूत, लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए आपकी प्राथमिकताओं के अनुसार फिजी के साथ साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। आइए, हम अपने दोनों प्रिय देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए अपनी साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए एक साथ आएं। उन्होंने कहा कि आकार में बहुत अंतर होने के बावजूद भारत और फिजी में जीवंत लोकतंत्र समेत काफी कुछ एक समान है। उन्होंने याद किया कि करीब 10 वर्ष पहले इसी हॉल में बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ मूल मूल्यों का जिक्र किया था जो भारत और फिजी को जोड़ते हैं।

# मोहम्मद यूनुस : गरीबी उन्मूलन के लिए नोबल पुरस्कार पाने से हसीना सरकार से तल्ख रिश्ते तक का सफर

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ने के बाद बदलते घटनाक्रम में सबसे प्रमुख तौर से नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस का नाम उभरा है, जिन्हें प्रदर्शनकारी देश की अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाना चाहते हैं। हसीना के देश छोड़कर जाने की खबर फैलते ही सैकड़ों लोगों ने उनके आवास में घुसकर तोड़फोड़ और लूटपाट की। देश में सरकार विरोधी प्रदर्शनों में पिछले 15 दिन में 300 से अधिक लोगों की मौत हुई है। बांग्लादेश की सेना ने अस्थाई रूप से देश का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि देश के राष्ट्रपति द्वारा मंगलवार को संसद को भंग करने के बाद अंतरिम सरकार में उसकी क्या भूमिका होगी। इस अनिश्चितता के बीच, एक नाम मोहम्मद यूनुस का सामने आया है जो नए सिरे से चुनावों की घोषणा होने तक बांग्लादेश की बागडोर संभाल सकते हैं। यूनुस नोबेल पुरस्कार विजेता हैं, जिन्हें सबसे गरीब लोगों का बैंकर भी कहा जाता है। इसे लेकर उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ा था और एक बार हसीना ने यूनुस को खून चूसने वाला कहा था। यूनुस (83) हसीना के कटु आलोचक और विरोधी माने जाते हैं।

# बड़ी पर्यावरणीय समस्याओं को हल कर सकता है एआई

**भाषा।** सिडनी

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता** (एआई) ने हमारे जीवन में कई तरीकों से क्रांति ला दी है, हमारे सोशल मीडिया पोस्ट को अनूठा बनाने से लेकर हमें वाहन चलाने के लिए आवश्यक निर्देश देने और हमारे स्वास्थ्य की निगरानी करने तक, जीवन के कई क्षेत्रों में अपनी जगह बना ली है। हाल के वर्षों में, इस बात की उम्मीद बढ़ी हैं कि एआई जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक पर्यावरणीय समस्याओं से निपटने में मानव की मदद कर सकता है। एआई में कंप्यूटर का उपयोग कर उन्हें इंसानों की तरह सोचने के लिए तैयार करना शामिल है। यह जटिल समस्याओं को हल कर सकता है और भारी मात्रा में डेटा का उपयोग अपने अनुसार कर सकता है। ऐसे चार तरीके जिनसे एआई प्राकृतिक दुनिया की मदद कर सकता है-- ऊर्जा दक्षता : एआई प्रणालियां ऊर्जा उपयोग को नियंत्रित और अनुकूलित कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, एआई-संचालित स्मार्ट ग्रिड उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए बिजली उत्पादन की निगरानी और प्रबंधन करते हैं, जिससे ऊर्जा लागत कम हो सकती है और अधिक कुशल ऊर्जा उपयोग संभव हो सकता है। एआई बड़े वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रणालियों द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा को सुव्यवस्थित करने में भी मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने अपने डेटा केंद्रों को ठंडा करने के लिए आवश्यक ऊर्जा की मात्रा को 40 प्रतिशत तक कम करने के लिए एआई का उपयोग किया। शहरी बुनियादी ढांचा : एआई द्वारा संचालित अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियां पुनर्चक्रण दरों को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। उदाहरण के लिए ब्रिटेन में पुनर्चक्रण करने वाली कंपनी रीसाइकिलआई पुनर्चक्रण की मात्रा बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग करती है – और इस तरह, लैंडफिल साइट पर दबाव घटाती है। एआई-संचालित स्मार्ट सिटी प्रौद्योगिकियां सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को अधिक सुचारू रूप से चलाने में मदद करती हैं, जिससे भीड़भाड़ कम हो सकती है और वाहन उत्सर्जन न्यूनतम हो सकता है। शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, आईबीएम सेंसर और उपग्रहों से मौसम और वायु प्रदूषण के आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए इस तकनीक का इस्तेमाल करता है।

## एडब्ल्यूएस डेटा सेंटर्स के पर्यावरण प्रभाव को कम कर रहा

**ग्लोबल।** अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्ल्यूएस ) द्वारा स्वीकृत एवं एक्सेंचर द्वारा संचालित किए गए एक नए अध्ययन में सामने आया है कि भारत एवं विश्व में संस्थानों द्वारा आईटी वर्कलोड को अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर की बजाय एडब्लूएस क्लाउड डेटा सेंटर्स पर स्थानांतरित करके पर्यावरण पर उसके प्रभाव को असरदार तरीके से कम किया जा सकता है। एक्सेंचर का अनुमान है कि एडब्लूएस ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर परिसर के इन्फ्रास्ट्रक्चर के मुकाबले 4.1 गुना ज्यादा प्रभावशाली होता है । भारतीय संगठन अपने एआई वर्कलोड को अपने परिसर में मौजूद डेटा सेंटर्स के मुकाबले एडब्लूएस पर स्थानांतरित करके उससे उत्पन्न होने वाले कार्बन में 99 प्रतिशत तक की कमी ला सकते हैं। अध्ययन में सामने आया है कि भारत में भारी कंप्यूटिंग या एआई वर्कलोड के लिए एडब्लूएस डेटा सेंटर्स केउपयोग से ऑन.परिसर डेटा सेंटर्स की तुलना में कार्बन उत्सर्जन 98 प्रतिशत तक कम हो जाता है। यह एडब्लूएस में ज्यादा प्रभावशाली हार्डवेयर 32 प्रतिशत के उपयोग, पॉवर एवं कूलिंग एफिशियंसी में सुधार 35 प्रतिशत और अतिरिक्त कार्बन, फ्री एनर्जी प्रोक्योरमेंट 31 प्रतिशत के कारण संभव होता है। एआई वर्कलोड में कार्बन कम करने की क्षमता 99 प्रतिशत तक बढ़ जाती है क्योंकि यह एडब्लूएस पर ऑप्टिमाईज़ हो जाता है। जेना लीनर हेड, एनवायरनमेंट सोशल गवर्नेंस-ईएसजी एवं एक्सटर्नल इंगेज़मेंट, एडब्लूएस ग्लोबल ने कहा कि संगठनों द्वारा विश्व में आईटी पर होने वाला 85 प्रतिशत खर्च उनके परिसर में होता ह, इसलिए एआईवर्कलोड को एडब्लूएस पर ट्रांसफर करके कार्बन उत्सर्जन में 99 प्रतिशत की कमी भारतीय संगठनों के लिए सस्टेनेबिलिटी का ज्यादा व्यवहारिक विकल्प है।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश की घटनाओं की यूएन के नेतृत्व में जांच हो: ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने पिछले कुछ हफ्तों में बांग्लादेश में हुई हिंसक घटनाओं की संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में जांच कराए जाने की मांग की है। हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच, सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया और उन्हें ब्रिटेन में कथित तौर पर शरण मांगने से पहले फिलहाल देश छोड़कर भारत जाना पड़ा। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने सोमवार को एक बयान जारी कर बांग्लादेश में बीते दो हफ्तों में हुई अभूतपूर्व हिंसा और जनहानि की निंदा की तथा कहा कि ब्रिटेन देश (बांग्लादेश) के लोकतांत्रिक भविष्य के लिए कदम उठाए जाते देखना चाहता है। ब्रिटेन सरकार ने हसीना द्वारा ब्रिटेन में राजनीतिक शरण मांगने की खबरों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। गृह कार्यालय के सूत्रों ने केवल यह संकेत दिया है कि देश के आव्रजन नियम विशेष रूप से शरण लेने के लिए व्यक्तियों को ब्रिटेन आने की अनुमति नहीं देते है। लैमी ने बयान में कहा, बांग्लादेश में पिछले दो हफ्तों में अभूतपूर्व हिंसा और जनहानि हुई है। थल सेनाध्यक्ष ने सत्ता हस्तांतरण के लिए एक अवधि की घोषणा की है। विदेश मंत्री ने कहा, सभी पक्षों को अब हिंसा को समाप्त करने, शांति बहाल करने, तनाव घटाने और जनहानि को रोकने के लिए साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

### ब्रिटेन में हिंसक झड़पों के मद्देनजर भारतीय उच्चायोग ने नागरिकों के लिए सुरक्षा परामर्श जारी किया

**लंदन।** ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में प्रवासियों और शरण चाहने वालों को निशाना बनाते हुए पिछले सप्ताह से जारी हिंसक झड़पों के बीच लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और सावधानी बरतने का एक परामर्श जारी किया। उच्चायोग ने यह परामर्श विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर पोस्ट किया है। इसमें जरूरतमंद व्यक्तियों के वास्ते तत्काल सहायता के लिए आपात संपर्क नंबर भी दिया गया है। यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब एक सप्ताह पहले दक्षिण-पश्चिम ब्रिटेन के साउथपोर्ट में तीन लड़कियों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी तथा इस मामले के संदिग्ध को लेकर सोशल मीडिया पर गलत दावा किया गया था। ब्रिटेन की यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों के लिए परामर्श शीर्षक वाले इस संदेश में कहा गया है, भारतीय यात्रियों को ब्रिटेन के कुछ हिस्सों में हाल में फैली अशांति के बारे में पता होगा। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए है।

### अमेरिका ने अपने नागरिकों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मंगलवार को अपने नागरिकों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी। उसने कुछ हफ्तों से जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच, सोमवार को प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के अचानक इस्तीफा देने और देश छोड़कर जाने से पैदा हुए हालात के मद्देनजर यह कदम उठाया। अमेरिकी विदेश विभाग ने उच्चतम स्तर (स्तर 4 : यात्रा न करें) का यात्रा परामर्श जारी करते हुए बांग्लादेश में नियुक्त अमेरिका के गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिजनों को तुरंत देश छोड़ने की सलाह भी दी है। बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 100 से अधिक लोग मारे जा चुके है। हसीना सोमवार रात बांग्लादेशी वायुसेना के एक सी-130 जे सैन्य विमान से भारत में गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर उतरीं, जहां से उन्हें अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। बताया जा रहा है कि हसीना की लंदन जाने की योजना है, लेकिन इसमें अब अड़चन आ गई है।

### दुबई ने 2024 के पहले छह महीनों में रिकॉर्ड 9.31 मिलियन विजिटर्स का स्वागत किया

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात .रू दुबई के अर्थव्यवस्था और पर्यटन विभाग डीईटी द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार जनवरी से जून 2024 तक दुबई ने 9.31 मिलियन इंटरनेशनल ओवरनाइट विजिटर्स का स्वागत कियाए जो कि 2023 की पहली छमाही में 8.55 मिलियन पर्यटकों के आगमन की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है। 2023 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद जब शहर ने 17.15 मिलियन इंटरनेशनल ओवरनाइट विजिटर्स की मेजबानी की। दुबई ने इस वर्ष की पहली छमाही में अपनी मजबूत पर्यटन गति बनाए रखी, जिससे शहर 2024 में रिकॉर्ड प्रदर्शन की राह पर चल पड़ा। डीईटी के प्रयासों से प्रेरित, साझेदारों और हितधारकों के सहयोग सेए इंटरनेशनल विजिटर्स में वृद्धि का उद्देश्य दुबई को सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने की व्यापक योजना के साथ मेल खाता है, जहां लोग यात्रा, निवास और कार्य करना चाहते हैं। पहली छमाही के दौरान इंटरनेशनल विजिटर्स में वृद्धि पूरे शहर में प्रमुख पर्यटन स्तंभों पर स्थापित रणनीतियों का परिणाम हैए जिन्हें सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के हितधारकों के साथ साझेदारी में बनाया और लागू किया गया है। 2024 की शुरुआत एक हाई नोट पर हुईए जब दुबई को जनवरी में ट्रिपएडवाइजर ट्रैवलर्स चॉइस अवार्ड्स में लगातार तीसरे वर्ष के लिए दुनिया का नंबर 1 गंतव्य नामित किया गयाए जिससे यह अनूठी प्रशंसा प्राप्त करने वाला पहला शहर बन गया। जनवरी से जून 2024 तकए दक्षिण एशिया 1.62 मिलियन आगंतुकों 17 प्रतिशत के साथ एक और प्रमुख स्रोत बाजार था। उत्तरपूर्व और दक्षिणपूर्व एशिया में वर्ष की शुरुआत में 8प्रतिशत की हिस्सेदारी से बढ़कर 2024 पहली छमाही के अंत तक कुल आगंतुकों में 10प्रतिशत हिस्सेदारी 896,000 हो गई।

### संरा ने इजराइल पर हमले में संभावित संलिप्तता को लेकर अपने कर्मचारियों को बर्खास्त किया

**यरुशलम।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने सोमवार को कहा कि उसने सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमास के हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारियों की संलिप्तता की बात एक आंतरिक जांच में सामने आने के बाद अपनी इस एजेंसी के कुछ कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के कार्यालय ने पत्रकारों को दिए एक संक्षिप्त बयान में इस फैसले की घोषणा की। महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने हमले में फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के कर्मचारियों की संभावित भूमिका या उन साक्ष्यों के बारे में विस्तार से नहीं बताया, जिनके कारण यह फैसला किया गया है।यूएनआरडब्ल्यूए की संचार निदेशक जूलियट तौमा ने बताया कि एजेंसी ने इन आरोपों के कारण पहले भी अपने 12 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था और सात कर्मचारियों को बिना वेतन के प्रशासनिक अवकाश पर भेज दिया था। संयुक्त राष्ट्र ने यह स्पष्ट नहीं किया कि एजेंसी ने कुल कितने कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है। इजराइल ने जनवरी में यूएनआरडब्ल्यूए के 12 कर्मचारियों पर सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में शामिल होने का आरोप लगाया था।

### इमरान खान के समर्थकों ने उनकी गिरफ्तारी का एक वर्ष पूरा होने पर विशाल रैली निकाली

**पेशावर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के हजारों समर्थकों ने सोमवार को उनकी गिरफ्तारी का एक वर्ष पूरा होने पर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक विशाल रैली निकाली और महीने के अंत तक राजधानी इस्लामाबाद में भी ऐसी ही रैली कर उनकी रिहाई के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने पंजाब की सीमा से लगते पार्टी शासित प्रांत के स्वाबी जिले में सोमवार को रैली की। इस रैली को पार्टी के अध्यक्ष गोहर अली खान तथा महासचिव उमर अयूब के अलावा खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने संबोधित किया। खान (71) को पिछले साल पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अटक जेल ले जाया गया था। हालांकि, सितंबर में उन्हें रावलपिंडी की अडियाला जेल ले जाया गया। अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे खान पर 200 से अधिक मुकदमे दर्ज है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 7 अगस्त 2024



# चूक गया किशोर जेना का भाला, ओलंपिक से बाहर

**भाषा।** पेरिस



**गत चैंपियन** भारत के नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में अपने पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर के थ्रो के साथ पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई लेकिन किशोर जेना बाहर हो गए। भारत के किशोर जेना हालांकि ग्रुप ए क्वालीफिकेशन में 80.73 मीटर के प्रयास से नौवें और कुल 18वें स्थान पर रहे और शीर्ष 12 खिलाड़ियों में जगह बनाकर फाइनल में प्रवेश करने के नाकाम रहे। ग्रुप ए और बी क्वालीफिकेशन के बाद 84 मीटर या इससे अधिक का थ्रो करने वाले सभी खिलाड़ी या दोनों ग्रुप से शीर्ष 12 खिलाड़ियों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। जेना ने अपने पहले प्रयास में भाले को 80.73 मीटर की दूरी तक फेंका लेकिन अपने दूसरे प्रयास में फाउल कर गए। उन्होंने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में भाले को 80.21 मीटर की दूरी तक फेंका ग्रुप बी क्वालीफिकेशन में सबसे पहले थ्रो करने उतरे नीरज ने 89.34 मीटर से सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ अगस्त को होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नीरज ने तोक्यो ओलंपिक में भी अपने पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया था। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया और इस तरह एडक्टर की चोट से जुड़ी चिंताओं को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। यह नीरज के करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। इस गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ तोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था जबकि उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में स्टॉकहोम डाइमंड लीग में रजत पदक जीतने के दौरान किया था। यह राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। ग्रुप बी से ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (88.63 मीटर), राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम (86.59 मीटर), ब्राजील के लुईस मॉरीसियो डा सिल्वा (85.91 मीटर) और मालदोवा के एंड्रियन मारडेयर (84.13 मीटर) ने भी भाले को 84 मीटर से अधिक दूर फेंककर सीधे फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी के जूलियन वेबर अपने पहले ही प्रयास में 87.76 मीटर के प्रयास से ग्रुप ए में शीर्ष पर और कुल तीसरे स्थान पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गए। ग्रुप ए से कीनिया के पूर्व विश्व चैंपियन जूलियस एगो (85.97 मीटर), तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकुब वालडेच (85.63 मीटर) और फिनलैंड के टोनी केरानेन (85.27 मीटर) ने भी सीधे फाइनल में जगह बनाई। नीरज अब फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे। अगर वह खिताब जीतते हैं तो ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन, 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड, 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य, 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे, 2004 और 2008) की ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में अपने खिताब का बचाव कर पाए हैं।हालांकि अगर नीरज कोई भी पदक अपने नाम करते हैं तो भी वह स्वतंत्रता के बाद दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले सिर्फ चौथे भारतीय खिलाड़ी होंगे।

## मैं अपने पहले प्रयास में ही अच्छा करना चाहता हूं: नीरज चोपड़ा



.पेरिस। मौजूदा चैम्पियन भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक मे इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ फाइनल मे क्वालीफाई करने के बाद कहा कि वह अपने पहले प्रयास मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करते है। उन्होने कहा, हम इस बातचीत (मीडिया से) को जितनी जल्दी खत्म करेंगे मुझे विश्राम करने का उतना अधिक समय मिलेगा। चोपड़ा ने कहा, ऐसा पहले भी हुआ है जब मेरा शुरुआती थ्रो अच्छा नही रहा है लेकिन मै पहले प्रयास मे बेहतर करने की कोशिश करता हूं। चोपड़ा के प्रदर्शन ने उनकी चोट को लेकर चिंताओ को भी दूर कर दिया। उन्होने कहा कि वह गुरुवार को फाइनल के लिए अच्छी स्थिति मे है। इस खिलाड़ी ने कहा, मै अब बेहतर हूं। मै फाइनल पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मै इसे ध्यान मे रखने और ठीक से अभ्यास करने की कोशिश कर रहा हूं। मै अब बेहतर महसूस कर रहा हूं। मै फाइनल मे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। चोपड़ा ने स्वीकार किया कि फाइनल मे चुनौती पूरी तरह से अलग होगी। उन्होने कहा, फाइनल मे हर किसी की मानसिकता अलग होती है। हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हमने अच्छी शुरुआत की है और हम फाइनल के लिए जितना बेहतर तैयार होंगे, उतना बेहतर होगा।

## ओलंपिक पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| अमेरिका | 21 | 30 | 28 | 79 |
| चीन | 21 | 18 | 14 | 53 |
| फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| ऑस्ट्रेलिया | 13 | 12 | 08 | 33 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 13 | 17 | 42 |
| कोरिया | 11 | 08 | 07 | 26 |
| जापान | 10 | 05 | 11 | 26 |
| इटली | 09 | 10 | 06 | 25 |
| जर्मनी | 08 | 05 | 04 | 17 |
| नीदरलैंड | 07 | 05 | 06 | 18 |
| भारत | 00 | 00 | 03 | 03 |




खेल गांव में मनु के साथ पीटी ऊषा

# विनेश फोगाट भारत की शेरनी है: बजरंग



**भाषा।** नई दिल्ली



**तोक्यो ओलंपिक** के कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने पेरिस ओलंपिक में अपने शुरुआती दो जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाली पहलवान विनेश फोगाट को मंगलवार को भारत की शेरनी करार दिया। विनेश ने मंगलवार को महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के शुरुआती मुकाबले में मौजूदा चैंपियन जापान की युई सुसाकी और अपने से उंची रैंकिंग वाली यूक्रेनी ओक्साना लिवाच को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बजरंग ने एक्स पर लिखा, विनेश फोगाट भारत की वो शेरनी जिसने आज लगातार दो मैचों में जीत दर्ज की। उन्होंने चार बार की विश्व चैम्पियन और मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन को हराया। उसके बाद क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व चैम्पियन (कांस्य पदक विजेता) को हराया। बजरंग, विनेश और पूर्व ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ पिछले साल की शुरुआत में दिल्ली में लंबे धरने का नेतृत्व किया था।बजरंग ने लिखा, मगर एक बात बताऊं ए लड़की अपने देश में लातों से कुचली गई थी, ए लड़की अपने देश में सड़कों पर घसीटी गई थी। ए लड़की दुनिया जीतने वाली है मगर इस देश में सिस्टम से हार गई थी। विनेश ने क्वार्टर फाइनल में पूर्व यूरोपीय चैंपियन और 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता लिवाच को 7-5 से हराया बजरंग ने इसके बाद एक अन्य पोस्ट में लिखा, विनेश की जीत पर समझ नहीं पा रहा हूं कि कैसी प्रतिक्रिया दूं। पता नहीं चल पा रहा है कि हम खुश हो रहे हैं या रो रहे हैं। सारा भारत ही इस पदक की राह देख रहा है। हर किसी की आंखें नम हैं। ऐसा लग रहा है जैसे विनेश अकेली नहीं बल्कि सारे देश की सभी महिलाएं लड़ रही हों। उन्होंने लिखा, विनेश, आप सच में ही रिकॉर्ड कायम करने के लिए पैदा हुई हैं। इतनी मुश्किलें झेलने के बाद भी आप लक्ष्य पर आंख गड़ाए बैठी हो। हमारी यही दुआ है कि बस यह सोना भारत आए। विनेश अंतिम चार मुकाबले में आज रात में क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन लोपेज का सामना करेंगी। इस मुकाबले में जीत से उनका रजत पदक पक्का हो जाएगा। जबकि हार के बाद उन्हें कांस्य पदक का प्लेऑफ खेलना होगा।

## मैने विनेश की टीम से कहा था कि दमदार बचाव और जवाबी हमलों पर फोकस रखें : महावीर

नई दिल्ली। दो बड़े उलटफेर करके पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली विनेश फोगाट के चाचा और जाने माने कोच महावीर फोगाट ने कहा कि उन्होंने उसे रणनीति को लेकर सलाह दी थी। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त फोगाट ने पीटीआई वीडियो से कहा , जापान की लड़की (युइ सुसाकी) बहुत अच्छी पहलवान है जो मैट पर किसी से नही हारी। मैने कहा था कि यह मुकाबला जीतने वाला स्वर्ण का दावेदार होगा और विनेश ने अपनी दृढता और जज्बे से इसे जीत लिया। उन्होने कहा , विनेश ने अच्छा बचाव और आक्रमण किया। उसे डेंजर जोन में लाकर चित किया। मैने उसके साथ वहां गए हरविंदर से कहा था कि जापानी प्रतिद्वंद्वी की पैर पर हमला करने की रणनीति पर ध्यान देना ताकि बचाव अच्छा हो सके। उसने यही किया। उन्होंने कहा , पिछले ओलंपिक मे भी उसे पदक की उम्मीद थी और इस बार वह निराश नही करेगी।

## ओलंपिक मैराथन तैराकी अभ्यास रद्द

**पेरिस।** सीन नदी के पानी की गुणवत्ता को लेकर व्यक्त की जा रही चिताओं के बीच मंगलवार को इस नदी पर होने वाली ओलंपिक मैराथन तैराकी परीक्षण प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया।पेरिस ओलंपिक 2024 की प्रवक्ता ऐनी डेस्कैम्प्स ने पुष्टि की कि वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने अभ्यास रद्द करने का निर्णय लिया है।फैसला ट्रायथलॉन मिश्रित रिले प्रतियोगिता के सीन नदी पर सफल आयोजन के एक दिन बाद आया है। ीन नदी के पानी की गुणवत्ता पर ओलंपिक खेल शुरू होने से पहले से ही चिंता व्यक्त की जा रही है। इस कारण पहले भी कुछ अभ्यास कार्यक्रम रद्द कर दिए गए थे।

## सर्फिंग सेमीफाइनल के दौरान दिखी व्हेल

ताहिती। ताहिती मे पेरिस ओलंपिक खेलो की सर्फिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन सोमवार दोपहर जब सभी की निगाहे समुद्र में अपना कौशल दिखा रहे खिलाड़ियों पर टिकी थी तभी वहां एक नया दर्शक पहुंच गया जो थी एक व्हेल। ब्राज़ील की तातियाना वेस्टन वेब और कोस्टा रिका की ब्रिसा हेनेसी जब सेमीफाइनल मैच मे प्रतिस्पर्धा कर रहे थे तभी वहां व्हेल पहुंच गई। वह हालांकि खिलाड़ियो से सुरक्षित दूरी पर थी और इसलिए प्रतियोगिता जारी रही। लेकिन दर्शकों और फोटोग्राफरों की निगाहे खिलाड़ियो से हटकर व्हेल पर टिक गई और उन्होने इस अद्भुत दृश्य को अपने कैमरों मे कैद किया।

## डुप्लांटिस ने नौवीं बार पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड बनाया

सेंट डेनिस (फ्रांस)। स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वॉल्ट मे नौवी बार रिकॉर्ड बनाकर पेरिस ओलंपिक खेलो मे स्वर्ण पदक जीता।एथलेटिक्स मे जब दिन की प्रतियोगिताएं समाप्त होने के कगार पर थी तब डुप्लांटिस ने स्टेड डी फ्रांस मे 80,000 दर्शकों के सामने 6.025 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। ओलंपिक खेलो मे उन्होने पहली बार यह कारनामा किया।लुइसियाना मे जन्मे 24 वर्षीय डुप्लांटिस अपनी मां के मूल देश स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते है। स्वीडन के राजा और रानी भी डुप्लांटिस की इस उपलब्धि के गवाह बने। लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से नौवी बार रिकॉर्ड तोड़कर डुप्लांटिस अब इस स्पर्धा के सबसे महान खिलाड़ी सर्गेई बुबका के करीब पहुंच गए है।

## नौकायन में नेत्रा क्वालीफाई करने में असफल रहीं

पेरिस। भारत की महिला नौकायन खिलाड़ी नेत्रा कुमानन सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक मे व्यक्तिगत डिंगी स्पर्धा मे नौवी क्वालीफाइंग रेस के बाद 21वे स्थान पर रहने के बाद पदक दौर से बाहर हो गई। क्वालीफाइंग चरण मे 10 रेस होती है जिसके बाद पदकरेस की सूची तय की जाती है लेकिन 10वी रेस खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई।सभी क्वालीफाइंग रेस के बाद समय के मामले मे केवल शीर्ष 10 ही पदक दौर मे पहुंचते है। नेत्रा आठवी क्वालीफाइंग रेस के बाद 24वे स्थान पर थी।

## दिनेश कार्तिक पार्ल रॉयल्स से जुड़े

**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को मंगलवार को पार्ल रॉयल्स ने एसए20 के तीसरे सत्र के लिए अनुबंधित किया जिससे वह अगले साल नौ जनवरी से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीकी टी20 क्रिकेट लीग से जुड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए। कार्तिक ने इस साल जून मे क्रिकेट के सभी प्रारूपो से संन्यास ले लिया था और उन्हे आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने मेंटर (मार्गदर्शक) सह बल्लेबाजी कोच के रूप मे नियुक्त किया है।

# किरण पहल का ओलंपिक महिला 400 मीटर दौड़ में सफर खत्म



**पेरिस।** पेरिस, पांच अगस्त (भाषा) भारत की किरण पहल मंगलवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के रेपेचेज चरण में अपनी हीट में छठे स्थान पर रहने के बाद फाइनल से बाहर हो गई।सोमवार को अपना 24वां जन्मदिन बनाने वाली किरण ने अपनी हीट में 52.59 सेकेंड के समय के साथ छह खिलाड़ियों में आखिरी पायदान पर रही। वह कुल 26 खिलाड़ियों में 23वें स्थान पर रही।रेपेचेज दौर की चार हीट में प्रत्एक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों के अलावा सर्वश्रेष्ठ समय निकालने वाली दो अन्य ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। किरण ने जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 50.92 सेकंड का समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई किया था।वह ओलंपिक मे हालांकि इस प्रदर्शन को दोहराने में विफल रही। इससे पहले सोमवार को वह 52.51 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में सातवें पायदान पर थी।

# भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम चीन से हारकर ओलंपिक से बाहर



**भाषा।** पेरिस

**भारतीय टीम** मंगलवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुष टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय चीन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। भारत की 14वीं वरीय टीम के पास कई बार के ओलंपिक चैंपियन चीन का कोई जवाब नहीं था जिसने मुकाबला 3-0 से जीता। भारत की ओर से सिर्फ अनुभवी अचंता शरत कमल ही एक गेम जीतने में सफल रहे जबकि टीम ने बाकी दो मैच सीधे गेम में गंवाए। भारत के लिए मुकाबले की शुरुआत हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की दुनिया की 42वें नंबर की जोड़ी ने की जिसे बेहद एकतरफा मुकाबले में मा लोंग और वैंग चुकिन की चीन की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (2-11, 3-11, 7-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा।शरत कमल ने दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फेन झेनडोंग के खिलाफ पहला गेम जीता लेकिन चीन के खिलाड़ी ने अगले तीन गेम जीतकर मुकाबला 3-। (9-11, 11-7, 11-7, 11-5) से अपने नाम किया और चीन को 2-0 की बढ़त दिला दी।

# यशदीप व अंशुल को लखनऊ की पुरुष व महिला नेटबॉल टीम की कमान

## गाजियाबाद में होगी द्वितीय यूपी स्टेट फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप

**लखनऊ।** गाजियाबाद में होने वाली द्वितीय यूपी स्टेट फ ास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप में लखनऊ की टीम भी प्रतिभाग करेगी। इस चैंपियनशिप के लिए चयनित लखनऊ की पुरुष टीम के कप्तान यशदीप शर्मा व महिला टीम की कप्तान अंशुल यादव बनाए गए हैं। लखनऊ की चयनित टीम को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। जिला नेटबॉल संघ, लखनऊ के सचिव मोहम्मद तौहीद ने बताया कि द्वितीय यूपी स्टेट फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप गाजियाबाद के बाल ज्योति पब्लिक स्कूल में 9 से 11 अगस्तए 2024 तक आयोजित होगी। लखनऊ की चयनित टीम-पुरुष रू यशदीप शर्मा कप्तान, निखिल कुमार सिंह राणा, राहुल यादव,कुणाल राजपूत,अरविंद कुमार, राहुल दास, सुधांशु अस्थाना, सूरज, प्रतीक कश्यप, सचिन चौधरी, कोच-अक्षय कुमार सिंह, मैनेजर- सचिन बिकास गुप्ता। महिला अंशुल यादव कप्तान,वर्तिका पाण्डेय, अंकिता यादव, शुभी त्रिवेदी, साक्षी यादव, सृष्टि यादव, कृषिका,खुशबू सिंह,उन्नति, कोच- कशिश साजिद खान, मैनेजर अमित कुशवाहा।



## अवध स्ट्राइकर ने 7 विकेट से जीता मुकाबला

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच अभय उपाध्याय 79 व पुष्कैल 40 की सलामी जोड़ी की दमदार पारियों से अवध स्ट्राइकर ने पांचवीं श्रीपाल सिंह स्मारक टी20 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएसएस क्लब को 7 विकेट से हराकर पूरे अंक जुटाए। पार्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर डीएसएस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 6 विकेट पर 160 रन का स्कोर बनाया। सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह जमाली ने 35 रन की पारी खेली। सन्नी मेहरोत्रा 55 रन, 42 गेंद, 3 चौके, 2 छक्के ने अर्धशतक जडा। निचले क्रम में शरीफने 27 रन बनाए। अवध स्ट्राइकर से नीरज उपाध्याय को दो विकेट मिले। जवाब में अवध स्ट्राइकर ने 19.3 ओवर में 3 विकेट पर जीत के लिए जरूरी 161 रन बना लिए। अभय उपाध्याय 79 रन, ने पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़कर टीम की जीत की नींव रखी। वहीं विनोद ने नाबाद 15 रन का योगदान किया।

# भारत पर श्रीलंका से 27 साल बाद श्रृंखला गंवाने का दबाव

## स्पिनरों पर हावी होना होगा टीम इंडिया को

**भाषा।** कोलंबो



**पहले दो मैच** में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय क्रिकेट टीम को अगर श्रीलंका से 27 साल बाद श्रृंखला गंवाने से बचना है तो उसको बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।गौतम गंभीर की मुख्य कोच के रूप में यह पहली वनडे श्रृंखला है और वह निश्चित तौर पर हार के साथ शुरुआत नहीं करना चाहेंगे।भारत को श्रीलंका के खिलाफ आखरी बार वनडे श्रृंखला में हार का सामना 1997 में करना पड़ा था। अर्जुन रणतुंगा की अगुवाई वाली टीम ने तब सचिन तेंदुलकर की भारतीय टीम को तीनों मैच में हराया था।भारत और श्रीलंका के बीच तब से 11 वनडे श्रृंखलाएं हो चुकी है और इन सभी में भारतीय टीम विजई रही।भारत वर्तमान श्रृंखला को नहीं जीत पाएगा क्योंकि पहला मैच टाई छूटने के बाद दूसरे मैच में उसे 32 रन से हार का सामना करना पड़ा था। अब उसकी निगाह श्रृंखला बराबर करने पर टिकी हैं।भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक दो मैच में 38 रन ही बना पाए हैं। उन्होंने आसानी से अपना विकेट गंवाया है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। कोहली इस मैच में उसकी भरपाई करने की पूरी कोशिश करेंगे।

## क्विक न्यूज

### मीराबाई चानू की नजर पेरिस में ऐतिहासिक पदक पर

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक मे रजत पदक जीतकर कर्णम मल्लेश्वरी से आगे निकलने वाली मीराबाई चानू पिछले कुछ समय में चोटों से जूझने के बावजूद बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलो मे पोडियम पर पहुंचकर दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली भारोत्तोलक बनने का प्रयास करेंगी।मीराबाई ने पिछले ओलंपिक खेलो के पहले दिन ही पदक जीतकर भारत का खाता खोला था और काफी सुर्खियां बटोरी थी लेकिन इसके बाद वह चोटों से परेशान रही जिसके कारण पेरिस ओलंपिक के लिए अच्छी तरह से तैयारी नही कर पाई।तोक्यो ओलंपिक के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रहा जहां उन्होंने 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) उठाया। उन्होंने तोक्यो में 202 किग्रा (87 किग्रा और 115 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता था।मीराबाई अपने पसंदीदा 49 किग्रा भार वर्ग मे चुनौती पेश करेगी और अगर वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दोहराने में सफल रहती है तो फिर रजत या कांस्य पदक जीत सकती हैं।

### तोक्यो में चूकने के बाद अदिति की नजरें पदक पर, दीक्षा की दावेदारी भी मजबूत

**पेरिस।** तोक्यो ओलंपिक मे बेहद करीब पहुंचकर पदक से चूकने के बाद अदिति अशोक बुधवार से यहां शुरू हो रही पेरिस खेलो की महिला गोल्फ स्पर्धा मे पदक जीतने के लिए प्रतिबद्ध होंगी जबकि दीक्षा डागर भी कार दुर्घटना से उबरकर चुनौती पेश करने के लिए तैयार है।दो बार की ओलंपियन अदिति तोक्यो मे तीन साल पहले पदक जीतने के बेहद करीब पहुंची थी लेकिन अंततः चौथे स्थान पर रही और इस बार इसकी भरपाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।दूसरी ओर दीक्षा कार दुर्घटना मे बाल-बाल बच गई। उनकी मां को हालांकि चोटिल होने के कारण अस्पताल मे भर्ती होना पड़ा। झज्जर की इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि सभी समस्याओं को दरकिनार कर दिया है और ओलंपिक मे सफलता के लिए तैयार है। प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रही 60 मे से 15 खिलाड़ी 2016 मे गोल्फ की ओलंपिक मे वापसी के बाद से सभी खेलो का हिस्सा रही है और अदिति उनमे से एक है। दीक्षा दूसरी बार ओलंपिक मे शिरकत कर रही हैं।

### हार्नर कॉलेज के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** हाल ही में हुई 20वी जिला इंटरस्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप की विजेता हार्नर कॉलेज की टीम को मंगलवार को महानगर मार्ग स्थित स्कूल परिसर में सम्मानित किया गया।इस अवसर पर हार्नर कॉलेज की प्रिंसिपल डा.माला मेहरा ने पदक विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हॉर्नर कॉलेज के ताइक्वांडो इंस्ट्रक्टर रजा हुसैन एवं पीटीआई आशीष चौबे भी मौजूद थे।क्हार्नर कॉलेज के पदक विजेता इस प्रकार हैं-स्वर्ण -जारिया अहसन फातिमा, उर्वशी सिंह, एलिजा अहसन फातिम, रिमझिम, इरम वारसी, यशस्वी पांडेय, खुशी चौधरी,अर्णव आनंद सिंह, ओमांश जयसवाल, प्रिंस अनमोल रजक, अविरल गुप्ता, सुभांष शर्मा, दीपक कश्यप,आशीष रोका, सक्षम गुप्ता, दिव्यांश चौधरी। रजत-अनन्या सिंह, गौरी श्रेष्ठ, उदिता सिंह,श्वेता सिंह,साक्षी वशिष्ठ, साबिन नेपाल, नैतिक चौहान, अनुरोध सिंह। कांस्य- शिवेंद्र शुक्ला।

### विद्यालयी शतरंज में चमके खिलाड़ी

**लखनऊ।** जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी शतरंज प्रतियोगिता 2024' का आयोजन क्वींस एएसइ कॉलेज के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह पूर्व प्रवक्ता हरिचंद इ. कॉलेज ने छात्रों को उत्तम प्रदर्शन के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। यह प्रतियोगिता अंडर - 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग में बालकध्बालिका के लिए आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यालयों से 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। अंडर 14 वर्ष बालक वर्ग में आदित्य सिंह जनता इ कॉलेज प्रथम, रितेश कश्यप ;क्वींस इ कॉलेज द्वितीय, प्रांजल विमला इंटरनेशनल कॉलेज तृतीय स्थान ए ऋषभ विमला इंटरनेशनल कॉलेज ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग में अर्चना क्वींस इ. कॉलेज प्रथम तहसीम ;क्वींस इ कॉलेज द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 वर्ष बालक वर्ग में हरिओम त्रिपाठी डीएवीइ कॉलेज प्रथम, तोयखा,राजकीय इ कॉलेज सिटी स्टेशन ने द्वितीय स्थान, यश कुमार गौतम बाबू त्रिलोकी सिंह इ कॉलेज काकोरीद्ध तृतीय स्थानए किसलय मिश्रा जनता इ कॉलेजद्ध चतुर्थ स्थान प्रात किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया एवं प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

### बहादुरी पर बनाई नयी फिल्म

**मेरठ।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स का प्रमुख टी ब्रांड टाटा टी प्रीमियम ने अपनी हाइपरलोकल रणनीति के तहत उत्तर प्रदेश के लिए एक नयी फिल्म लॉन्च की है। देश की चाय, अपने प्रदेश का स्वाद् टाटा टी प्रीमियम की इस ब्रांड प्रस्तुति को उत्तर प्रदेश के लोगों की खास विशेषताए यहां के लोगों की बहादुरी को सम्मानित करने वाली कहानी में बहुत हीदमदार् तरीके से पेश किया गया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड बेवरेजेस के प्रेसिडेंट पुनीत दास ने कहा कि टाटा टी प्रीमियम ने आधे दशक पहले अपने हाइपर.लोकल दृष्टिकोण की शुरूआत की। राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान कायम रखते हुए हमने अपनी क्षेत्रीय निपुणता का लाभ उठाते हुएए हर राज्य की विशेषताए खास पसंद को समझा है। हमारी नयी टीवीसी में हर क्षेत्र की सांस्कृतिक विशेषता और चाय की पसंद को दर्शाते हुए इन दोनों को उस क्षेत्र के लिए हमारी ब्रांड प्रस्तुति में एकसाथ लाया गया है। इसीलिए यह फ़िल्में हमारे ग्राहकों के दिलों में क्षेत्रीय अभिमान जगाती हैं। उत्तर प्रदेश की फिल्म में एक स्थानीय दबंग की हिरोपंती के साथ जुड़े हुए मानवीय स्पर्श की कहानी है।

### खुद जवाबदेही से बचने के लिए दूसरों को दोषी नही बना सकते: पोनप्पा ने पादुकोण की आलोचना पर कहा

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के बैडमिंटन कांस्य पदक मुकाबले में लक्ष्य सेन की चौकाने वाली हार के बाद खिलाड़ियों के प्रयासो की महान खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण द्वारा आलोचना ने बैडमिंटन बिरादरी को विभाजित कर दिया है। युगल खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने कहा कि उनकी टिप्पणियां खुद की जवाबदेही से बचने के लिए दूसरो पर दोष मढ़ने जैसा है। महिला युगल में अपनी जोड़ीदार तनीषा क्रास्टो के साथ ओलंपिक के ग्रुप चरण से बाहर होने वाली पोनप्पा, पादुकोण की टिप्पणियो से सहमत नही है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, यह देखकर निराशा हुई। अगर कोई खिलाड़ी जीतता है, तो हर कोई श्रेय लेने के लिए तैयार रहता है।

### चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले जवाब ढूंढने का बड़ा मौका: सुंदर

**कोलंबो।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर का मानना है कि श्रीलंका के खिलाफ करो या मरो का तीसरा और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच चुनौतीपूर्ण हालात मे स्पिन के खतरे से निपटने का बड़ा मौका देगा और अगले साल होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। ल्लेबाजो के लचर प्रदर्शन के कारण दूसरा मैच 32 रन से हारने के बाद भारतीय टीम पर श्रीलंका के खिलाफ 27 साल मे पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला गंवाने का खतरा मंडरा रहा है। भारतीय बल्लेबाजो को श्रीलंका के स्पिनरो ने काफी परेशान किया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड,ए-8, सेक्टर-7, जिला-गौतमबुद्ध नगर, नोएडा (उ.प्र.)-201301, दूरभाष-01202470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-69342500।